अधिकतम :38°C
न्यूनतम : 21°C
तापमान

सेंसेक्स 73,137.90
निफ्टी 22,161.60

सोना 91,360
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 8 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 238 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 9 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

सऊदी अरब ने हज से पहले लगाई बड़ी पाबंदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

देश में अगले 11 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। 14 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। रविवार को बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पिछले 26 साल में बाड़मेर में अप्रैल के पहले हफ्ते में यह सबसे ज्यादा तापमान रहा। अगले कुछ दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। रविवार को भोपाल का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इस सीजन में यह सबसे ज्यादा है। प्रदेश के 13 जिलों में तापमान 40 से 42.2 डिग्री के बीच रहा। मौसम विभाग ने 11 दिन तक देश के अधिकतर राज्यों में लू चलने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रहने अनुमान लगाया है। 10 अप्रैल तक राजस्थान, गुजरात के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री से ऊपर जा सकता है। उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से ज्यादा रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहने का अनुमान है। रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

बाड़मेर में 26 साल का रिकॉर्ड टूटा, मप्र में हीटवेव

दिल्ली में तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा

बीते दिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 डिग्री ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में सोमवार को हीटवेव चलने और अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास रह सकता है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय और अंडमान-निकोबार में सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आंध्र और पूर्वोत्तर राज्यों (असम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर) के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत

मुंबई वार्ता

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने मुंबई पुलिस की एफआईआर में कामरा को दी गई अंतरिम सुरक्षा को 17 अप्रैल तक बढ़ा दिया है, जो सोमवार को समाप्त होने वाली थी।

इसके अलावा कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका पर सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और मंगलवार, 8 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई को मंजूरी दी है। बता दें, कामरा ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर संविधान से उन्हें मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म ने शनिवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा का नाम अपनी वेबसाइट की आर्टिस्ट्स लिस्ट से हटा दिया था। साथ ही कामरा से जुड़ा सारा कंटेंट भी वेबसाइट से रिमूव कर दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को कामरा ने अपने शो में गद्दार कहा था।

17 अप्रैल तक बढ़ाई अंतरिम सुरक्षा, एफआईआर रद्द करने पर आज होगी सुनवाई

भारत-नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के बीच समझौता

नई दिल्ली। भारत और नेपाल के न्यायपालिकाओं के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। शीर्ष अदालत की ओर से एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित करने, बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के मुताबिक, नेपाल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश मान सिंह राउत और भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

दुबई के शहजादे आज भारत यात्रा पर आएंगे

नई दिल्ली। दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम मंगलवार से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे।

12 महिला अधिकारी 'समुद्र प्रदक्षिणा' अभियान पर रवाना

नई दिल्ली। सेना, वायुसेना और नौसेना की 12 महिला अधिकारियों का एक दल सोमवार को 55 दिन की मुंबई से सेशेल्स और वापसी यात्रा अभियान समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ। मुंबई स्थित कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान दल आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करेगा। नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री अभियानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

चुनावी चंदे से मालामाल हुई भाजपा कांग्रेस की कमाई में 252%की वृद्धि

'आप' को लगा जोर का झटका, एडीआर रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली, वार्ता

इस साल भाजपा को 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला

एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की

केंद्र और देश के कई राज्यों में सत्तारुढ़ भाजपा की चंदे को लेकर लोकप्रियता बनी हुई है। उसे इस साल 2243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला। फरवरी में दिल्ली चुनाव में शिकस्त का सामना करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को खासा घाटा हुआ है और उसे पिछले साल की तुलना में इस बार 70 फीसदी तक चंदा मिला।

2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को चंदे के मामले में 252 फीसदी की वृद्धि हुई है। चुनाव से संबंधित संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीय जनता पार्टी को वित्त वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 2,243 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला है जो राष्ट्रीय राजनीतक दलों में सबसे अधिक है। एडीआर ने यह रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपे गए आंकड़ों पर तैयार की है। इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों की ओर से 20 हजार रुपये से अधिक के राजनीतिक चंदे की जानकारी दी गई है। एडीआर के अनुसार, राष्ट्रीय दलों को 2,544.28 करोड़ रुपये की राशि कुल घोषित चंदे के रूप में मिले। ये चंदा कुल 12,547 लोगों की ओर से दिया गया। खास बात यह है कि ये आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 199 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय दलों के कुल दान में 1693.84 करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 से 199.17 फीसदी अधिक आंकी गई। राष्ट्रीय दलों की ओर से घोषित किए गए चंदे में भाजपा को अकेले दान का कुल हिस्से का 88 फीसदी हिस्सा मिला। कांग्रेस को 1,994 लोगों ने दान दिया और उसे 281.48 करोड़ रुपये चंदे के रूप में मिले। कांग्रेस इस लिस्ट में भाजपा के बाद दूसरे नंबर पर है, लेकिन चंदे के मामले में भगवा पार्टी से काफी नीचे है। अन्य राष्ट्रीय दलों आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) ने कम राशि की जानकारी दी, जबकि बसपा की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक बार फिर उसे 20,000 रुपये की सीमा से ऊपर कोई दान नहीं मिला। यह पिछले 18 सालों से इसके दाखिल किए गए आंकड़ों के अनुरूप है। इस तरह से बीएसपी को पिछले 18 सालों से 20000 रुपये से ज्यादा के चंदे नहीं मिले। भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में लगातार वृद्धि होती जा रही है। उसे वित्त वर्ष 2022-23 में 719.85 करोड़ रुपये मिले जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,243.94 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से भाजपा को चंदे के रूप में मिलने वाली राशि में 211.72 फीसदी की वृद्धि हुई। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, कांग्रेस को मिलने वाला दान वित्त वर्ष 2022-23 में 79.92 करोड़ रुपये था जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 281.48 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह से कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 252.18 फीसदी की वृद्धि दिख रही है। हालांकि 'आप' को चंदे के मामले में खासा नुकसान हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आप की ओर से घोषित दान में 70.18फीसदी यानी 26.038 करोड़ रुपये की कमी आई है।

वक्फ कानून की 'किस्मत' का फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025' की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर समय रहते विचार करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा न्यायाधीश संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी के शीघ्र सुनवाई के लिए 'तत्काल उल्लेख' किए जाने के बाद समय रहते याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। संसद के दोनों सदनों में संबंधित विधेयक पास होने के बाद पांच अप्रैल को नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक (संसद के दोनों सदनों में पारित हो गया था, लेकिन तब राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली थी) की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं पहले ही दायर की जा चुकी हैं। याचिकाएं दायर करने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी और दिल्ली में

-शेष पृष्ठ दो पर

यूपी में जो हो रहा, वह गलत, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सिविल मामलों को आपराधिक मामलों में बदलने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी आलोचना की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक मामले में आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दीवानी (सिविल) मामलों को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। सिविल मामलों में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे को देखते हुए पीठ ने पूछा कि सिर्फ इसलिए कि सिविल मामलों में लंबा समय लगता है, आप मुकदमा दर्ज कर आपराधिक कानून लागू कर देंगे। पीठ ने अधिकारियों के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो हो रहा है वह गलत है। हर रोज सिविल मुकदमों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह बेतुका है और स्पष्ट किया कि सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता। पीठ ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इसी तरह की याचिकाएं दायर की जाती हैं, तो वह हर्जाना लगाएगी। पीठ ने कहा कि वह जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में आने का निर्देश जारी करेगी और अधिकारी गवाह के कठघरे में खड़े होकर

-शेष पृष्ठ दो पर

उप्र में सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलने पर सुप्रीम कोर्ट ने की खिंचाई

रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये हुआ महंगा

नई दिल्ली। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की।

श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी, लेकिन आम उपभोक्ता पर इस वृद्धि का असर नहीं पड़ेगा।

आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

जोधपुर। नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

मध्य प्रदेश में ओबीसी को बड़ी राहत 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूथ फॉर इक्वलिटी की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि ओबीसी आरक्षण को लेकर कोई बाधा नहीं है। ऐसे में प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। याचिका में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के राज्य के फैसले को चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद सभी 75 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था।

इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत

मुंबई। मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 89 साल की महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली थी। उनका नाम सुशीला देवी था। वे मुंबई से फ्लाइट में सवार हुई थीं। उड़ान के दौरान उनकी तबीयत खराब हुई। मेडिकल इमरजेंसी की वजह से 6 अप्रैल रात करीब 10 बजे विमान को चिकलथाना एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम ने उनकी जांच की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अधिकारी ने बताया कि एमआईडीसी सिडको पुलिस थाने ने जरूरी कार्रवाई पूरी की।

लैंड फॉर जॉब घोटाले में ईडी को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका कहा: दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अपने फैसले में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहती।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल अमित कत्याल को जमानत दे दी थी। कोर्ट ने रेलवे में लैंड फॉर जॉब कथित घोटाले से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और बिजनेसमैन अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी आदमी बड़ा नहीं है। मामले से जुड़े मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं, तो छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई करने से डर लगता है। साथ ही कोर्ट ने यह सवाल भी किया कि आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश कानून के अनुसार अनुचित है और इसे खारिज करना चाहिए। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितम्बर को अमित कत्याल को जमानत दे दी थी और जांच एजेंसी ईडी की नीति को चुनिंदा तरीके से लोगों पर निशाना साधने वाला बताते हुए उसकी निंदा की थी। ईडी ने कत्याल को 10 नवम्बर, 2023 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के अलग-अलग प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था।

बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत

एक गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर

शाह टाइम्स संवादाता

स्योहारा। थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामाबाद में उस समय अफरा तफरी मच गई जब दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई और दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। एक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी राहुल पुत्र सत्येंद्र उम्र करीब 18 वर्ष अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर जैसे ही स्योहारा मुरादाबाद मार्ग पर आया तो सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार मोनू उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र रामचंद्र, अमित उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र कुमरपाल निवासी पुराना धामपुर हुसैनपुर धामपुर दोनों की मोटरसाइकिल आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें तीनों ही गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी जानकारी राहगीरों द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को 108 की मदद से स्थानीय सीएचसी में लाया गया। जहां पर राहुल पुत्र सत्येंद्र गंभीर रूप से घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया। मोनू पुत्र रामचंद्र व अमित पुत्र कुमरपाल निवासी पुराना धामपुर हुसैनपुर को डॉक्टर द्वारा मृतक घोषित कर दिया गया। वही दोनों व्यक्तियों की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि दोनों ही मृतक हार्डवेयर का कार्य करते थे। वही इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि घायल को उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर

स्योहारा। आज सुबह ग्राम चक महदूद सानी निवासी लगभग 38 वर्षीय मोहम्मद नासिर अंसारी पुत्र निजामुद्दीन अंसारी अपनी 36 वर्षीय पत्नी शहनाज के साथ अपनी भांजी के निकाह में मानियावाला गढ़ी थाना अफजलगढ़ बाइक से जा रहा था। जब वह ग्राम उमरपुर पहुंचा तो सामने से तेज गति में आ रही ईओ गाड़ी अनियंत्रित हो गई और नासिर की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भंयकर थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और राहगीरों के भी होश उड़ गये। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए दंपति को राहगीरों की मदद से सीएचसी पहुंचाया। अस्पताल से दोनों की गंभीर अवस्था को देखते हुए हेयर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजन नासिर व उसकी पत्नी को निजी चिकित्सक के यहां धामपुर ले गए लेकिन उसकी हालत को देखते हुए धामपुर से चिकित्सकों ने उसको मुरादाबाद रैफर कर दिया, जहां रास्ते में ही नासिर की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी को हायर सेंटर मुरादाबाद में भर्ती कराया गया है। मृतक अपने पीछे एक लड़का और एक लड़की सहित हरे भरे परिवार को छोड़ गया है जबकि उसकी पत्नी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। नासिर की मौत के बाद गांव में शोक व्याप्त है।

एक नजर

डॉ. सय्यद ततहीर अब्बास नकवी सम्मानित

बिजनौर। मौहल्ला बुखारा निवासी सय्यद शमीम अब्बास नकवी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के पुत्र डॉ. सय्यद ततहीर अब्बास नकवी उर्फ मीसम को उनके शोध पत्रों के लिए मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नॉलोजी द्वारा "RESEARCH EXCELLENCE AWARD" देकर सम्मानित किया गया है। डॉ. सय्यद ततहीर अब्बास नकवी 10 से अधिक शोध पत्र विभिन्न एससीआई जर्नल में प्रकाशित कर चुके है। वह वर्तमान में एसआईटी मेरठ में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। डॉ. सय्यद ततहीर अब्बास नकवी ने अपने इस अवार्ड को अपने माता-पिता को समर्पित करते हुए मेरठ इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नॉलोजी के डॉयरेक्टर एवं मैनेजमेन्ट का आभार व्यक्त किया।

व्यापार सभा की कार्यकारिणी का गठन

शिवाला कला। भारतीय किसान यूनियन कल्याणकारी संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल वंशीलाल ने केशव सिंह को नूरपुर विधानसभा प्रभारी व्यापार सभा, नरेंद्र शर्मा को विधानसभा उपाध्यक्ष व्यापार सभा नूरपुर व संजीव कुमार को संगठन का विधानसभा अध्यक्ष व्यापार सभा नूरपुर को मनोनीत करते हुए अपनी पूर्व ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।

हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी शुरू

धामपुर। मोहल्ला बाड़वान स्थित कुम्हारो वाली गली के श्री राम रुपाए बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 10 अप्रैल से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। संदीप गोस्वामी ने बताया कि 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ किया जाएगा। जिसको 12 अप्रैल में पूर्णता दिलाई जाएगी। 12 अप्रैल को ही प्रात: 6 बजे बालाजी महाराज के श्रृंगार की प्रक्रियाओं को पूरा कराया जाएगा। हवन यज्ञ आरती के बाद दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव से संबंधित कार्यक्रमों में परिजनों सहित सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है।

बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक

नूरपुर। वक्फ बिल के विरोध में बीएसपी कार्यकर्ताओं की बैठक स्योहारा रोड बसपा कार्यालय पर हुई। बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष समर सिंह एड. ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि देश की आम जनता भाजपा सरकार से परेशान हो चुकी है। महंगाई आसमान छू रही है और न्याय अब सिर्फ किताबों तक सीमित रह गया है। वक्फ संशोधन बिल पर टिप्पणी करते हुए वक्ताओं ने इसे मुस्लिम समाज के अधिकारों पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि इस बिल से अल्पसंख्यकों के दिलों को ठेस पहुंची है और यह संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के भी खिलाफ है। बसपा जिला प्रभारी काके सिंह रवि ने कहा कि पूरी बीएसपी समाज इस मुद्दे पर बहन मायावती के साथ मजबूती से खड़ी है। बसपा पार्टी मुसलमानों के ऊपर होने वाले हर एक जुल्म का बदला लेना जानती है। भाजपा सरकार ने देश में हिन्दू मुसलमान के बीच नफरत की खाई पैदा की है। बैठक में इसरार नूरपुरी, मास्टर चरण सिंह, सुमित कुमार, महेश कुमार, चरण सिंह कलां, तरमल सिंह, संतोष कुमार, खुर्शीद अहमद, रो. हताश कुमार, श्रीराम सिंह, वेद प्रकाश सिंह, लोकेन्द्र सिंह और मौहम्मद रफी आदि मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकमत से यह संकल्प लिया कि वे वक्फ विधेयक के खिलाफ पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाएंगे और मुस्लिम समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से खड़े रहेंगे।

मौ. आजिम ने साथियों संग छोड़ी रालोद

चांदपुर। मोहल्ला मुफ्ती सराय निवासी वार्ड सभासद व रालोद के क्षेत्रीय युवा नगर अध्यक्ष मोहम्मद आजिम ने भी वक्फ संशोधन अधिनियम में अपना समर्थन देने वाले रालोद चीफ जयंत चौधरी के द्वारा लिए गए निर्णय से नाराज होकर एक दर्जन से भी अधिक साथियों के संग रालोद को छोड़ दिया है। एक पत्र जारी कर मौहम्मद आजिम ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल चीफ जयंत चौधरी के द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम में सत्ता दल भाजपा को समर्थन किए जाने से मुस्लिम समाज के लोग आहत हैं और खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। मैं भी राष्ट्रीय लोकदल चांदपुर का क्षेत्रीय युवा नगर अध्यक्ष पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देता हूँ। उनके साथ सरताज मलिक, मोहम्मद हरीश, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद समीर कुरैशी, रईस अहमद, इमरान अहमद अंसारी आदि शामिल है।

खलीक चौधरी ने किया जिला अध्यक्ष हैनरीता का स्वागत

शाह टाइम्स संवादाता

स्योहारा। नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह का बिजनौर में कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया।

इस स्वागत समारोह में भाग लेते हुए नगर निवासी कांग्रेस के नगर अध्यक्ष खलीक चौधरी ने उनका जोरदार स्वागत किया। खलीक चौधरी ने कहा कि जिला अध्यक्ष हैनरीता काफी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही थी, जिसके चलते उन्हें जिला अध्यक्ष बनाया गया। इससे पूरे जिले के अंदर कांग्रेस और भी ज्यादा मजबूत होगी और कार्यकर्ताओं का भी सम्मान बढ़ेगा। खलीक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो देश हित में अपना काम करती है। देश की जनता को एक साथ लेकर चलने का काम करती है, सबकी धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए देश को आगे बढ़ने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी के राज में कभी किसी के साथ भी भेदभाव नहीं हुआ है।

एमक्यू कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। एमक्यू इंटर कॉलेज में 32 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी धामपुर के कमान अधिकारी के दिशा निर्देशन में एवं एमक्यू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मंसूर इशरत सिद्दीकी व एनसीसी अधिकारी कैप्टन मौहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एनसीसी शाखा के कैडेट ने विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

इस अवसर पर प्रत्येक देश में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देश इस दिवस पर अपने देश के नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। भारत भी विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक सदस्य देश है और इसका मुख्यालय भारत की राजधानी दिल्ली में स्थित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अवसर पर देश के नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जाता है क्योंकि किसी भी देश समाज के विकास में उसे देश के नागरिकों का स्वास्थ्य बहुत प्रभावित करता है, अगर किसी देश के नागरिक स्वस्थ होंगे तो वहां का विकास भी तेज गति से होगा अन्यथा उसे देश का विकास अवरुद्ध हो जाएगा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंसूर इशरत सिद्दीकी मंसूरी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य में भी निवेश करना चाहिए, जिससे कि हमारा जीवन सुखी रहे।

इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन मौहम्मद यूनुस ने एनसीसी कैडेट्स को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर ध्यान देने और उन समस्याओं का समाधान करने पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर हम स्वस्थ रहते हैं तो हमारा जीवन भी बेहतर होता है।

इस अवसर पर एनसीसी कैडेट इशिका रस्तोगी, निधि, रवि, विशाखा, अलीशा अतीक, मनीष कुमार, नवीन कुमार, विशाल कुमार, सैयद गुल समद, प्रिंस, जीशान मलिक, मौहम्मद मोनिश, मौहम्मद जकी आदि उपस्थित रहे।

भाकियू ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्राइवेट स्कूलों में कोर्स व ड्रेस के नाम पर लूट-खसोट

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट स्कूलों में कोर्स व ड्रेस के नाम पर लूट-खसोट का आरोप लगाते हुए रोक लगाई जाने की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता बीआरसी कार्यालय पर पहुंचे। वहां उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि प्राइवेट स्कूलों में पाठ्यक्रम के नाम पर लूट-खसोट हो रही है। प्रत्येक वर्ष पाठ्यक्रम में परिवर्तन करके एक निश्चित दुकान से किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को विवश किया जा रहा है। कोर्स के अलावा ड्रेस में भी लूट-खसोट की जा रही है। इतना ही नहीं प्राइवेट स्कूलों में छात्र-छात्राओं को ट्यूशन के लिए भी विवश किया जाता है। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय में नियम के विरुद्ध चार्ज देना असंवैधानिक है। इसकी जांच की जाए। प्राइवेट स्कूलों में सरकार द्वारा निर्धारित गरीब छात्र-छात्राओं के कोटे में अमीर बच्चों का एडमिशन किए जाने की भी जांच की जाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कोर्स के नाम पर प्राइवेट स्कूल कमीशन बाजी के चक्कर में पड़े हुए हैं। अभिभावकों को लूटा जा रहा है। हालात यह है कि एक स्कूल में बच्चों के मौजो के लिए 90 रुपए तक वसूले जा रहे है। यहां तक की कोर्स के साथ कॉपी भी स्कूल के नाम की छपी लेने के लिए विवश किया जा रहा है। खुलेआम लूट की जा रही है।

ज्ञापन देने वालों में अरुण चौधरी, जिला सचिव चौधरी जगत सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुजीव कुमार, ब्लॉक महासचिव संजीव कुमार, ब्लॉक सचिव रकुल कुमार, तहसील सचिव शिवनाथ सिंह, समीर कुमार, मठपाल सिंह, आदेश कुमार हामिद आदि मौजूद रहे।

युवा कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद नजीबाबाद पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नजीबाबाद मयंक कुंडू को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में युवा कांग्रेसियों ने मांग करते हुए कहा कि हमारे देश के दो महान व्यक्तित्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं नगर क्षेत्र में लगाई जाए और उनके नाम पर सार्वजनिक स्थल का नामकरण किया जाए। क्योंकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, जबकि भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण के माध्यम से हमारे देश के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया। उनकी प्रतिमाएं हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी और हमारे देश के इतिहास और संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ेगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड., रिहान जमाल अंसारी, रईस कुरैशी, फैज एड., अमजद सिद्दीकी, विश्व मोहन, नदीम फारुकी, वसीम अख्तर, रिहान नवाज एड., शहबाज अख्तर, अकरम खां, शारिब अंसारी, फराज एड., राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

वक्फ कानून...

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, जमीयत उलमा-ए-हिंद, समस्त केरल जमीयतुल उलमा जैसे संगठनों ने भी शीर्ष अदालत में रिट याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह अधि. नियम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संशोधन वक्फ के धार्मिक स्वरूप को भी विकृत करेगा और वक्फ तथा वक्फ बोर्डों के प्रशासन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुंचाएगा। उनकी याचिकाओं में शीर्ष अदालत से अधिनियम को असंवैधानिक और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 और 300-ए का उल्लंघन करने वाला घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई। याचिकाओं में प्रतिवादी केंद्र सरकार और कानून एवं न्याय मंत्रालय को इसके प्रावधानों को लागू करने या लागू करने से रोकने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। नए वक्फ कानून 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' ने 'वक्फ अधिनियम, 1995' की जगह ली है।

यूपी में...

आपराधिक मामला बनाएंगे और जांच अधिकारी को सबक सीखना चाहिए। पीठ ने राज्य के वकील से कहा कि आप आरोपपत्र दाखिल करने का यह तरीका नहीं अपनाते। अदालत ने डीजीपी और गौतमबुद्ध नगर जिले के एक थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर से खास सवाल पूछे। पीठ ने इन अधिकारियों से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि (सिविल) दीवानी विवाद में आपरा. धिक कानून क्यों लागू किया गया।

शीर्ष अदालत ने नोएडा के सेक्टर-39 में संबंधित पुलिस थाने के जांच अधिकारी को गवाह के कठघरे में पेश होने और यह बताने का निर्देश दिया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की क्या जरूरत थी। अदालत आरोपी देबू सिंह और दीपक सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसे वकील चांद कुरैशी के जरिए दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करने के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

शीर्ष अदालत ने दलीलें सुनने के बाद नोएडा की निचली अदालत में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आपरा. धिक कार्यवाही पर रोक लगाने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला जारी रहेगा। नोएडा में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 506 और 120बी के तहत प्राथमिकी की दर्ज की गई है। पुलिस पर चेक बाउंस के मामले में सिविल मुकदमे को आपरा. धिक मामले में बदलने के बाद आरोपपत्र दायर किया। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मुद्दे को आपराधिक मामले में बदलने के लिए पैसे लिए।

वक्फ विधेयक पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने पर राथर की आलोचना की

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की विवादास्पद वक्फ विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देने के लिए तीखी आलोचना की तथा इस कदम को जनादेश के साथ विश्वासघात व राजनीतिक आत्म समर्पण का खतरनाक संकेत बताया।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों सहित सत्ता पक्ष के विधायकों ने मांग की कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए 10 सदस्यों द्वारा पेश स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए। सुश्री मुफ्ती और मीरवाइज दोनों ने इस आधार पर बहस को रोकने के अध्यक्ष के फैसले पर निराशा व्यक्त की कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मुफ्ती ने सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस पर स्पष्ट चुनावी जनादेश होने के बावजूद भाजपा के 'मुस्लिम विरोधी एजेंडे' के आगे झुकने का आरोप लगाया, जबकि मीरवाइज ने श्री राथर के इनकार को 'हास्यास्पद और निंदनीय' करार दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद निराशा. जनक है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ विधेयक पर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार पूरी तरह से भाजपा के मुस्लिम विरोधी एजेंडे के आगे झुक गई है और दोनों पक्षों को खुश करने की कोशिश कर रही है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मुझे मौहम्मद आसिफ पुत्र यूसुफ निवासी उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाता था, अब मैंने अपना जेंण्डर चेंज कर अपना नाम बदलकर **काजल किन्नर** रख लिया है, अब भविष्य में मुझे **काजल किन्नर** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

काजल किन्नर वल्द यूसुफ

निवासी मौहल्ला गौहर अली खां कस्बा व परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर जनपद बिजनौर (उ०प्र०)।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

गो सेवा जिला संयोजक की गला रेतकर हत्या

मृतक के मामा की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। बजरंग दल के गौ सेवा जिला संयोजक मोंटी बजरंगी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के मामा की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस में दी गई तहरीर में मृतक के मामा भोगेंद्र सिंह पुत्र सीताराम निवासी ननूपुरा, थाना हीमपुर दीपा ने बताया कि मोंटी उर्फ सतेन्द्र (30 वर्ष) पुत्र बलराज ग्राम गोविन्दपुर, थाना किरतपुर का निवासी था। जो कि उनका सगा भांजा था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की शादी बलराज से हुई थी। जिससे मोंटी पैदा हुआ था। मोंटी के जन्म के काफी दिनों बाद मेरी बहन की मृत्यु हो गयी थी। मोंटी के पापा बलराज ने दूसरी शादी मधु से की थी। जिसके साथ एक लड़की भी आयी थी और बाद में मानव उर्फ बन्टू पैदा हुआ था। उन्होंने आगे बताया कि मोंटी अपने हिस्से की सम्पत्ति अपने पिता व घर वालों से मांगता था। जिससे सौतेली मां मधु, सौतेला भाई मानव उर्फ बन्टू, पिता बलराज, सौतेली बहन शालू व उसका पति अनुज कुमार पुत्र जसवन्त ग्राम रायपुर बेरीसाल, थाना मण्डावर मोंटी को उसका हिस्सा नहीं देते थे। जिस कारण इनके बीच आये दिन विवाद होता रहता था। इस विवाद के विषय में मोंटी ने उन्हें बताया था कि यह लोग मुझे जान से मारने की फिराक में है। जिसका डर था वहीं हुआ। रात्रि में किसी समय मिलकर मोंटी की गला काटकर दर्दनाक हत्या कर दी। प्रार्थी भोगेंद्र सिंह ने पुलिस से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी मृतक के सौतेले भाई बंटू को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। बाकि आरोपी अभी फरार है।

बताया जाता है कि मृतक बजरंग दल के गौरक्षा सेवा संयोजक के पद पर था और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता था। मृतक की हत्या से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

चोर ने गृहस्वामी को चाकू मारा

नहटौर। चोरी के इरादे से घर में घुसे युवक ने जाग होने पर गृहस्वामी को चाकू मार कर घायल कर दिया और फरार हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के ग्राम फलोदी निवासी राहुल अपनी पत्नी संतोष व बच्चों के साथ घर में सोया हुआ था। बताया जाता है कि रात को करीब एक बजे एक युवक घर में घुस गया। घर में किसी की आहट होने पर जाग हो गई। जब राहुल ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो राहुल के चाकू मार कर फरार हो गया। घर से सोने चांदी के जेवरात व आठ हजार रुपए की नगदी गायब मिली। घायल राहुल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। संतोष देवी की ओर से पुलिस से शिकायती कार्यवाही की मांग की गई है। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

फरार कंठो के घर नोटिस चस्पा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। ग्राम झलरा में ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में फरार शकीला उर्फ कंठो नगमा उर्फ नग्गो के घर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 15 फरवरी को थाना कोतवाली शहर के ग्राम झलरा निवासी वरीस की पुत्री रुखसार ने अश्लील वीडियो की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मृतक रुखसार के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था। सुसाइड नोट में रुखसार ने लिखा था कि उसकी अश्लील वीडियो बनाई गई और उसे लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। सुसाइड नोट में रुकसार ने अपने प्रेमी सामुन, सामुन के भाई हुसैन, शकीला, मुनिजा तथा मुनिजा की पुत्री नगमा उर्फ नग्गो को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। इस मामले में तीन आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जो अभी भी जेल में है। बाकी झलरा निवासी नगमा उर्फ नग्गो शकीला उर्फ कंठो अभी भी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने सोमवार को ग्राम झलरा में पहुंचकर ढोल नगाड़ों से मुनादी कराई तथा दोनों के घर नोटिस चश्पा कर दिया है। पुलिस ने नगमा शकीला उर्फ कंठो को जल्द ही कोट में पेश होने की हिदायत दीं है। पैदा चौकी इंचार्ज गौरव कुमार ने बताया कि दोनों जल्द कोर्ट में पेश नहीं हुई, तो कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान चौकी इंचार्ज गौरव कुमार, हैड कांस्टेबल प्रशांत कुमार, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार भी मौजूद रहे।

सुहेल इकबाल बने सपा के नगर अध्यक्ष

जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने सौंपा नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन द्वारा सुहेल इकबाल पुत्र स्व. इकबाल अहमद निवासी मौहल्ला काजी सराय नगीना को समाजवादी पार्टी बिजनौर की जिला कार्यकारिणी में नगीना नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार समाजवादी पार्टी के नगीना नगर अध्यक्ष सुहेल इकबाल की कार्यशैली से प्रसन्न होकर व नगीना विधायक व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस की संस्तुति पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी के नगीना नगर अध्यक्ष सुहेल इकबाल को नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। आज पार्टी जिला कार्यालय पर हुई मासिक बैठक में इस निर्णय की आधिकारिक घोषणा पार्टी जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन द्वारा नगीना नगर अध्यक्ष सुहेल इकबाल को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर की गई। इस मौके पर पार्टी द्वारा उनसे आशा की गई कि वो ग्राम-ग्राम - शहर-शहर पार्टी का प्रचार प्रसार करने का काम पूरी लगन और मेहनत से करेंगे। नगर अध्यक्ष नगीना सुहेल इकबाल ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 में आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मजबूती से तैयारी कर विधायक नगीना मनोज पारस को भारी मतों से जिताकर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की फिर से सरकार बनाकर अखिलेश यादव को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सपा के अलावा पूरे जनपद बिजनौर से आए सपा नेता मौजूद रहे।

सुहेल इकबाल के नगर अध्यक्ष बनने की खबर जैसे ही उनके समर्थक और शुभ चिंतकों मनोज पारस, धर्मेंद्र पारस, शमशाद रशीदी माहेगीर, जयप्रकाश सिंह चंदेल, भूरे सिंह, मास्टर धर्मवीर सिंह, मौहम्मद हबीब अहमद, मास्टर किशनपाल, मास्टर खूब सिंह, नत्थू सिंह, महावीर पाल सिंह, अशोक कुमार, कैलाश सिंह, छोटन सिंह, डॉक्टर चतर सिंह, कोमल सिंह, अतुल कुमार, पासवान सिंह, रामचंद्र सिंह, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. सुरेश सिंह, राजपाल सिंह, विजयपाल प्रधान, अरविंद कुमार, अवनीश मालवा, तिलक राम सिंह ग्राम प्रधान मंसूरी, चौधरी दीपक कुमार, महावीर पाल, सुक्के सिंह, मौहम्मद इन्तखाब, वसीम अहमद, मौहम्मद असगर, मौहम्मद जुवैस, जगराम सिंह, गोपाल सिंह, अनिल कुमार को मिली, तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को फोन पर लगातार बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही हैं और उनके नगीना लौटने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा।

योग व प्राकृतिक चिकित्सा ही स्वास्थ्य का आधार

एसबी कॉलेज ऑफ नेचरोपैथी एंड वैलनेस सेंटर का उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। एसबी कॉलेज आफ नेचरोपैथी एंड वैलनेस सेंटर के उद्घाटन समारोह एवं सेमिनार के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक महेश ने बताया की वर्तमान समय में भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ही एकमात्र सहारा है। जिस प्रकार से कोविड के समय घरेलू चिकित्सा पद्धतियां कारगर सिद्ध हुई थी, उससे यह पता लगता है कि भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां कठिन से कठिन रोगों में लाभकारी होती है। उन्होंने कहा कि मेरी शुभकामनाएं है कि यह संस्थान योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा व शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में अराणी बना।

श्री महेश ने बताया कि वर्तमान समय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा ही स्वास्थ्य को ठीक कर सकता है। इसके लिए निरंतर सरकारी स्तर एवं संस्थाओं के माध्यम से अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। एसबी कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एवं वेलनेस सेंटर का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है और आने वाले समय में बिजनौर एवं आसपास के जिलों में स्वास्थ्य संवर्धन के लिए यह संस्थान बहुल ही उपयोगी सिद्ध होगा।

इस अवसर पर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ ओपन स्कूलिंग (शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार) के योग प्राकृतिक चिकित्सा विभाग के कार्यक्रम संयोजक एवं सलाहकार डॉ. पी.के. चौहान ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा तथा पंचकर्म एवं जड़ी बूटी के विज्ञान को समझाने के लिए सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा स्तर के अनेक कोर्स देश में संचालित किए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से हजारों की संख्या में विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर रहे है।

इस अवसर पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हॉलिस्टिक हेल्थ (एनआईएच) के चेयरमैन डॉ. विनोद कश्यप ने बताया कि देश भर में स्वास्थ्य स्वावलंबन के लिए हॉलिस्टिक हेल्थ का प्रचार प्रसार ही एकमात्र उपाय है। इसके लिए एनआईएच राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान के रूप में इसको बढ़ा रहा है। संस्था के वरिष्ठ सलाहकार एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. अशरफ खान ने बताया कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सीखने का अवसर मिले एवं आम जनता को बीमार होने पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वास्थ्य मिले। इसके लिए हमारी संस्था ने यह विभाग आरंभ किया है। एस.बी. कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड वैलनेस सेंटर के व्यवस्थापक आचार्य सुनील राजपूत ने बताया कि हम क्षेत्र के आसपास ग्राम स्तर पर नि:शुल्क कैंप के माध्यम से आम जनता को योग प्राकृतिक चिकित्सा के विषय में जागरूक करते हुए स्वास्थ्य लाभ देंगे।

इस अवसर पर बिजनौर के लोकेंद्र चौधरी (अध्यक्ष नगर पंचायत झालू), श्रीमती कविता चौधरी (सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा), श्रीमती रपनापाल (पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा, सदस्य यूपीएसएसएसई), डॉ. नरेंद्र सिंह, संजीव बबली (पूर्व बार अध्यक्ष), वैद्य अजय गर्ग (प्रांत अध्यक्ष आरोग्य भारती), योगाचार्य गीता राजपूत ने भी योग और प्राकृतिक चिकित्सा के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. सुनील राजपूत ने घोषणा करते हुए कहा कि इस उद्घाटन अवसर पर एक महीने के लिए चिकित्सा लेने वाले रोगियों को चिकित्सा शुल्क में 20 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा।

ट्रैक्टर की टक्कर में किशोर की मौत

ग्रामीणों ने थाने के सामने लगाया जाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

कोतवाली देहात। थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी निवासी किशोर की दुर्घटना में मौत हो गई। ग्रामीणों ने थाने के सामने जाम लगा दिया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया।

ग्राम सैदपुरी निवासी नरेश कुमार अपने पुत्र रचित (13 वर्ष) के साथ रविवार देर रात अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम थेपुर के नजदीक आया तब आरोप है कि पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्रिप्लर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे रचित मोटरसाइकिल से गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात ट्रैक्टर ट्रिपलर वाला मौके से फरार हो गया। उसके बाद गुस्साएं ग्रामीणों ने ग्राम थेपुर में राजोपुर सदात से अकबराबाद जाने वाले मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा कर मामला शांत किया। सोमवार सुबह दस बजे दर्जनों ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्राली से थाने पर पहुंचे तथा थाने के सामने नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीण अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया और मामला शांत कराया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। कड़ी सुरक्षा के बीच गंगा बैराज पर रचित का अंतिम संस्कार किया गया।

साप्ताहिक बाजार की नीलामी

कोतवाली देहात। थाना क्षेत्र के गांव अकबराबाद में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी की प्रक्रिया पंचायत घर में संपन्न हुई। जिसमें ग्राम प्रधान दानिश कुरैशी, ग्राम सचिव अजेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी मोहित चौधरी के नेतृत्व में नीलामी की प्रक्रिया आरंभ हुई। नीलामी में शाकिब, मोहम्मद शाहबाज, शाहान, अरविंद विश्नोई, नसीमुद्दीन, इकरार अहमद, शाहिद उर्फ लाला आदि बोली दाताओ ने हिस्सा लिया। अकबराबाद निवासी शाहिद उर्फ लाला पुत्र अमीर हसन ने 12 लाख पांच हजार पांच सौ रुपए वार्षिक में सबसे अधिक बोली लगाने पर बाजार अपने नाम कराया।

वक्फ को ढाल बना कर भूमाफिया ने खेला खेल

वक्फ कमेटी बनवाई, फर्जी रिकॉर्ड दर्ज कराए और भेजे दर्जनों किसानों को नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। इसे वक्फ बोर्ड का दुरुपयोग कहे या फिर वक्फ बोर्ड की लापरवाही। बरहाल वक्फ बोर्ड की आंख में झोंक के एक भू माफिया जहां वक्फ जमीन पर प्लॉटिंग कर रहा हैं। वहीं उसने मस्जिद की वक्फ कमेटी की आड़ लेकर करोड़ों की जायदाद हड़पने का जाल बिछाया है और कागजातों में हेराफेरी करके, उन्हें वक्फ बोर्ड में इंद्राज कराकर अनेक काश्तकारों को नोटिस भिजवाकर उन्हें ठगने, लूटने और उनसे अवैध वसूली करने का बड़ा खेल खेला है। अब बेचारे परेशान किसान जवाबदेही के लिए उस रिकॉर्ड को खंगालने में लगे हैं, जो भू अभिलेखागार में मौजूद नहीं हैं।

वक्फ बोर्ड जहां अपनी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही करने, वक्फ सम्पत्ति को बचाने में असहाय दिखाई दे रहा हैं। जबकि करोड़ों रुपए के बारे न्यारे करने के लिए वक्फ बोर्ड को एक व्यक्ति ने अपनी ढाल बना लिया है।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला अफगानान निवासी एक शातिर व्यक्ति ने करोड़ों रुपए की जमीन जायदाद हड़पने के लिए वक्फ बोर्ड को अपना हथियार बना लिया है। अपने शातिर दिमाग से वक्फ की संपत्तियों को अवैध रूप से कब्जाने और प्लॉटिंग करके करोड़ों रुपए के बारे न्यारे करने का बड़ा खेल खेला है। बताते हैं कि छह साल पहले वर्ष 2019 को इस व्यक्ति ने पहली बार मौहल्ला शंभा बाजार की एक मस्जिद की वक्फ कमेटी बनवाई और इसके लिए उसने अपने पड़ोसी को मस्जिद का पहला मुतवल्ली और अपने बेटे को सेक्रेटरी बनवाया। आरोप है कि इस दौरान उसने कस्बे के कई पुराने खेवट की नकल लेकर कागजों में हेराफेरी करके उन्हें वक्फ बोर्ड में इंद्राज करा लिए। ताकि वो मस्जिद के वक्फ की आड़ लेकर पुराने बड़े किसानों से ठग सके और उनसे लूट-खसौट के साथ अवैध वसूली कर सके। इसके बाद इस

वक्फ की जमीन पर की प्लॉटिंग

व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से अपने पड़ोसी को दरकिनार कर अपने सेक्रेटरी बेटे को मुतवल्ली पद पर कायम करवा दिया। सूत्र बताते हैं कि पहले इस शातिर व्यक्ति की निगाह मंडावर के सबसे बड़े वक्फ को हथियाने की थी। शुरू में उसने बड़े वक्फ के मुतवल्ली बनने का ऐलान किया और साप्ताहिक बाजार की कमाई को खुद उगाने का प्रयास किया। किंतु इसमें उसे सफलता नहीं मिली तो उसने मस्जिद कमेटी की आड़ लेकर दूसरे वक्फ सम्पत्ति को हथियाने का खेल खेला है। कस्बे के अनेक काश्तकारों को डराने, धमकाने, परेशान करने और उनसे ठगी करने, अवैध वसूली करने की मंशा से कस्बे अनेक काश्तकारों को उनकी जमीन वक्फ बोर्ड की बताते हुए नोटिस भिजवाए गए हैं।

नोटिस पाने वाले किसान बताते हैं कि वक्फ बोर्ड की आड़ में दबंगई शुरू कर दी है। वह पहले तो किसानों को धमकाते हैं। फिर उसके बाद मस्जिद के नाम पर उनसे चंदा मांगते हैं। इतना ही नहीं अब उन्होंने कई कदीमी किसानों से अवैध वसूली करने तथा उनको भयभीत कर जबरन उनकी खानदानी जमीन के ऊपर जबरन कब्जा करने की नीयत से झूठे व मनगढ़ंत कागजात के सहारे वक्फ बोर्ड को गुमराह करके किसानों पर मुकदमे कायम कर दिए हैं।

मात्र मंडावर में ही दर्जनों किसानों के पास वक्फ बोर्ड लखनऊ की ओर से नोटिस भिजवाए गए हैं। जिससे कदीमी किसानों में भय छाया हुआ है और उनको अपनी ही जमीनों का रिकॉर्ड खंगालना पड़ रहा और वक्फ बोर्ड को बिना वजह जबावदेही कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। गरीब व कमजोर किसान उक्त भूमि माफिया के आतंक के सामने बेबस और लाचार होकर प्रशासन की ओर देख रहे हैं।

मजेदार बात यह है कि इस व्यक्ति ने वक्फ जमीनों के मामूली जुज खरीद कर पूरे पूरे खसरा नंबरों पर कब्जा कर लिया है और कागजों में हेरा-फेरी करके गैर कानूनी रूप से असली वारिसान का नाम खारिज करवा कर जमीनों में अपने नाम दर्ज करवा लिए है। जिसमें वर्ष 1948 का काजी अहमद हसन का वक्फनामा जिसके मौजूदा खसरा नंबर 1881, 499, 502, 235, 143 आदि पर अवैध कब्जा कर लिया है व काजी वाला रोड पर अन्य वह जमीनें जिन को उक्त व्यक्ति आज तक वक्फ की जमीन बताते थे और स्वयं इन वक्फ की जमीनों पर मुकदमा कायम कराया था। अब उन जमीनों को हासिल करके उन पर प्लॉटिंग की जा रही है और करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं।

एक नजर

करो योग रहो निरोग: राकेश शर्मा

बिजनौर। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गोविंदा मॉर्निंग क्लब द्वारा स्टेडियम में आज प्रात: छह बजे योग का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष सात अप्रैल को लोगों को स्वास्थ्य का महत्व बताने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विदित हो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना सात अप्रैल 1948 को हुई थी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट तेज चलना अथवा दौड़ना एवं 45 मिनट योग एवं प्राणायाम का अभ्यास जरूर करना चाहिए यदि इतना समय ना हो तो भी कम से कम इन दोनों अभ्यास को 20-20 मिनट का समय तो देना ही चाहिए। योग एक ऐसी प्रक्रिया है कि इससे तनाव को दूर कर भय से छुटकारा पाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। इस अवसर पर राकेश शर्मा, गणेश ठाकुर, दिनेश चौहान, अरविंद शर्मा डॉक्टर प्रमोद कुमार, कमल वीर सिंह, चरण सिंह, बीके वर्मा, रतीराम, राजीव चौहान, अशोक यादव, राममूर्ति गौतम आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

ओमपाल त्यागी को पीएचडी की उपाधि

बिजनौर। श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय फीना के बीएड विभाग के प्रवक्ता ओमपाल त्यागी को दां ग्लोकल विश्वविद्यालय सहारनपुर ने शिक्षा शास्त्र विषय में की पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य दा गलो. कल विश्वविद्यालय सहारनपुर कैंपस बीएड विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर दो गुरप्रीत सिंह के दिशा निर्देशन में पूरा किया। इनका विषय वैदिक कालीन शिक्षा दर्शन एवं स्वामी रामदेव के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन रहा। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्व. माता पिता एवं महाविद्यालय के प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री, अशोक शास्त्री एवं प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा को दिया है।

नए टैक्स को कम करने की मांग

नूरपुर। पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की नगर ईकाई की नेतृत्व नगर पालिका पहुंचकर व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी व नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें व्यापारियों ने हाउस टैक्स के नए नियमों में संशोधन के संबंध में कहा है कि नगर एक मध्यम वर्गीय शहर है। जिसमें अधिकांश गरीब, मजदूर व छोटे किसान व व्यापारी लोग रहते हैं। इनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। इसलिए नए दर से लगाए गए हाउस टैक्स को भर पाना मुश्किल है। क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। इनकी क्षमता से अधिक है और यह टैक्स दुकानों व मकानों के किराए से भी अधिक है। व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह से नए टैक्स को कम करने की मांग की है। इस मौके पर पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल प्रभारी तसलीम अहमद इदरिसी, संदीप जोशी, मुकुल गुप्ता, चौधरी अजयवीर एड., सरदार रविन्द्र सिंह, असलम मलिक. डॉ. जावेद इदरिसी, शाहनवाज मलिक, शमीम अहमद, सचिन कुमार, मयंक कुमार, फजैल सैफी आदि मौजूद थे।

पुलिस से जेबकतरों की शिकायत

राजा का ताजपुर। होली व ईदुल फितर मिलन समारोह में जेबकतरों का बोलबाला रहा। जेबकतरों ने बेखौफ होकर नेताओं से लेकर आम जनता के लोगों की जेब को निशाना बनाया है। मौहल्ला रहमान चौक खंदक निवासी आजाद समाज पार्टी के नेता नईम अंसारी की जेब से जेबकतरों ने हजारों रुपए निकाल कर सनसनी फैला दी। जब उन्हें अपनी जेब कटने का एहसास हुआ, तो जेबकतरे जेब काट कर रफू चक्कर हो गए थे। जेबकतरों ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले का फायदा उठाकर जेब कतरों ने हाथ साफ किया है। पुलिस से इन जेबकतरों की शिकायत की है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

बिजनौर। स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान निवासी बाबू कुरैशी (60 वर्ष) बाइक से कहीं जा रहे थे कि बाबू कुरैशी की बाइक को विपरीत दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाबू कुरैशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से उनके परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रभातफेरी का फूलों की वर्षा से स्वागत

अफजलगढ़। बैसाखी के पर्व के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुद्वारा सिंह सभा जामुनवाला द्वारा एक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सिख समुदाय के लोगों ने भाग लिया। नगर कीर्तन ग्राम जामनवाला से आरंभ होकर ग्राम लड्डूवाला, तुरतपुर, मुरलीवाला फॉर्म, ग्राम मुरलीवाला तथा ग्राम भिक्कावाला होता हुआ वापस गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में आगे आगे पंच प्यारे चल रहे थे। उनके पीछे सिख समुदाय के लोग कीर्तन भजन करते हुए चल रहे थे जगह-जगह पंच प्यारो का सिख समुदाय के लोगों ने स्वागत किया तथा उनका फल व जलपान कराया गया। नगर कीर्तन के समापन के बाद सभी लोगों को प्रसाद व लंगर वितरित किया गया। इस मौके पर नगर कीर्तन कमेटी के जगविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, जसविंदर सिंह, निर्मल सिंह, जोगिंदर सिंह, अमरीक सिंह, गुरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह तथा हरदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से हल्का इंचार्ज राजीव कुमार, कांस्टेबल आकाश यादव, कांस्टेबल कृष्ण कुमार सहित कांस्टेबल शुभम चौधरी भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

आशीष कुमार व सागरिका ने जीती विवेक मैराथन

1300 युवाओं, महिलाओं तथा बुजुर्गों ने लिया भाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में आशीष कुमार तथा महिला वर्ग में सागरिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विरेन्द्र सिंह तथा महिला वर्ग में काजल कुमारी रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में मोनू एवं महिला वर्ग में सना रही। इसके अलावा प्रथम 25 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन में प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए महिला व पुरुष दोनों वर्गों को अलग-अलग दिए गए।

मैराथन का शुभारम्भ प्रात: सात बजे नेहरु स्टेडियम से विश्वविद्यालय के चांसलन अमित गोयल, प्रोचांसलर दीपक मित्तल, वाइसचांसलर एन.के. गुप्ता, वित्तीय सलाहकार अनिल शर्मा एवं जिला क्रीडाधिकारी राजकुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया।

विवेक मैराथन नेहरु स्टैडियम से प्रारम्भ होकर शक्ति चौक, थाना कोतवाली बुखारा रोड होते हुए जानी का चौराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवके कॉलेज पर समाप्त हुई। इस मैराथन में पांच चैक पोस्ट बनाए गए थे। जिसमें सभी प्रतिभागियों के चैस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 1300 युवाओं, महिलाओं तथा बुजुर्गों ने प्रतिभाग किया। बिजनौर की महिलाओं व पुरुषों द्वारा इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थय संगठन की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मैराथन के माध्यम से सभी बिजनौर वासियों को अच्छे स्वास्थ का संदेश देना है।

कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, फयुजन, हरियाणवी डांस, चक दे इंडिया, शास्त्रीय नृत्य तथा माइम एक्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा श्रोताओं का भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं नेहा द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन डॉ. दीप्ती डिमरी, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. देवाशीष, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. सर्वेश शीतल, डॉ. रंगानाथन, डॉ. संजय कुमार त्यागी, डॉ. रिजवान अहमद, डॉ. मीना चौधरी, डॉ. पुष्पाजोशी, शैलेन्द्र शर्मा, मनिका मुकुल कुमार आदि सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

मृतकों के परिजनों से मिले सांसद

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। नगीना लोकसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी।

नगीना के दो युवक 31 मार्च को दिल्ली से ईद मनाने घर लौट रहे थे। खतौली में उनकी बाइक का भीषण दुर्घटना में हादसा हो गया। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। ईद के दिन पूरे नगर में शोक छा गया था। एक अन्य घटना में लाल सराय के रहने वाले 40 वर्षीय विशाल कुमार की मौत हो गई थी। वह उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही थे। प्रयागराज कुंभ मेले की ड्यूटी के दौरान वह बीमार पड़ गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक परिवार के सदस्य सूफियान ने सांसद को बताया कि हादसे के समय खतौली के सरकारी अस्पताल की स्थिति बहुत खराब थी। वहां न तो कोई सुनने वाला था और न ही कोई जनप्रतिनिधि मदद के लिए आया। परिवार को अकेले ही अपने बच्चों के शवों को वहां से लाकर अंतिम संस्कार करना पड़ा।

इस मौके पर मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी, आफताब अंसारी, मुफ्ती उवैस अकरम, आफताब मुल्तानी, मुस्लिम भाईचारा कमेटी के प्रदेश सचिव, आरिफ मलिक, सांसद प्रतिनिधि विवेक सैन, फरहान अंसारी उर्फ काका, तनवीर अहमद, सहारनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद चेयरमैन मौअज्जम खां एड. आदि मौजूद रहे।

आर्य समाज मिशन को मजबूत करें : देवेन्द्र पाल

आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ के यशस्वी प्रधान देवेंद्र पाल सिंह आर्य ने अपने बिजनौर आगमन पर आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर के सभी पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इसमें उन्होंने आव्हान किया कि आर्य समाज के नियमों/ सिद्धांतों का पालन करते हुए आपसी मतभेदों को दूर कर आर्य समाज मिशन को मजबूत करने का काम करें।

निकटवर्ती ग्राम अगरी में मनजीत सिंह आर्य के आवास पर आयोजित हुई बैठक में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आर्य समाज की स्थापना को नव वर्ष चैत्र मास की प्रतिपदा को 150 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस स्थापना वर्ष के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में भव्य कार्यक्रमों के मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद बिजनौर में भी एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर स्वामी दयानंद के जीवन चरित्र से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाए। अपने जनपद के पूर्व महान आर्य समाजियों के बारे में भी कार्यक्रम में शामिल लोगों को उनके आर्य समाज के प्रति त्याग एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाए। कार्यक्रम की भव्यता एवं आर्य समाज के प्रचार प्रसार के लिए सभी आर्य समाज इकाइयों को एकजुट कर स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित आर्य समाज का स्थापना दिवस मनाएं। जिससे समाज में वैदिक सनातन धर्म के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सके।

इस अवसर पर नशा मुक्ति एवं समाज की अन्य कुरीतियों से बचने आदि से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाए। प्रधान देवेंद्र पाल सिंह आर्य ने जनपद के चंद लोगों की नाराजगी या उनकी गलतफहमियों को दूर करने के लिए आपसी विचार विमर्श करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में सभी आर्य समाज इकाइयां आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के आधीन संचालित हैं। इन समस्त आर्य समाजों, जिला आर्य प्रतिनिधि सभाओं एवं उनके द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं की स्वामिनी आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश है। इसलिए प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित इकाइयां ही सर्वमान्य होगी। उनके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का गठन अथवा अन्य गतिविधियां अवैध मानी जाएंगी। उनके प्रति आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। उक्त समीक्षा बैठक में श्री आर्य ने सभी आर्यजनों की एकता एवं समर्पण भावना की प्रशंसा करते हुए भविष्य में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

उक्त बैठक में आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश प्रधान देवेंद्र पाल सिंह आर्य का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और जनपद की ओर से उन्हें आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही जनपद में एक विशेष आर्य सम्मेलन करने की योजना से प्रदेश इकाई को अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उप मंत्री विजेंद्र सिंह आर्य, जिला प्रधान रविंद्र पाल सिंह आर्य, कार्यवाहक जिला प्रधान ब्रह्मपाल सिंह आर्य, डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, मनजीत सिंह आर्य, सुरेश आर्य, देवेंद्र सिंह आर्य, चंद्रपाल सिंह आर्य, रामेंद्र सिंह आर्य, आलोक कुमार, नवीन कुमार, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

संविधान और आरक्षण बचाने को लेकर मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे: जाकिर हुसैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आने वाले चुनाव में एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में बूथ एवं संगठन को मजबूत करें।

प्राप्त समाचार के अनुसार आठ अप्रैल से 14 अप्रैल तक समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, अनुसुचित जाति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वाभिमान सम्मान समारोह पीडीए संविधान आरक्षण बचाने कार्यक्रम किए जाएंगे निष्क्रिय पदाधिकारियों को जल्दी पद मुक्त किया जाएगा। पदाधिकारी/कार्यकर्त्ता क्षेत्र के पीड़ित लोगों की समस्यायों को लेकर पार्टी कार्यालय में लिखित रूप में लेकर आए और विधायकगण, पदाधिकारी, सम्बंधित अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराएंगे। किसी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी बनाकर जल्दी जिला कार्यालय पर जमा करेंगे। बैठक प्रवक्ता अखलाक पप्पू के संचालन में हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि विधायक स्वामी ओमवेश, विधायक रामअवतार सैनी रहे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, दीपक सैनी, डॉ. रहमान, अफजाल चौधरी, सत्यपाल सिंह, शहजाद आलम अंसारी, आबिद खां, चौधरी संसार सिंह, नसीम अहमद, पंकज विश्नोई, प्रभा चौधरी, शिवकुमार यादव, राधा सैनी, कासिफ खान, बी.के कश्यप एड., नाजिम खान, नासिर अंसारी, सुहेल इकबाल, कामरान जैदी, डॉ. इरफान मलिक, राजेश गोयल, डॉ. नितिन यादव, जुल्फकर कुरैशी, तरुण लाम्बा, शमीम अब्बास नकवी, मुदित त्यागी, सलमान कुरैशी, अबरार मलिक, केसर अली, मनोज राजपूत, डॉ. योगेंद्र चौधरी, लाल सिंह कश्यप, संजय पाल, बाहर आलम, देवानन्द भुईयार, डॉ. अकबर अली, आकिब राणा, सुनील गुजर आदि मौजूद रहे।

यूपीएस एवं एनपीएस के विरोध में एक मई को दिल्ली जंतर-मंतर पर अटेवा करेगा विशाल प्रदर्शन: चंद्रहास

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के बैनर तले राज्य कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन फिल्ड हॉस्टल में सभी विभागीय संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस एवं यूपीएस के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी एक मई को राष्ट्रीय आह्वान पर दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले विशाल प्रदर्शन में सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी भागीदारी निश्चित तय करें। संगठित होकर यदि संघर्ष करेंगे, तो सरकार को निश्चित पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आगामी एक मई के विशाल प्रदर्शन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, जिला मंत्री क्रांति सिंह, जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, जिला आडिटर ललित कुमार, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री राहुल राठी, वेतन भोगी समिति के डायरेक्टर चंद्रपाल सिंह, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ मंडलीय मंत्री रूपेश कुमार, जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष श्रवन कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, टीएससीटी जिलाध्यक्ष नवाब आलम, राज्य विद्युत परिषद के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार, बेसिक शिक्षक परिवार एसोसिएशन के मंडलाध्यक्ष संजीव कुमार, जिलाध्यक्ष चित्र कुमार, लैब टेक्नीशियन जिला अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, आईटीआई कर्मचारी संघ जिला मंत्री आशीष सक्सेना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष ब्रह्मपाल सिंह, एक्टिवा आईटी सेल जिला प्रभारी आकाशदीप, सतवीर सिंह, ऋषि पाल, हितेश कुमार, दुष्यंत कुमार आदि ने संबोधित किया।

'पिन्दार' पुस्तक का विमोचन

नगीना। प्रसिद्ध शायर एवं समाजसेवी डॉ. दाऊद मुल्तानी द्वारा रचित उर्दू अफसानों पर आधारित पुस्तक 'पिन्दार' का विमोचन रविवार की सुबह लोहारी सराय स्थित जामिअतुल मोमिनात में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध धर्म गुरू कारी अब्दुल अहद ने की तथा संचालन शिक्षक परवेज आदिल ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार प्रकट किए गए और पुस्तक पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उर्दू अफसानों पर आधारित पुस्तक पिंदार की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उसको जनपद बिजनौर के उर्दू साहित्य का संगे मील बताया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर दाऊद द्वारा रचित उर्दू अफसानों की विशेषता यह है कि वह समाज के बीच से उठाई गई घटनाओं तथा प्लाट पर आधारित हैं। उनके अफसाने समाज में फैली बुराईयों पर कड़ा प्रहार हैं और समाज को बुराई से निकाल कर अच्छाई की ओर खींचते हैं। वक्ताओं ने उनके अफसानों को बच्चों की दीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया और उपहार स्वरूप अपने बच्चों के देने की वकालत की। इस अवसर पर डॉ. मौहम्मद दाऊद को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए मोमेंटो तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शमशाद रशीद माहीगीर, मौहम्मद शफी मुल्तानी, सभासद आफताब मुल्तानी, सभासद मौहम्मद असलम, मास्टर अफजाल अहमद, डॉक्टर आसिम, आदिल अतीक, फारूक मुल्तानी, उबैदुर्रहमान उर्फ हुमांयु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

लम्बित समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाए

जिला सैनिक बंधु की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी हर्ष चावला, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता, एल.डी.एम. पंजाब नैशनल बैंक, जिला सेवायोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम पिछली बैठक में उठाई गयी समस्याओं में से लम्बित समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के आदेश पारित किए गए। तत्पश्चात अन्य उपस्थित लगभग 20 पूर्व सैनिकों की भूमि, राजस्व एवं पुलिस सम्बिन्धत शिकायकतों को सुना गया तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करने को कहा, साथ ही जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा उनकी फीडबैक लेकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग की शिकायतें लम्बित रह जाती हैं तथा उनको अगली आयोजित होने वाली जिला सैनिक बन्धु बैठक से दो दिन पहले अवगत कराया जा सके। ताकि उन अधिकारियों को उस बैठक में बुलाकर शीघ्र ही लम्बित समस्याओं का समाधान कराया जा सके। बैठक की समाप्ति पर सभी पूर्व सैनिकों का धन्यावाद किया गया।

एक नजर

रोटरी क्लब गंगा ने वितरित की किट

बिजनौर। रोटरी क्लब गंगा के पदाधिकारियों द्वारा आज आर्य समाज परिसर में संचालित दयानंद बाल विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को कीट्स वितरित की गई। बच्चों ने किड्स प्राप्त कर खुशी मनाई। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष हितेश कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष खगेश कुमार शर्मा, गजे सिंह, नवीन अग्रवाल, तृप्ति शर्मा एवं देवेंद्र चौहान आदि रोटेरियन मौजूद रहे। किड्स वितरण कार्यक्रम के दौरान आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला प्रधान रविंद्र पाल सिंह आर्य, स्कूल प्रबंधक विजेंद्र सिंह आर्य, अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, मनजीत सिंह आर्य, प्रधानाचार्य ब्रजेश्वरी देवी, आलोक भारद्वाज एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में प्रधान डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने रोटरी क्लब गंगा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी क्लब बिजनौर समय-समय पर स्कूली छात्र -छात्राओं को अपेक्षित सहयोग करता रहता है। उनका यह कार्य सराहनीय है।

झारखंडी मंदिर पर भंडारे का आयोजन

हल्दौर। ग्राम शफीपुर नंगली में स्थित प्राचीन झारखंडी स्वयंभू धाम ट्रस्ट की ओर से सोमवार को पंडित कृष्ण कुमार शर्मा व पुजारी भूपेंद्र सिंह द्वारा हवन पूजन किया और विशाल भंडारे के आयोजन में श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार, गजेंद्र सिंह द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर धाम समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष दुष्यंत कुमार, उपाध्यक्ष मानपाल सिंह, सचिन कुमार महामंत्री, विकास कुमार उर्फ नूरी, विकास चौधरी, महिला सुरक्षा प्रभारी सीमा देवी, आकांशा देवी, कोषाध्यक्ष रजत कुमार, मुख्य प्रशासनिक प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, सुरक्षा प्रभारी बबलू सिंह, प्रवक्ता विजयपाल सिंह, कानूनी सलाहकार मोहित चौहान चुने गए।

धूमधाम से निकाली मां काली की शोभायात्रा

नहटौर। चामुंडा धाम मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ समाजसेवी डॉ. शशांक गौतम ने मां काली की शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। मां काली की शोभायात्रा में मां दुर्गा, राधा कृष्ण, शिव पार्वती, मां काली, अमर शहीदों की झांकियों के अलावा अखाड़ा आकर्षण का केंद्र का रहे। शोभायात्रा का कई स्थानों पर फूलों की वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बैंडबाजों की धार्मिक धुनों पर भक्तगण नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा चामुंडा धाम, जोशियान, ईदगाह मोड़, एजेंसी चौराहा व मैन बाजार, हलवाईयान सब्जी मंडी, पंचायती मंदिर, होली चौक, धर्मशाला, हाथी वाला मंदिर से होते हुए मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में मेला समिति के अध्यक्ष लखपत सिंह सैनी, सुभाष सैनी, कपिल शर्मा, आशुतोष शर्मा, राहुल चौधरी, पुष्पेंद्र शर्मा, प्रशांत वर्मा, कपिल सैनी, सुंदर सैनी आदि मौजूद रहे।

सीओ से की चोरी की शिकायत

नगीना। भारतीय किसान यूनियन के कोतवाली ब्लॉक बलजीत सिंह ने दर्जनों किसानों को साथ लेकर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी से मिलकर किसानों के खेतों पर लगे निजी नलकूपों से चोरों द्वारा लगातार चोरी किए जा रहे सामान की शिकायत की। किसानों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दी गई शिकायत में कहा कि नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीपुरा, बिंजहेडी, नियामतपुर आदि में पिछले कई महीनों से किसानों के निजी नलकूपों पर चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि चोर इतने बेखौफ हैं कि मौका पाकर दिन में भी समान चोरी कर ले जाते हैं। जिसकी सूचना पुलिस को तुरंत ही दी जाती है तथा चोरों को पड़कर चोरी रुकवाने की मांग की जाती है परंतु चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से चोरी करने वाले गिरोह को पड़कर कार्यवाही करने की मांग की।

कार्यकत्रियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण

कासमपुर गढ़ी। कासमपुर गढ़ी स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा का एक दिवसीय प्रशिक्षण रॉकेट लर्निंग संस्था के जिला समन्यवक रजत अरोड़ा, शोएब अख्तर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग द्वारा किये गये डिजिटल पहल की जागरूकता एवं बच्चों में होने वाले कौशल विकास के पांच आयामों को गतिविधि के माध्यम से बताया गया। जिसमें शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, रचनात्मक विकास, भाषा का विकास एवं सामाजिक/ भावनात्मक विकास आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान शोएब अख्तर ने बताया की बच्चों के 80 से 90% तक मस्तिष्क का विकास तीस से छह वर्ष की आयु में हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र को शिक्षा का केंद्र एवं बच्चों को स्कूल के लिए रेडी करने हेतु बनाना है। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कौशल विकास हेतु शिक्षा पर आधारित प्रशिक्षण, तकनीकी जागरूकता लाना है। इस अवसर पर शिखा चौहान, आदेश, मंजू देवी, शमा परवीन, आलिया, अनीता देवी, सीता, सुनीता आदि ने प्रशिक्षण लिया।

पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

पत्रांक : 85/विविमधा/ओ-2/निविदा/2025-26 दिनांक- 07.04.2025

अल्पकालीन ई-निविदा

स०-01/2025-2026:- विद्युत वितरण खण्ड-अफजलगढ़ के क्षेत्रांतर्गत पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत प्राक्कलनों/पैकेजों के सापेक्ष झटपट/निवेश मित्र आदि पोर्टल के माध्यम से प्राप्त नये संयोजनों निर्धारित समयावधि के भीतर ऊर्जीकृत करने एवं नई विद्युत लाइन निर्माण, पोल/लाइन शिफ्टिंग/ क्षमतावृद्धि इत्यादि कार्य (रंनिग कॉन्ट्रेक्ट के आधार पर) (धरोहर राशि 10,000.00 रु.)। उक्त ई निविदा दिनांक 24.04.2025 को समय 14:00 बजे तक पोर्टल पर भरी जायेंगी तथा दिनांक 25.04.2025 को 14:00 बजे भाग-1 खोला जाएगा। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण, विस्तारीकरण / शुद्धि / पुन:निर्गतिकरण व अन्य नियम व शर्ते तथा अन्य विवरण ई-निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in/निगम की वेबसाइट www.pvvnl.org पर उपलब्ध रहेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल धामपुर।

शातिर वसीम उर्फ चींची गिरफ्तार

पशु चोरी के मुकदमे में चल रहा था फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

नांगल सोती। नांगल पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को परवान चढ़ाते हुए एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जिस पर जनपद के विभिन्न थानों में 61से अधिक मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज है।

सोमवार को नांगल पुलिस संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगों की चैकिंग कर रही थी, तभी पुलिस को एक शातिर और एक पशु चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे बदमाश के बारे में क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की जानकारी मिली, जिसके बाद नांगल पुलिस के दरोगा उपेंद्र कुमार, दरोगा परवेज कुमार, प्रवीण कुमार, संजय सैनी, अंकित सैनी, अजय कुमार, रोहित कुमार, सोनू कुमार आदि की टीम ने वांछित अभियुक्त वसीम उर्फ चीची पुत्र अब्दुल शमी निवासी नगीना को एक अवैध 315 बोर तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि 24 नवंबर को नांगल थाना क्षेत्र ग्राम बाकरपुर निवासी विजय सिंह की पशुशाला से पशु चोरी हो गए थे। जिसमें वसीम उर्फ चींची, सुभाष उर्फ भूरा, सादक और नईम उर्फ भोला के नाम प्रकाश में आए थे। जिसके बाद 26 नवंबर की रात में पुलिस मुठभेड़ के बाद सुभान उर्फ भूरा निवासी किरतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, वहीं शेष तीन अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए थे। बीती दो फरवरी को नईम उर्फ भोला पुत्र शमीम निवासी दिनौड़ा, थाना नांगल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि सादक और वसीम फरार चल रहे थे। जिसमें सोमवार को वसीम उर्फ चींची निवासी नगीना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार किया गया वसीम उर्फ चींची काफी शातिर अपराधी है। जिस पर विभिन्न थानों में 61 से अधिक मुकदमे संगीन धाराओं में दर्ज है।

पुनर्वास को लेकर बैठक रद्द

कालागढ़। कालागढ़ में पुनर्वास को लेकर नैनीताल के हाईकोर्ट के आदेश पर कालागढ़ में होने वाली दो राज्यों में उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव मनोज कुमार व उत्तराखंड वन विभाग वन संरक्षक के ना पहुंचने पर बैठक रद्द हो। कई दिनों से दोनों राज्यों के बैठक के लिए कई दिनों आलाधिकारी दोनों राज्यों की बैठक के लिए तैयारियों में जुटे हुए थे। सेन्ट मेरीस इण्टरमीडिएट कॉलेज के हेलीपैड मैदान में सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। देर शाम तक पुलिस प्रशासन व राजनेता तथा स्थानीय जनता प्रमुख सचिव की एक झलक पाने के लिए भीड़ एकत्र रही, लेकिन देर शाम तक नहीं पहुंचने पर जनता व प्रशासन को निराशा ही हाथ लगी। सचिवों की बैठक रद्द होने के सम्बंध में पत्रकारों ने बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर से वर्तालाप करनी चाही लेकिन अफजलगढ़ थानाध्यक्ष सुमित राठी व उत्तराखंड कालागढ़ थानाध्यक्ष संजीव ममगांई ने पत्रकारों व मीडिया कर्मियों को भीड़ बताते हुए अभद्र व्यवहार किया। जिसको लेकर स्थानीय व बाहर से आये पत्रकारों तथा मीडिया कर्मियों में रोष व्याप्त है।

नार्थ इंडिया में एमबीए तृतीय सेमेस्टर में मुस्कान गुप्ता ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज के एम.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के एम.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर में मुस्कान गुप्ता ने **74.58** प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, रितिका विश्नोई ने **74.17** प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं रौशनी विश्नोई ने **73.08** प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कालेजस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्य डा. शिवानी चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उज्जवल टॉक, प्रवक्ता डा. रवि. राज सिंह, मुकय्यन मोईन अंसारी और मिस लायबा बुरहान ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये बताया कि हमारे विभाग का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हम सभी के लिए गर्व का विषय हैं।

डा. उज्जवल टॉक ने बताया कि प्रबंधन शिक्षा वर्तमान समय में असीम संभावनाओं का क्षेत्र बनकर उभर रही है। पिछले कुछ समय से प्रबंधन पेशेवरों की मांग मे तेजी से इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था के विकास में प्रबंधन पेशेवरों की भूमिका किसी से छुपी हुयी नहीं है। अत: रोजगार की दृष्टि से प्रबंधन शिक्षा एक अति उत्तम क्षेत्र है।

सामूहिक सुंदरकांड पाठ व भजन उच्चारण कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। आरएसएम कॉलेज तिराहा स्थित न्यू धामपुर सिटी कॉलोनी में आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा और भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने भगवान राम बजरंगबली हनुमान और विभिन्न देवी देवताओं के चरणों में भजनों और जयकारों के माध्यम से श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

कार्यक्रम में सम्मान समारोह के अंतर्गत संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल, गौरव कृष्ण भारद्वाज और कॉलोनी निवासी संजय शर्मा को

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान को किया सम्मानित

उनके द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऐश्वर्या पंडित द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन ने धूम मचा दी। मुख्य अतिथि बीजेपी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी को भी सामूहिक जय जयकार के बीच विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

शिक्षकों ने घर-घर जाकर किया सम्पर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। आरएसएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने नवीन सत्र **2025-26** का शुभारंभ विभिन्न गांव का भ्रमण कर स्कूल चलो अभियान के साथ शुरुआत की।

कॉलेज के शिक्षकों के द्वारा गांव सुहागपुर, मोहम्मदपुर सदा, उमरपुर बांगर तथा सलारपुर आदि में बच्चों तथा उनके अभिभावकों से घर-घर जाकर संपर्क किया। उप प्रधानाचार्य अनिल देवरा ने बताया कि नया सत्र प्रारंभ हो गया है, इसलिए आप कक्षा **6**, कक्षा **7**, कक्षा **8** तथा कक्षा **9** में नए प्रवेश अपने बच्चों को हमारे विद्यालय में दिलाए, कक्षा **10** का रिजल्ट आने के बाद कक्षा **11** के प्रवेश किए जाएंगे।

अनिल देवरा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा **6** से कक्षा **8** तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक तथा मिड डे मील की सुविधा उपलब्ध है तथा कक्षा **9** एवं **10** के छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित एनसीईआरटी की पुस्तकों के द्वारा पढ़ाया जाता है और कक्षा **9** तथा **10** के बच्चों को एनसीसी (जूनियर डिवीजन) की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा नौ एवं दस के छात्र एवं छात्राओं द्वारा एनसीसी में भी प्रवेश दिलाया जाता है।

कक्षा **11** तथा कक्षा **12** के छात्रों एवं छात्राओं को भी भी एनसीसी (सीनियर डिवीजन) में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा **9** से कक्षा **12** तक के छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित छात्रवृत्ति भी दी जाती है। भ्रमण करने वाले शिक्षकों में विनोद कुमार जिला मंत्री, देवराज सिंह, चेतन कुमार, रणजीत सिंह, मेजर सूरज भान सिंह, सुनील कुमार, नवीन सैनी, वीरेंद्र सिंह, अतुल कुमार, विकास अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

नांगल सोती। गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर द्वारा आज सत्र **2024-25** का परीक्षाफल वितरित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल में जादूगर द्वारा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। क्रमश: कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, कक्षा आठ में उमर, कुमकुम और निकिल, कक्षा सात में कनिष्का, आरजू और गुंजन, कक्षा छह में आराध्या, रितिका और हुमैरा, कक्षा पांच में आकांशा, मयंक और इशिका, कक्षा चार में चिराग, राघव और अंसुमन, कक्षा तीन में अर्थव, कुशाग्र और तनुशी, कक्षा दो में हुमैरा, सुप्रिया और गोल्डी, कक्षा एक में जियान, लक्षी, आरुष और अब्दुल आहद और आकांक्षा बनी स्कूल टॉपर।

स्कूल एमडी डालचंद पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत व अन्य स्टॉफ ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए अग्रिम भविष्य में उज्जवलता कि कामना की।

ग्राम सचिवालय पर ताला लटकने से परेशानी

जन सेवा केंद्रों पर कार्य कराने को मजबूर ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम भागूवाला में लाखों की लागत से बनाए गए सचिवालय में ताला लगे रहने से ग्रामीणों को अभिलेख संबंधित कार्य कराना मुश्किल हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। वहीं ग्राम सचिव ग्राम भागूवाला विपिन सैनी ग्रामीण और पत्रकारों का फोन उठाना भी गवारा नहीं समझ रहे हैं।

विकास खंड नजीबाबाद के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भागूवाला ग्राम सचिवालय में अक्सर ताला लगा रहता है। जिससे ग्रामीण नकल, खसरा, खतौनी, आयुष्मान कार्ड आदि अभिलेख ऑनलाइन कार्य नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण जब सचिवालय जाते हैं, तो वहां ताला देखकर निराश होकर लौट जाते हैं। ग्रामीण प्राइवेट जन सेवा केंद्रों पर कार्य करने को मजबूर हैं। इसी क्रम में एक पत्रकार को अपने परिवार रजिस्टर की नकल लेने की जरूरत पड़ी, तो पत्रकार बीते गुरुवार को परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए ग्राम सचिवालय भागूवाला गया तो वहां पर उसको ताला लटका हुआ मिला। उसके बाद उन्होंने ग्राम सचिव विपिन सैनी को फोन मिलाया। ग्राम सचिव ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं अभी सहायक को फोन कर आपके परिवार रजिस्टर की नकल दिला देता हूं। लेकिन पत्रकार आज सोमवार तक सचिवालय के चक्कर काट रहा है। परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिल पाई है। इस संबंध में जब ग्राम सचिव से बात करनी चाही तो बार-बार फोन मिलाने के बाद भी ग्राम सचिव ने पत्रकार का फोन उठाना गवारा नहीं समझा। जब पत्रकार के साथ ही ग्राम सचिव का यह रवैया है, तो देखने वाली बात यह है कि आम ग्रामीणों के साथ ग्राम सचिव क्या रवैया करते होंगे। इस संबंध में एडीओ पंचायत नजीबाबाद एवं जिला पंचायत अधिकारी बिजनौर को अवगत करा दिया गया है। दोनों अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करने की बात कही है। अब देखना यह है कि इस संबंध का संज्ञान लेकर उच्च अधिकारी ग्राम सचिवालय के कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही करते हैं और ग्राम सचिवालय पर लटके ताले से ग्रामीणों को कब राहत मिलती है।

कौशल्या मैया को दे दो बधाई अवध में जन्मे है रघुराई...

राम नवमी पर्व श्रद्धाभाव व उत्साह से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा मे महिला कमेटी द्वारा रामनवमी का पर्व श्रद्धा भाव से तथा उत्साह पूर्वक मनाया गया।

नरेश वर्मा उमा वर्मा तथा सुमन वर्मा द्वारा आदि शक्ति सिद्धिदात्री देवी की तथा मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना की गई। भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने रामनवमी के पर्व पर राम जन्म के तथा बधाईयो के मनमोहक भजनों का गायन करके तथा श्री राम के जयकारों से समस्त मंदिर परिसर को राम मय बना दिया। कमलेश वर्मा द्वारा जन्म लियो मेरे रघुराई अवधपुरी में बहार आई। नमिता वर्मा द्वारा गाओ गाओ रे मंगलाचार जन्मे रामलला, उमा वर्मा द्वारा कौशल्या मैया को दे दो बधाई अवध में जन्मे है रघुराई। दीपा वर्मा द्वारा ठुमक ठुमक चले आना राम जी मेरे अंगना में। सुमन वर्मा द्वारा सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं तथा अन्य महिलाओं ने मनमोहक भजनों का गायन किया।

इस मौके पर स्वाति वर्मा, प्रिया वर्मा, सोनी वर्मा, कमलेश वर्मा, शशि वर्मा, नीलू वर्मा, उमा वर्मा, शालिनी वर्मा, सुमन वर्मा, तनु वर्मा, ममता वर्मा, किरण वर्मा, दीपा वर्मा, नमिता वर्मा, मीनू आर्य, निशा गोयल, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही।

अंत में राम जी की स्तुति करके आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया।

भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। मोहल्ला लाल सराय स्थित पूर्व विधायक सतीश गौतम के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का **46**वां स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भगवा ध्वज फहराकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई और नारे लगाए, जिससे सारा माहौल भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, युवा भाजपा नेता रोहित रवि, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र

एक-दूसरे को मिठाई खिलाई

राठी, मंडल मंत्री एडवोकेट अमीचंद रवि, शक्ति केंद्र संयोजक रमन कुमार, बूथ अध्यक्ष संदीप कुमार, बूथ अध्यक्ष महेंद्र कुमार, विकास कुमार, अमूल नंदा, महिपाल सिंह, अमित कुमार, बाबूराम, सीताराम सिंह, प्रेम कुमार, अमन कुमार, रविंद्र कुमार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

'मोलिक्युलर बायोलॉजी एसेंशियलस' पुस्तक का विमोचन

आणविक जीव विज्ञान के जटिल विषयों को समझने में ठोस आधार साबित होगी पुस्तक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। कृष्णा कालेज में आज एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पुस्तक का विमोचन किया गया। आणविक जीव विज्ञान पर आधाारित 'मोलिक्युलर बायोलॉजी एसेंशियलस' पुस्तक का लेखन कालेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रिदिन सक्सेना के साथ आइएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद से डा. कृति श्रीनेत और यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसन एण्ड हेल्थ साइंस, साउथ अमेरिका मे कार्यरत डा. सुनील कुमार राय ने संयुक्त रूप से किया।

पुस्तक का विमोचन कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. परवेज अहमद खान ने संयुक्त रूप से किया। विमोचन के दौरान प्रश्नों के उत्तर में डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि इस पुस्तक को लिखने का उद्देश आणविक जीव विज्ञान का जीवों की उत्पत्ति और विकास को समझने के साथ साथ स्वास्थ, बीमारी और चिकित्सा के नए पहलुओं को छात्रों एवं शोधकर्ताओं को अवगत कराना है।

पुस्तक विमोचन के आयोजन में बधाई देते हुए चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि यह पुस्तक आणविक जीव विज्ञान के जटिल विषयों को समझने में ठोस आधार साबित होगी। कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तके शोधकर्ताओं के लिए अपने शोध कार्यों और अनुभवों को समाहित करने का साधन हैं। लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने कहा कि इस प्रकार की पुस्तकों को लिखने के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिससे पुस्तकों में नवीनतम और आधुनिक ज्ञान का विस्तार हो सके।

डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय पुस्तक को न्यूयार्क, अमेरिका की गेह पब्लिशर ने प्रका. शित किया है। जो कि अमेजन, लिपकार्ट और पोथी वेब साइट पर उपलब्ध है। समारोह के दौरान माइक्रबायोलॉजी विभागध्यक्ष डा. ज्योत्सना सिंह के साथ, डा. विपिन शर्मा, डा. गोपाल स्वरूप, श्रीमती रजविन्दर कौर, फराह शेख, अनुज कुमार, रोहित राजपूत आदि शिक्षक मौजूद रहे और लेखक डा. रिदिन सक्सेना को बधाई दी।

क्षत्रिय समाज ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। क्षत्रिय समाज के लोगों ने वीर योद्धा राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंपा।

क्षत्रिय समाज नहटौर व श्री राधा कृष्ण प्रचार समिति के तत्वाधान में क्षत्रिय समाज के लोग नहटौर कोतवाली में पहुंचे। राणा सांगा के बारे में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कहा कि क्षत्रिय समाज ही नहीं सनातन जनमानस में आक्रोश है। राणा सांगा ने विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अधिकतर राजाओं को संगठित करके युद्ध किया और विजय प्राप्त की। भारत के ऐसे महान योद्धा के बारे में ऐसी अभद्र टिप्पणी करना किसी भी जागरूक समाज को बर्दाश्त नहीं होगा। क्षत्रिय समाज श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का भी समर्थन करते हैं एवं शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि रामजीलाल सुमन की संसद सदस्यता तत्काल प्रभाव रद्द की जाए और उनके खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत गिरफ्तार किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में विनोद चौहान, रूपेश चौहान, कोमल सिंह, हिमांशु चौहान, विश्वजीत, मास्टर यशवंत सिंह, जयप्रकाश, आकाश कुमार, रणवीर सिंह खंडवाल, हेमेंद्र, अनुराग चौहान, नवीन चौहान आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने किया गिरोह का भंडफोड़ चार सदस्य गिरफ्तार

कूटरचित तरीके से आधार किए जा रहे थे अपडेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कूटरचित तरीके से पैन कार्ड, पासपोर्ट व जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार अपडेट किये जा रहे थे। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ कर चार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह के लोगों ने लैपटॉप, फिंगर प्रिंट और अन्य इलैक्ट्रोनिक उपकरणों को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने गिरोह का भंडाफोड़ किया।

थाना बहजोई पर चंद्रसेन की प्रार्थना पत्र दिया गया था कि विनोद द्वारा उसके मरणासन्न पुत्र के नाम पर एक ट्रैक्टर धोखाधड़ी करके खरीदा गया था, जिस गैर कानूनी तरीके से बेच दिया गया। साथ ही विनोद ने अपने पिता के कूटरचित दस्तावेजों से धोखाधड़ी का आधार में उम्र कम कराकर पिता के नाम पर पॉलिसी लाभ लिया गया था। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और विनोद से पूछताछ के दौरान उसके पिता के नाम पर दो आधार कार्ड मिले। जिनका नंबर एक ही था मगर दोनों पर जन्मतिथि अलग-अलग थी जब आधार कार्ड की अपडेशन हिस्ट्री चेक की गई तो आधार कार्ड में जन्मतिथि 21 वर्ष कम कराई गई थी पॉलिसी पाने के लिए तीन हजार रुपए देकर बिना किसी दस्तावेज के घर आकर कुछ व्यक्तियों द्वारा यह काम कराया गया था।इसकी गहनता से पुलिस द्वारा जांच करते हुए चार आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र जवाहर सिंह निवासी ग्राम बैनीनंगला थाना उझानी जनपद बंदायू, रौनक पुत्र शामपाल निवासी ग्राम निजामपुर थाना उझानी जनपद बंदायू, कासिम पुत्र नाजिर हुसैन निवासी म.न. 126, गली नं. 9 ग्राम वजीराबाद थाना तीमारपुर नई दिल्ली वर्तमान पता कस्बा नई बस्ती नौगावां सादात थाना नौगावा अमरोहा को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद चौंकाने वाले तथ्य पुलिस के सामने आए। यह लोग आधार कार्ड में परिवर्तन के लिए कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं लेते थे जो संशोधन के लिए प्रपत्र मांगे जाते थे वह खुद ही फर्जी तरीके से तैयार करते थे। दिसंबर 2024 के बाद फर्जी जन्म प्रमाण पत्र अपलोड करने से उम्र में बदलाव नहीं होने के कारण इस गिरोह के सदस्यों ने फर्जी पासपोर्ट बनाकर आधार कार्ड में जन्मतिथि परिवर्तित करना शुरू किया। इनके पास से छह लैपटॉप सहित आधार कार्ड संशोधन में प्रयोग होने वाले अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। इनके पास से अलग-अलग राज्यों के 42 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, छह बने हुए पासपोर्ट व पैन कार्ड फिंगर अपडेट आवेदन प्रपत्र आदि बरामद हुए हैं।गिरोह का भंडाफोड़ करने वालों में बहजोई कोतवाली प्र.नि. विनोद कुमार मिश्रा, उ.नि. कपिल कुमार, उ.नि. आकाश कुमार, हे.का. अजय कुमार, का. मोनू, का. अमरदीप, का. सोनपाल, का. जयेन्द्र प्रताप शाामिल रहे।

तेज़ झुलसाने वाली गर्मी से बीमारियों ने दी दस्तक

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जबकि बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। तेज़ी से हो रहे मौसम के परिवर्तन से बुखार आदि के अलावा डायरिया ओर अन्य रोगों से ग्रसित रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है।

O बीमारियों को रोकने की फिलहाल नहीं कोई व्यवस्था

दो दिनों से भयंकर गर्मी ने अपना अहसास शुरू करा दिया है। भीषण गर्मी बढ़ने के बाद तेज़ी से पैर पसार रही बीमारियों की रोकथाम की भी कोई व्यवस्था फिलहाल नज़र नही आ रही हैं। जबकि सूर्य की किरणें का रौद्र रूप दिनों-दिन तेज़ होता जा रहा है। भयंकर गर्मी में विशेषत: ग्रामीण अंचल में रह रहे लोग अधिकांश विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल के आंकड़े तो नही लेकिन निजि नर्सिंग होम में गर्मी के कारण रोगों से पीड़ित बीमारों की संख्या खासी है, स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोगों के फैलनें के कारणों ओर रोकथाम के लिए कोई कदम अभी भी नही उठाए जा सके हैं। जबकि गर्मी से होने वाले रोगों के रोगियों की तादाद में रोज़ाना ही इज़ाफा हो रहा है। क्षेत्र में बिक रहे नकली पैय पदार्थ और मिलावटी सामान के अलावा सड़े गल तथा बासी व दूषित सब्ज़ियों समेत अन्य खान-पान की चीजों की बिक्री रोकने के प्रयास भी नही किए जा रहे।

आह जन्नतुल बकी: फातेमा ज़हरा का रौज़ा आज भी वीरान है

शाह टाइम्स संवाददाता

सिरसी। जन्नतुल बकी वह काबिले अहतराम ज़मीन है जहां पैगम्बरे अकरम की इकलौती बेटी ,आले नबी में से चार इमाम और बुजुर्ग सहाबा आराम फरमा रहे हैं जहां अकीदतमंदों का हंजूम रहता था,लेकिन आज वहॉ सन्नाटा पसरा हुआ है।

आठ शव्वाल के मौके पर उलेमाओं के विभिन्न इमाम बारगाहों में लोगों को खिताब करते हुए उक्त विचार व्यक्त कर आगे कहा कि मदीने में जन्नतुल बकी नाम का एक कब्रिस्तान है जहां हजरत फातेमा जहरा और चार इमामों के अलावा बुजुर्ग सहाबा फातेमा ज़हरा ओर चार इमामों के अलावा बुजुर्ग सहाबा भी दफन हैं,लेकिन आठ शव्वाल सन 1925 को वहां की हुकूमत ने सभी कब्रों को तोड़ डाला। तो आज तक ऐसी ही हालत में पड़ी हुई है। उलेमाओं ने आगे कहा कि आज आठ शव्वाल यौमे फिक्र है। मुसलमान सोचे कि आखिर पैगम्बरे इस्लाम की बेटी जनाबे फातेमा जहरा के साथ ही और कब्रों को भी तोड़ने वाला कौन है? इस मौके पर कब्र की जगह पर रोज़ा बनाए जाने की दुआ की।

आज दर्ज होंगे सपा सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क के बयान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। शाही जामा मस्जिद के दूसरी बार कराये गए सर्वे के दौरान भड़की हिंसा की जांच कर रही एसआईटी के समक्ष सपा सांसद बयान मंगलवार को दर्ज कराये जायेंगे।

Oएसआईटी ने तामील कराया था सांसद को धारा 41 का नोटिस

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर भ्रांति फैल जाने के कारण हिंसा भड़क गयी थी। पथराव और आगजनी व गोलीबारी में पांच की जान चली गई थी। जबकि दर्जनों पुलिस कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी घायल हो गए थे। हिंसा को लेकर संसद से सड़क तक ठप्प कर दी गई थी जबकि जमकर राजनीति भी गरमायी थी। प्रदेश सरकार ने हिंसा के जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के साथ एसआईटी का भी गठन किया था। जांच कर रही एसआईटी की टीम ने 23 मार्च को शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली एड. को पूछताछ के लिए बुलाया था। चार घंटे से भी अधिक समय से की गई पूछताछ के बाद उन्हे हिरासत में लेकर अदालत में पेश किया था जहां से उन्हे जेल भेज गया। उनकी जमानत भी खारिज कर दी गई है। जांच कर रही एसआईटी ने जफर अली के बयान में सपा सांसद पर ही हिंसा की साजिश रचना कहा था। इसके बाद से एसआईटी ने सपा सांसद को जांच मे सहयोग करने व अपने बयान दर्ज कराने के लिए 8 अर्पेल को उपस्थिति होकर धारा 41 ए का नोटिस की तामील करायी थी। कल आज 8 अप्रैल का सपा सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क अपने बयान दर्ज कराने एसआईटी के समक्ष उपस्थित होंगे इसकी कोई पुख्ता जानकारी तो नहीं मिल सकी है लेकिन माना जा रहा है कि सपा सांसद कल आज एसआईटी के समक्ष अपने बयान दर्ज कराने पहुंचेंगे।



सम्भल-कूट रचित तरीके से आधार कार्ड आदि गिरोह का खुलासा करते एसपी व एसपी।

टैक्स कलेक्टरों के सहयोग से कर समाहकर्ताओं का शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। नगर पंचायत गुन्नौर ने कर समाहकर्ताओं टैक्स कलेक्टरों के सहयोग से वर्ष 2024 - 2025 में कर वसूली में शानदार प्रदर्शन रहने पर उनको प्रमाण पत्र व सहयोग राशि देकर सम्मानित किया। सोमवार को गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति व अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी द्वारा सभी कर समाहकर्ताओं द्धकर सहायक कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व सहयोग राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करने के साथ उनसे ऐंसे ही कर्मठता के साथ आगे भी कार्य करते रहने को प्रेरित करते हुए उनसे आगामी वर्ष में भी ऐसा प्रदर्शन दोहराने को कहा। इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।

Oप्रमाण पत्र व सहयोग राशि देकर किया गया सम्मानित

बबराला- गुन्नौर नगर पंचायत में शानदार प्रदर्शन कर सम्मानित किए गए कर समाहकर्ता।

पुर्नजीवन की आस में अटकी हैं सांसे, अब नहीं बहती निर्मल जलधारा, गड्ढो में भरा है गंदा पानी

रामायाण कालीन महावा नदी का अस्तित्व खतरे में

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में बहने वाली महावा नदी पुनर्जीवन की आस में अंतिम साँस गिन रही है। हर समय कल कल करके बहने वाली नदी अब शांत पड़ी है। जगह जगह गडढों में गंदा बदबूदार पानी और जंगली घास नदी की पहचान को जिन्दा रखे है। नदी किनारे पालेज उगाने वाले किसानों को भी पंपसेट से सिंचाई करनी पड़ती है। दो दशक पहले तक महावा नदी के किनारे तरबूज खरबूज ककड़ी काशीफल लोकी टमाटर की फसलों की सिंचाई किसान नदी के जल से कर पूरे वर्ष परिवार का खर्च चलाया करते थे। इसके जल में स्नान करते थे। जानवर भी अपनी प्यास इसके पानी से बुझाते थे। लेकिन अब यह नदी शांत पड़ी है। इसके दुर्दिन 90 के दशक से शुरू हुए। अंधाधुंध दोहन से घटते भूगर्भीय जल स्तर और नदी किनारे स्थित कारखानों से छोड़े गये विषाक्त कचरे से सदानीरा को मौंत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया। मुरादाबाद जिले के कस्बा हसनपुर के पास से निकली यह नदी 150 किमी का सफर तय कर कछला के पास गंगा में जाकर विलुप्त हो गई। लेकिन अब मात्र नाले की अवस्था में रह गयी है। इसके गडढो में गंदा पानी ही भरा कहीं कहीं रह गया है। इस नदी का

उल्लेख इतिहास में भी मिलता है। इस नदी में रानियों के साथ स्नान करते समय राजा सहस्त्रबाहु को लंकापति रावण ने ललकारा था। इस पर दोनों का मल्लयुद्व भी हुआ था। लेकिन अब जानवरों के लिए भी इसका पानी उपेक्षित है। नदी के किनारे बसे गाँव का जल भी दूषित हो रहा है। सुनील वार्ष्णेय ने कहा कि नदी में सफाई कर पानी छोड़ा जाना चाहिए। जिससे नदी पुनर्जीवित हो सके। इसकी खुदाई से बरसात का पानी भी उसमें जमा हो सकेगा। पहले नदी पर खुदाई का कार्य चला भी था। सुमित वार्ष्णेय ने कहा कि नदी में जल प्रवाह होने से किसानों को सिंचाई की व्यवस्था हो जाएगी। जीव भी जल पी सकेंगे। इसका अस्तित्व भी बना रहेगा।राकेश शर्मा ने कहा कि नदी के जल से दो दशक पूर्व सिंचाई की जाती थी। इसके किनारे कॉलेज की जाती थी। अब ऐसा नहीं है। महावा प्रदूषित होने से जल प्रदूषित हो गया। इसके जल से पहले लोग स्नान करते थे लेकिन अब यह सूख गया। नीरज वार्ष्णेय ने कहा कि नदी के कारण क्षेत्र रमणीक बन जाता है। इससे पशु-पक्षी भी अपनी प्यास बुझाते हैं लेकिन इसका जल गंदा हो गया है। नदी को कलकल दोबारा बहने के लिए जल छोड़ा जाना चाहिए।

मोर्चा कार्यकर्ताओं ने दी दीर्घायु की कामना

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सै. शान अली ने मोर्चा कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा नेता संजय विनायक जोशी पूर्व राष्ट्रीय महासंगठन मंत्री पूर्व उत्तर प्रदेश भाजपा प्रभारी लोक प्रिये नेता को उनके जन्मदिन पर उनके निवास पर जाकर दीर्घायु की कामना की। उनके साथ मौ. सबुर मुर्शिद उस्मानी भी रहे।

सात माह बाद भी लाभार्थियों के खातों में नहीं पहुंची धनराशि

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। केन्द्र व प्रदेश सरकार के सत्ता में आते ही चलायी गयी विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभा लाभार्थियों को पहुंचने के दावों को विभागीय अधिकारी और कर्मचारी पलीता लगा रहे है। एक जनपद एक उत्पाद के तहत प्रशिक्षण पाने वाले लाभार्थियों को सात माह भी धनराशि उनके खातों में नहीं डाली जा रही है। जबकि जानकारी करने पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर टाल मटोल की जा रही है।

Oएक जनपद एक उत्पाद को विभाग लगा रहा पलीता

विगत वर्ष एक जनपद एक उत्पाद के तहत हैडीक्राफ्ट कारीगरों को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण समाप्त होने पर प्रशिक्षार्थियों को टूल किटों का वितरण कर उनके प्रशिक्षण के लिए मिलने वाली चार हज़ार रूपये की धनराशि उनके खातों में भेजने का आशवासन दिया गया था। इनमे से कुछ के खातों में चार हज़ार के बजाए दो हज़ार की धनराशि भेजी गई। जबकि बाकी लाभार्थियों को बाद में धनराशि भेजने का आश्वासन जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारी व कर्मचारियों को दिया गया। हैरत की बात यह है कि सात माह बीत जाने के बाद भी आधी रकम पाने वाले लाभार्थियों को बाकी रकम नहीं भेजी गयी है,जबकि दर्जन भर लाभार्थियों के खातों में कोई रकम नहीं डाली गई है। इतना ही नही रकम पाने के लिए लाभार्थी विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों से सर्म्पक करने जाते हैं, लेकिन आशवासन लेकर अपना सा मुंह लेकर लौट आते हैं। लाभार्थी पंजू सराय निवासी महक महमूद खां सराय निवासी गुलफाम, सराय तरीन निवासी रानी, सरायतरीन निवासी इशरत जहां आदि का आरोप है कि छह माह से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं,लेकिन उन्हे आशवासन देकर भेज दिया जाता है।

कमज़ोर व मजदूर वर्ग के अभिभावक बुरी तरह परेशान, शिक्षा विभाग नहीं लगा पा रहा अंकुश

मनमानी फीस से अभिभावक परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। प्रवेश लेने में निजी स्कूलों की मनमानी फीस,किताबें और ड्रेस से अभिभावक परेशान हैं। उन्हें अपने बच्चों को प्रवेश कराना टेंड़ी खीर साबित हो रहा है। निजि स्कूलों में अभिभावकों का बड़ी संख्या में आर्थिक शोषण हो रहा है।

नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिला रहे हैं। निजि स्कूलों में दाखिला दिलाने पहुंच रहे अभिभावक स्कूल के खर्चे और फीस व कोर्स के नाम पर हो रही लूट को सुनकर कानों पर हाथ रखकर दंग रह जाते हैं, क्योंकि अन्य खर्चों के साथ निजी स्कूल मनमानी फीस वसूली जा रही है। अभिभावक मनमाने शोषण से बुरी तरह परेशान हैं कि कैसे फीस की मनमानी को रोका जाये।इतना ही नहीं स्कूलों में हर साल कोर्स और फीस की बढ़ोत्तरी पर भी कोई अंकुश शिक्षा विभाग का नहीं हैं। हालांकि फीस को स्कूलों को वेबसाइट व बोर्ड पर दर्शाने की अनिवार्यता किया जाये। इतना ही नहीं पांच साल से पहले ड्रेस न बदली जाए। निजी स्कूल बार बार ड्रेस बदलकर अभिभावकों पर खर्चे का बोझ डालते हैं।

अभिभावकों में रोष, शासन से की जाने लगी है मांग

संगठन को मजबूत करने वालों को सौंपी जाएगी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। अपना दल एस की मासिक बैठक में जिला कार्यकारिणी का काम जल्द पूरा करने का निर्णय लिया गया।

Oअपना दल एस की बैठक

उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला स्थित हसन खान के निवास पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष जावेद अशरफ ने कार्यकारिणी का काम जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया जबकि सदस्यता अभियान चलाने का और पार्टी के संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। उन्होने कहा कि ऐंसे पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारी दी जायेगी जो संगठन को बढ़ाने व मजबूत करने में योग्य होंगे। मौके पर महिला मंच जिला अध्यक्ष बबीता भारद्वाज, युवा मंच जिला अध्यक्ष अदीब खान जिला सचिव हबीब अल्वी पूर्व सभासद प्रत्याशी हनीफ, राहुल सैनी, जीतू जाटव, शाखा जाटव, जीशान, विजय सैनी, शाजी, तौकीर, उमर अंसारी,शुहैब सैफी, हाजी जमील, नाजिम, नसीम, असलम अंसारी,नूरआलम, बिलाल,आदि मौजूद रहे।

शहर में यकायक बढ़ी फोर्स की आवाजाही

सम्भल। सोमवार को पुलिस फोर्स की आवाजाही यकायक बढ़ गयी। जबकि संवेदनशील स्थानों और चौराहों पर तैनाती भी बढ़ा दी गई।

नगर गुन्नौर में निकली रामनवमी पर शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। गुन्नौर नगर में राम नवमी के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्र का शुभारंभ लाला हुकुमचंद वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में काली अखाडा, दुर्गा मां, गणेश जी, शंकर जी, राम दरवार, शेषनाग पर श्रीकृष्ण, शंकर जी का तांडव नृत्य, विष्णु भगवान राम व रावण युद्व की झांकियां निकाली गयी। शोभायात्रा ब्लाक परिसर गुन्नौर से निकलकर सदर बाजार ,मौहल्ला सराय होते हुए चामुंडा मंदिर बिजली घर पर आकर समाप्त हुई। नगर के लोगों ने झांकियों व मां काली का स्वागत किया गया। जबकि शोभयात्रा में शामिल झांकियों ने श्रृद्वालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर गोबिंद वार्ष्णेय, सुभाषचन्द्र, अमन वार्ष्णेय, कल्लू वार्ष्णेय, सतीश वार्ष्णेय, उमेशचन्द्र, प्रशांत अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सुमित वार्ष्णेय, केवी आर्य बबलू अरविंद पुनीत आदि मौजूद रहे।

Oशोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

सेवा अधिवर्षता पूर्ण होने पर एएनएम को दी गई समारोहपूर्वक विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। सेवा अधिवर्षता पूर्ण होने पर विदाइ समारोह का आयोजन किया गया। सेवा निवृत एएनएम को स्मृति चिन्ह आदि देकर विदाइ दी गई।

सोमवार को स्थानीय सीएचसी में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में सेवा अधिवर्षता पूर्ण करने वाली एएनएम विरमा देवी को विदाई दी गई। उसके बाद नगर के वेंकट हाल में उनका विदाई समारोह किया गया। उनको सभी ने स्मृति चिह्न, वस्त्र ,बुके भेंटकर विदाई दी। जिसमें उनके साथ की एएनएम व स्टाफ रहा। विदाई समारोह में एएनएम जास्मिन नकवी ने कहा कि उनका व्यवहार सभी स्टाफ के साथ अच्छा रहा। शिक्षक रवि शर्मा व हरेश बाबू ने कहा कि सेवानिवृत्त होने का मतलब सेवा से छुटकारा नहीं है। समाज मे आप अपना योगदान और बेहतर रूप से दे सकते हैं। परिजनों पर पूर्णरूप से ध्यान देने का अवसर मिलता है। इस मौके पर अधीक्षक डा. . राजकिशोर, डा. अजहर अली, केवी आर्य, लक्ष्मीनारायन, अमित यादव, हरेश बाबू, राजेश यादव, रवि शर्मा, भूपेंद्र सिंह, सविता, चिंटू यादव, दीपक आदि मौजूद रहे।

बबराला- सेवा अधिवर्षता पूर्ण करने पर विदाई देते।

अधिवक्ता के निधन पर फैला शोक

बबराला(शाह टाइम्स,संवाददाता)। बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ता मिसबाहउल रहमान का आकस्मिक निधन हो गया। इससे अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके निधन से मर्माहत अधिवक्ताओं ने कहा कि उनके निधन से गुन्नौर बार को अपूर्णीय क्षति हुई है और जिस स्थान को उन्होंने खाली किया है उसकी पूर्ति असंभव है। उनके निधन से परिवार को क्षति हुई है। जिसे सहन करने के लिए ईश्वर संबल प्रदान करे। दिवंगत आत्मा को शांति दे। अधिवक्ताओं ने उनके आवास पर जाकर सांत्वना दी। शोकसभा बार अध्यक्ष कैलाश यादव, मनोज यादव, राजीव,श्रीकृष्ण भारद्वाज, किशनपाल, अनुराग, अवधेश जितेंद्र सिंह, वीरेश, आदिल, भानुप्रकाश, ब्रह्मराज, शैलेन्द्र, प्रदीप, भगतसिंह, नाजिम अली आदि रहे।

पूर्व कांग्रेस नेता नाजिमुल हक सुपुर्दे खाक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। पूर्व कांग्रेस नेता नाजिमुल हक को गमगीन माहौल मे सुपर्देखाक कर दिया गया। मूल रूप स मुरादाबाद के ग्राम पीपलसाना निवासी तौसिफुल हक उर्फ लडडन मियां के पुत्र नाजिमुल हक पूर्व विधायक उस्मानुल हक के चचा थे और वह काफी समय तक कांग्रेस से जुड़े रहे। रामपुर के नवाब जुल्फेकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के घराने से उनके पारिवार के पुराने रिश्ते रहे हैं। लेकिन बाद मे वह सपा मे शामिल हो गये थे और उनके तहेरे भाई रिजवानुल हक ने कई बार सपा से चुनाव जीता। जमीदार घराने मे जन्मे नाजिमुल हक पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे। उपचार के दौरान उन्होंने दिल्ली के एक अस्पताल मे दम तोड़ दिया। उनके इंतेकाल की खबर सुनते ही गम की लहर दौड़ गई और उनके परिवार को सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। सैकड़ों सौगवारों की मौजूदगी मे उन्हे सुपर्देखाक कर दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एव राजनीतिक लोग मौजूद रहे। उधर नाजिमुल हक के पुत्र यासिरूल हक ने बताया कि उनके सौयम की फातिहा मंगलवार की सुबह मे होगी।

स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं आबादी के बीच खड़े टावर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। शहर के करीब आधा दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें घनी आबादी है, लेकिन उसके बावजूद भी ऐसे क्षेत्रों में विभिन्न प्राईवेट कम्पनियों के टावर खड़े हैं। जो कभी भी जान लेवा साबित हो सकते हैं। इसके अलावा इनसे निकलने वाली अदृश्य किरणे भी स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक हैं।

आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर अलग-अलग मोबाइल कम्पनियों के हैं। सम्बंधित विभाग भले ही चाहे भूमि स्वामी की रज़ामंदी और टावर आने की फीस जमा करने का हवाला देकर अपना दामन छुड़ाना चाहें, लेकिन वह इस बात को कतई नज़र अंदाज़ नही कर सकते कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकते हैं। जहां तक शासनादेश की बात है तो कम्पनियां टावर लगाने के सभी मानक पूरे करने के बाद ही टावर लगाने में कामयाब हुई होगी, लेकिन इस सच्चाई को फिर भी नही झुठलाया जा सकता कि भूकम्प आदि आने से जब बड़े-बड़े पहाड़ धराशायी हो जाते हैं, तो ऐसे में इन टावरों का क्या वुजूद। इसके साथ ही इन टावरों से निकलने वाली किरणे भी हानिकारक बताई जाती हैं।

मनमोहक झांकियों संग निकाली गई रामनवमी यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। श्री रामनवमी की शोभायात्रा धूमधाम से मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गयी। डाकखाना रोड से आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीकृष्णानंद पुरी महाराज त्यागी जी महाराज ने किया। साथ में अरविंद अरोरा विभाग संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विनय गुप्ता प्रवीण रस्तोगी गोपाल राजेश सिघल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय सिंघल विवेकशील अग्रवाल दीपक गुप्ता प्रवीण गगन प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे। राज बहादुर सैनी ने श्री गणेश जी की प्रतिमा का पूजन करके पंचमुखी हनुमान जी का पूजन किया। शोभायात्रा में सुदर्शन अखाड़े के राकेश राठौर ने बच्चों का पौरुष एवं उनके विभिन्न प्रकार की करतबो को देखकर जनता मंत्र मुग्ध कर दिया। जबकि खाटू श्याम शेरावाली माता राम दरबार महाकाल की झांकी विशेष आस्था का केंद्र रही। भगवान का कीर्तन करते चल रही कीर्तन मंडली ने लोगों में आस्था की भावना भर दी भगवान परशुराम जो कि श्री कल्कि जी के गुरु रहेंगे वह भी उनकी प्रतिमा के आगे लोगों ने उनके शौर्य की गाथा का वर्णन किया। रामलला के रथ के साथ राम रक्षा स्रोत का पाठ करके हवन करने का काम पूरे नगर में हवन की द्वारा शुद्धिकरण का कार्य किया गया

टीएमयू फार्मेसी को इंटरनेशनल ओरल रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में सेकेंड अवॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज के बी फार्मेसी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र संदेश सराफ ने फार्मास्युटिकल विज्ञान और एआई में नवाचार पर देहरादून में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार सिपकॉन-2025 में ओरल रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने डॉ. आशीष सिंघई के मार्गदर्शन में गठिया वातार-रूमेटॉयड आर्थराइटिस की जटिलताओं के प्रबंधन के लिए नवीन फॉर्मुलेशन्स में प्रयुक्त पॉलिमर विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही बीफार्मेसी और फार्मडी के स्टुडेंट्स ने भी मलेरिया, मधुमेह, अल्जाइमर, टीबी सरीखी बीमारियों के उपचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और फार्मास्युटिकल विज्ञान के नवाचारों के बारे में चर्चा की। फार्मास्युटिकल विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई के भविष्य थीम पर आयोजित सेमिनार में टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के 16 स्टुडेंट्स और 02 प्रोफेसर्स ने सिपकॉन-2025 में शिरकत की। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रांतों के प्रतिभागियों ने 59 ऑफलाइन और 35 ऑनलाइन ओरल रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन के संग-संग 69 ऑफलाइन और 4 ऑनलाइन पोस्टर प्रस्तुत किए गए। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड में तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा और हिमालय वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डॉ. सईद फरोख ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इंटरनेशनल सेमिनार में प्रमुख वक्ताओं के रूप में एसएलक्यू इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया डॉ. एनगियेन पिंग, बिट्स पिलानी के डॉ. हेमंत आर. जाधव, और द यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के डॉ. अकरम अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के अधिकार तहत महिला सम्मेलन कार्यक्रम में टीएमयू फॉर्मेसी कॉलेज की फैकल्टी मिसेज दीक्षा वर्मा और सात छात्राएं भी शामिल रहीं।

अलग-अलग हुए घटनाक्रमों में पुलिस ने कई के खिलाफ किए मुकदमें दर्ज

कांठ (शाह टाइम्स) पुलिस ने अलग-अलग हुए घटनाक्रमों के तहत कई लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं मंजुल कुमार पुत्र ओमप्रकाश मौ० फकीरगंज, काँठ का कहना है कि 29 मार्च को प्रात: 8.30 बजे वह घर से प्लेटिना मोटर साईकिल से अपने कम्पोजिट विद्यालय चौहरा रसूलपुर जा रहा था। काँठ करनपुर मार्ग पर पट्टी मौढ़ा में डा० दिग्विजय के मकान के सामने पहुँचा तो पीछे से आ रही अज्ञात मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति ने टक्कर मार दी जिससे पैर की दोनो हड्डियाँ टूट गयी, उसे उठाकर कॉस्मॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ पर उसका ईलाज चल रहा है। सिरसा निवासी का कहना है कि उसने 4 अप्रैल को हो रहे दो पक्षो के झगड़े मे बीच बचाव करा दिया था इसी बात को लेकर गांव के मुकेश पुत्र चन्द्रपाल सिंह इसके दोनो बेटे ललित कुमार, सोरभ पुत्र गण मुकेश ने गाली गलोच कर मारपीट की जिससे मेरे सिर व दाहिने कान में खुली चोट व शरीर मे जगह जगह गुम चोटे आयी है। मौके पर विपिन पुत्र महेन्द्र सिंह व नेपाल सिंह पुत्र गनपत सिंह निवासी सिरसा के ललकारने पर यह तीनो लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। गोरव कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम चाँद खेडी का कहना था कि 6 अप्रैल को शाम 6:30 बजे वह अपने पिता मनोज कुमार के साथ अपने खेत से पानी चलाकर घर आ रहे था तभी रास्ते में गांव के रिषिपाल पुत्र लल्लू सिंह अमन व शिवा पुत्रगण रिषिपाल गीता पत्नी रिषिपाल तथा जतिन पुत्र भोपाल सिंह तथा एक व्यक्ति अज्ञात ने रोक. कर गाली गलौच की और गाली देने से मना किया तो लाठी डंडो व धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। जमना आजम निवासी सुंदर का कहना है कि मेरा भाई सतीश कुमार एंव मेरी माता श्रीमती माया देवी अपने खेत में गेंहू कांट रहे थे तभी दोनो मैं किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई मेरे भाई ने गुस्से में आकर मेरी माता माया देवी की गर्दन पर दरांती से वार कर दिया जिससे माता की गर्दन काफी गहराई तक कट गई तथा हाथ व पैर में भी दरांती से काफी चोटें आई पुलिस ने सभी मामलों में तहरीर के मुताबिक फिर दर्ज करके जांच शुरू की है।

एक नजर

टिमिट द्वारा सशक्त 'कैपेबल' सामाजिक गतिविधि का आयोजन

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के प्रबंधन संकाय टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल सक्षम द कैपेबल के अंतर्गत एक कार्यक्रम मुरादाबाद स्थित बाल

आश्रम, डबल फाटक में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वहाँ निवास करने वाले बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण संवाद स्थापित करना, उन्हें आत्मविश्वास देना और विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना रहा। इस सामाजिक गतिविधि में बीबीए (अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं उद्यमिता) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने बच्चों के साथ शैक्षणिक खेल, प्रेरणादायक वार्तालाप, गीत-संगीत एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समय बिताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उपयोगी उपहार व सामग्री भी प्रदान की गई। इस पहल ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी और विद्यार्थियों के हृदय को मानवीय संवेदनाओं से भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने सभी विद्यार्थियों, कार्यक्रम संयोजिका तथा बाल आश्रम के प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टिमिट सदैव ऐसे प्रयासों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में करुणा, सेवा भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करती हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति जागरूक होना भी अत्यंत आवश्यक है।

प्राइमरी विद्यालय जटपुरा प्रधानाध्यापिका शालिनी के निर्देशन में वार्षिक परीक्षाफल किया वितरण

कुंदरकी। क्षेत्र के प्राइमरी विद्यालय जटपुरा ब्लॉक कुंदरकी में खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकीनाथ के मार्गदर्शन में और प्रधानाध्यापिका शालिनी के निर्देशन में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया द्य परीक्षा में सफल सभी बच्चों को पेन और पेंसिल देकर पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। 100% उपस्थिति, अनुशासन, विद्यालय व्यवस्था आदि में सहयोग करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया

जिससे विद्यालय के अन्य बच्चे भी प्रेरित हो सकें।परीक्षा फल वितरण में कुलदीप कुमार शर्मा,कमाल हैदर,सुचिता दुबे ,फरहाना अंजुम आदि का सहयोग रहा। अलीशा, सोफिया, निहारिका,अंश,जैनब,मोहित, आयुष, गुंजन,रचित, वंश,नंदिनी,देवांश,अनुज,भूपेन्द्र आदि बहुत उत्साहित थे।

भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला

कुंदरकी। नगर मे भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको के द्वारा पथ संचलन निकाला गया जिसका प्रारंभ रामलीला ग्राउंड से होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाला गया

मार्गो मे लोगो ने स्वयसेवको पर पुष्प वर्षा की जिसमें जिला प्रचारक दीपक कुमार ने हिंदू नव वर्ष के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम मे जिला सह सम्पर्क प्रमुख आकाश शर्मा, जिला गौ सेवा सह संयोजक योगेश कुमार,खंड कार्यवाह रामपाल सिंह, खंड सह कार्यवाह अजय कुमार,खंड शारीरिक प्रमुख योगेश कुमार,खंड सम्पर्क प्रमुख दिवेश एडवोकेट, खंड सह सेवा प्रमुख पंकज कुमार, मडंल कार्यवाह अरविन्द कुमार, खंड प्रचार प्रमुख योगेन्द्र, खंड विधार्थी प्रमुख रोहित कुमार, मडंल अध्यक्ष सजय कश्यप,मडंल अध्यक्ष रतनपुर बबलू सिंह, मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, निवर्तमान मडंल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट, इन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, हरीश शर्मा, प्रेमपाल दिवाकर, बहोरन पाल,शिशुपाल, मनोज कुमार, सतीस दिवाकर, राजीव शर्मा, देव सिंह सैनी, हर्षित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, राधेश्याम दिवाकर, राहुल, जतिन, नरेंद्र सिंह, अंश, राज,अनमोल भारद्वाज नरेंद्र चौधरी, कुनाल, सोहित कुमार, रूद्र पुंडीर, कृष्णा उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की बैठक आयोजित

लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित की जाए, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण परियोजनाओं में लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे अधिकारी। बैठक में राजकीय क्षेत्र पंडितपुर एवं रौढ़ा का सुदृढ़ीकरण संबंधित, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा में प्रशासनिक भवन व बालिका छात्रावास निर्माण संबंधी, राजकीय महाविद्यालय कांठ के निर्माण संबंधी, ग्रामीण स्टेडियम रतनपुर

कलां के निर्माण संबंधी, राजकीय पॉलीटेक्निक ठाकुरद्वारा के निर्माण संबंधी, मूढ़ापाण्डे के आईटीआई निर्माण संबंधी, थाना बिलारी में प्रशासनिक भवन निर्माण संबंधी, अटल आवासीय विद्यालय पिपली के निर्माण प्रगति संबंधी, गन्ना विकास संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र संबंधित आदि निर्माण कार्यो की प्रगति के संबंध में परियोजनावार विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के संबंधित अधिकारियों एवं प्रति. निधियों को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मो० परवेज सहित सिंचाई, नगर निगम, खेल, कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी गण एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

फर्मकर्मचारी की आकस्मिक मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। थाना कटघर क्षेत्र की आर एच इंटरनेशनल एक्सपोर्ट फर्म में एक कर्मचारी की सन्दिग्ध मौत के बाद हड़कंप मचा मच गया। जिसके बाद म्रतक के पीरिजनो ने उसकी बॉडी एक्सपोर्ट फर्म के अंदर रख कर हंगामा शुरू कर दिया है। पीरिजनो का आरोप है कि फर्म में उसे कोई जहरीला पदार्थ पिला कर उसकी हत्या की गई है। सैकड़ो की संख्या में पहुँचे लोग लगातार फर्म मालिक के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है। और उसे गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हुए है। घटना की गम्भीरता को देखते हुए थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद है। दरअसल दीपक नाम का कर्मचारी सुबह 8 बजे ड्यूटी के लिए फर्म पहुँचा था। जिसकी कुछ देर बाद ही हालात बिगड़ गई,,,उपचार के बाद

उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उसे बचाया नही जा सका। जिससे गुस्साए पीरिजनो ने दीपक का शव फेक्ट्री के अंदर रख कर हंगामा शुरू कर दिया, और फर्म मालिक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा की सरकार में ही होता है सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास: भूपेंद्र चौधरी

कांठ (शाह टाइम्स) भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास मायने रखता है उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया उन्होंने इस दौरान सरकार की प्राथमिकताओं को गिनाया और मुस्लिम समाज के लोगों को बक्फ संशोधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून में संशोधन करने का मतलब किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं है बल्कि यह जरूरतमंद लोगों को सही तरीके से मदद पहुंचाने का एक तरीका होता है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जाति या धर्म के आधार पर विकास नहीं करती बल्कि सबको बराबर सम्मान और बराबर सुविधा देने का काम करती हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी के बहकाए में आकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। पहले कानून की

बारीकियों को समझे उसके बाद उस पर विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी समाज के लोगों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इससे पहले उन्होंने दरियापुर गांव में जाकर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंबर सुरेंद्र सिंह मुकेश महेश्वरी अभय बिश्नोई भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल राजेश कुमार चुन्नू राजन बिश्नोई सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांसद बर्क आज एसआईटी के सामने दर्ज कराएंगे बयान

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। संभल हिंसा से पहले भड़काऊ भाषण देने के आरोप में फंसे संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क आज मंगलवार को एसआईटी के सामने अपने बयान दर्ज करायेंगे। एसआईटी ने सांसद को उनके दिल्ली स्थित आवास पर बीएनएसएस 35 के अंतर्गत नोटिस तामील कराया था। एसआईटी की टीम 08 अप्रैल को बयान दर्ज कराने आने की बात कही थी। सांसद के बयान दर्ज कराने के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट रहेगा। एसपी कृष्ण कुमार के अनुसार, सांसद ने खुद आठ अप्रैल का समय बयान दर्ज कराने के लिए तय किया था। वह विवेचना में सहयोग करें। टीम उनके दिल्ली स्थित आवास पर नोट तामील कराने के लिए पहुंची थी। एसपी ने बताया कि २४ नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान जो बवाल हुआ था। उसमें एक एफआईआर मुकदमा अपराध संख्या 335/ 2024 में दर्ज हुई थी जिसमें सांसद व विधायक इकबाल के बेटे सुहेल इकबाल नामजद आरोपी हैं, अन्य अज्ञात आरोपी बनाए गए थे। इस मुकदमे में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एड. की भूमिका प्रकाश में आई तो उनकी गिरफ्तारी की गई थी। जामा मस्जिद सदर के खिलाफ बवाल की साजिश

रचने और गंभीर अपराध में झूठे बयान देने के मामले में सबूत मिले थे। मालूम हो सांसद पर 22 नवंबर को भीड़ को भड़काने का आरोप लगा है। सांसद पर अब बवाल की साजिश रचने का भी आरोप लगा है।

विकास कार्यों की जांच की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

डिलारी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवादा में ग्रामीणों ने एसडीएम ठाकुर द्वारा को लिखित शिकायत देकर विकास कार्यों की जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा बनाए गए घटिया सामग्री से ग्राम पंचायत के कई रास्ते और नालियां 6 माह के अंदर ही टूटने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने विभागीय अधिकारियों से मिलकर लाखों रुपए की धनराशि का बंदर बाटकर ग्राम पंचायत में घटिया सामग्री से रास्ते और नाली का निर्माण करा दिया जिसमें मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई. जबकि सरकार ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है।

सरकार की कल्याणकारी योजनाएं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ चुकी है. जिस पर उप जिला अधिकारी ठाकुर द्वारा प्रीति सिंह ने बताया कि मामले की खंड विकास अधिकारीडिलारी से जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर प्रधान और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

सेवा निवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आज

कांठ(शाह टाइम्स)उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की छजलेट इकाई द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए आज दोपहर दो बजे वी के सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में शिक्षक अलंकरण समारोह और शैक्षिक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी ने दी। संगोष्ठी में राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू पूर्व विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

राजीपुर खादर कंपोजिट स्कूल में परीक्षा फल वितरण के साथ-साथ शारदा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कांठ (शाह टाइम्स) उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर कम्पोजिट में शारदा संगोष्ठी एवं परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसका शुभारंभ पूर्व प्रधानाध्यापक/दलपत सिंह सैनी एवं ग्राम प्रधान महेश कुमार सैनी ने सयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई एवं कार्यक्रम अध्यक्ष व ग्राम प्रधान द्वारा कक्षा एक से आठ तक प्रथम ,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र /छात्राओं को परीक्षाफल एव टॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया । कक्षा 8- मे कु० शीतल कक्षा-7 में वासु कक्षा-6 में मनीष कुमार कक्षा-5 में कु० डोली कक्षा-4 में कु० मानसी कक्षा-3 में कु० सुहानी कक्षा-2 में कु० प्रियांशी कक्षा-1 में कु० मनीषा ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके

उज्जवल भविष्य की कामना की गई। और अप्रैल माह में ग्राम वासियों से अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी विद्यालय में प्रवेश कराने का आवाहन किया गया। बताया कि अब सरकारी स्कूलों के बच्चे नवोदय विद्यालय अटल आवासीय विद्यालय विद्याज्ञान विद्यालय तथा विज्ञान क्विज और खेलों में बढ़-चढ़करअपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं सरकारी विद्यालयों में एन सी ई आर टी का पाठ्यक्रम होता है और समस्त स्टाफ प्रशिक्षित होता है सभी विद्यालयों में निशुल्क भोजन पुस्तक जूता मौजे ड्रेस फल दूध आदि भी मिलता है। शिवानी वशिष्ठ स०अ० द्वारा कविता के माध्यम से कक्षा 8 पास होने वाली छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

इस दौरान शिक्षक पुनीत कुमार, अरुण कुमार, बबीता, व अभिभावकों में अशोक कुमार, कुशपाल, विजय पाल, संजीता, नीरज, सरोज, हीरो आदि मौजूद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक का सहयोग रहा।

नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपनी बेटी का नाम JAINI से बदलकर ZAINI KHAN D/O MUKEEM KHAN रख लिया है। मैं वार्ड 14 मौहल्ला फतेह उल्लागंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का निवासी हूँ। भविष्य में मेरी पुत्री को ZAINI KHAN के नाम जाना व पहचाना जाए।

बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद दानिश को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद दानिश के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

हाजी शफीक अहमद पुत्र श्री नसीर अहमद निवासी मोहल्ला बेगम सराय संभल थाना व तहसील संभल जिला संभल।

बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र नितेश कुमार व पुत्रवधू श्रीमती अंजू को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

बलविंदर पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम वीरपुर फतेहउल्लापुर, थाना भगतपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) फास्ट ट्रैक कोर्ट, मुरादाबाद।

मूलवाद संख्या:-1195 सन् 2023

तारीख पेशी: 24.04.2025

श्रीमति शबाना आदि बनाम इम्तियाज आदि।

बनाम:-1. जुम्मन आयु लगभग 35 साल पुत्र स्व० इश्तियाक हुसैन निवासी बाग गुलाब राय, मुरादाबाद, 2. श्रीमति रूखसाना आयु लगभग 37 वर्ष पत्नी श्री राजा पुत्री श्री इश्तियाक हुसैन निवासी मौहल्ला करूला, निकट मुस्लिमा स्कूल, मुरादाबाद। हरगाह **प्रार्थी/वादनी** ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.04.2025 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सकें या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दें सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करें और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा।

दरख्वास्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 06.04. 2025 को जारी किया गया।

प्रबन्धक

न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, मुरादाबाद।

विवाहिता व मां को मारपीट कर घायल करने के आरोपियों के विरुद्ध पांच दिन बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं

ठाकुरद्वारा। दस लाख रुपये दहेज की माँग का विरोध करने पर पति व ससुरालयों द्वारा विवाहिता व उसकी मां पर हमला कर घायल करने के मामले में पीडिता द्वारा तहरीर देने के बाद भी घटना के 5 दिन बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नही की। घायल मां बेटी के परिजनों रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने कोतवाली में पहुंच कर हंगामा करते हैं पुलिस पर आरोपियों से हम साज होने का आरोप लगाकर कोतवाली के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुनीपुर निवासी अर्चना ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि उसकी शादी 6 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र के गांव राजीपुर कला निवासी आकाश कुमार के साथ हुयी थी। शादी के समय पिता ने अपनी सामर्थ से अधिक दान देहेज दिया था । पति ने शादी के दो–चार दिन बाद ही अमानवीय घिनोनी हरकतें करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर मार पीट कर दस लाख रुपये पिता से लाने का दवाव मनाने लगा। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर पति ने जबरन उसके साथ अप्रकातिक व मुख मैथुन कर प्रताडित कर बुरी तरह मार पीट उत्पीड़न करने का आरोप लगाया पति में ससुराल वालों की यातनाओ से तंग आकर मायके चली आयी। परिजनो ने लोक लिहाजा की वजह से समझा बुझा कर उसे पति के साथ भेज दिया। लेकिन पति ने पहले से और अधिक यातनाए देते हुए दौ अप्रेल की दोपहर एक बजे पति , सास, ससुर, ननद ने एक राय होकर फीर से 10 लाख रुपए की मांग दोहराते हुए उसे बुरी तरह मारपीट की ।शोर मचाने पर पति ने सर में चाकू मार कर लू लुहान कर दिया । गले मे दुप्पट्टा डाल गला घोटकर हत्या का भी प्रयास किया। इतना ही नही सर के वालो मे आग लगाने का प्रयास किया। चींख पुकार की सुचना पर मोहल्ले लोग मौके पर पहुचे तो चहेरे पर अनगिनत थप्पडो से मार पीट की। फोन की सूचना पर मेरी मॉ ने पहुच कर पति व ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया तो पति ने मेरी के हाथ मे चाकू मार कर घापल कर दिया। दोनो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया। चिकित्सको ने मॉ का उपचार कर घर भेज दिया। विवाहिता की हालत गम्भीर वता कर जिला अस्पताल मे भर्ती कराया चार दिन तक जिला अस्पताल मुरादाबाद उपचार चला । सारी मेडिकल की रिपोर्ट पुलिस को दे दी। लेकिन कोतवाली पुलिस ने घटना के 5 दिन के बाद भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। आरोपी की आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं। विवाहिता के परिजन पर रिश्तेदार सोमवार को कोतवाली में पहुंचे तो उनके साथ पुलिस द्वारा अभद्रता का व्यवहार किया गया। जिस पर जिन्होंने कोतवाली के गेट पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया । प्रदर्शन निर्मला देवी, सर्वेश देवी ,नीरज देवी,नेमबती देवी , विन्दरो देवी, मीरा देवी सीमा देवी आदि मौजूद रही।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

ठाकुरद्वारा। तेज रफ्तार बाइक सवार ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें युवक घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया है। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव भरतावाला निवासी निमेन्द्र पुत्र रामौतार सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गांव के ही मोनू पुत्र मेहन्द्र सिंह मंडी समिति में सब्जी बेचने का काम करता है। सुबह वह मंडी समिति के निकट खड़ा था तभी ठाकुरद्वारा दिशा से तेज रफ्तार बाइक सवार ने मोनू को जोरदार टक्कर मार कर बाइक छोड़ मौके से फरार हो गया। मौके पर 108 एम्बुलेंस ईएमटी विजय कुमार व पायलट सचिन कुमार ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है। वही तहरीर में बताया कि बाइक सवार गाली गलौज कर देख लेने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया हैं।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय ने 'बौद्धिक संपदा अधिकारो' पर हुआ एक कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ द्वारा इंस्टीट्यूशंस इनेवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से ''स्टार्टअप्स के लिए बौद्धिक अधिकारों और आईपी प्रबंधन की सुरक्षा'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकारों और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा करना था। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि पंचकुला स्थित डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, हरियाणा राज्य की ओर से आए आईपीआर साइंटिस्ट डॉ. राहुल तनेजा ने अपने व्याख्यान में आईपीआर की आवश्यकता से लेकर पेटेंट आवेदन दाखिल करने के चरणों तक हर विवरण प्रकाश डाला। उन्होंने चल–अचल संपत्ति, स्वामित्व का महत्व, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट आदि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सफल पेटेंट पंजीकरण के तरीकों और पेटेंट दाखिल करने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित कानूनों और नियमों पर चर्चा की। डॉ. तनेजा ने बताया कि कुछ संस्थापक जो कुछ भी बना रहे हैं, उसके अमूर्त पहलुओं पर विचार नहीं करते हैं, जबकि यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आपका उत्पाद या सेवाएँ क्या करती हैं, यह कैसे काम करती हैं और इसे कैसे प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उन्होंने बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए कानूनों पर भी चर्चा करते हुए जानक. ारी दी कि जिस तेजी से इंटरनेट के माध्यम से सूचना का संचार किया जा सकता है, उससे बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में चुनौतियाँ बढ़ गई हैं। साथ ही उन्होंने ऑनलाइन पेटेंट आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस मौके पर आईपीआर प्रकोष्ठ के समन्वयक व प्रतिकुलपति–रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि बौद्धिक संपदा दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते कानून के क्षेत्रों में से एक

बन गई है, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार आईपीआर से निपटने के लिए इस क्षेत्र में पारंगत आईपी पेशेवरों की मांग बढ़ गई है। वहीं आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने आईपीआर के महत्व और देश की छवि में इसके महत्व तथा देश के ज्ञान भंडार के निर्माण में इसकी प्रासंगिकता और इसके कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। डीन स्टेडेंट वेलफेयर डॉ. अरूण कुमार मिश्रा ने सभी सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को इस कार्यशाला के दौरान उपलब्ध कराई गई अति महत्वपूर्ण जानकारियों को आत्मसात करने की सलाह दी। अंत में डीन –रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सेमिनार में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 130 से अधिक छात्र–छात्राओं समेत कई शिक्षक भी उपस्थित रहे।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के उपलक्ष्य में हुआ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से ''विश्व स्वास्थ्य दिवस'' के अवसर पर 'स्वस्थ्य शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' की थीम पर आधारित एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह एवं केमिस्ट्री विभाग के वरिष्ठ प्रो. एस.डी. शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विशृवविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने

प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आधुनिक परिवेश में फास्ट फूड का व्यापक उपयोग हो रहा है, जिसके फलस्वरूप युवाओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिसके प्रति जागरूक करने की दृष्टि से इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन अत्यंत सराहनीय है।

कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव व जन्तु विज्ञान विभाग की डॉ. प्रशंसा बछवान ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अशोक कुमार, संयोजिका डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. अतानुनाग, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव डॉ. सूर्या प्रकाश पांडेय, डॉ. विवेक कुमार, सह समन्वयिका मिस संध्या शर्मा एवं जयवीर सिंह सैनी आदि का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में 42 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें से बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दानिया खान ने प्रथम, एम.एससी. वनस्पति विज्ञान, चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा वर्णिमा ने द्वितीयएवं बी.एससी. द्वितीय सेमिस्टर की छात्रा सामिया तारिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल के निदेशक प्रो. सिंह द्वारा पुरुस्कृत किया गया। आयोजन के अंत में डॉ. प्रशंशा बछवान ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. आरती गर्ग और डॉ. मेघा भाटिया की लिखित पुस्तक का हुआ विमोचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की शिक्षिका डॉ. आरती गर्ग और डॉ. मेघा भाटिया द्वारा लिखी गई पुस्तक ''स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट एंड बिजनेस पॉलिसी'' का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के कर– कमलों द्वारा विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने डॉ. गर्ग और डॉ. भाटिया की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने डॉ. गर्ग और डॉ. भाटिया की लिखी इस पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक शिक्षण, प्रशासन और व्यवसाय प्रबंधन से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। प्रतिकुलपति– एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुल. पति– अकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति– रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा ने दोनों शिक्षिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुस्तक लेखन में और शिक्षकों को भी आगे आना चाहिए। स्कूल की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने भी दोनों शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा लिखी गई यह पुस्तक पाठकों का मार्गदर्शन करने के साथ ही साथ नए शिक्षकों को भी अवश्य प्रेरित करेगी। इस मौके पर उपस्थित विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह ने भी डॉ. गर्ग और डॉ. भाटिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। डॉ. गर्ग ने बताया कि २४६ पेज की इस पुस्तक का प्रकाशन इंटेग्रिटी एजुकेशन, दिल्ली ने किया है। ३९५ रुपए मूल्य वाली इस पुस्तक में १६ अध्याय हैं, जिसमें शिक्षण, प्रशासन और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का सारगर्भित तरीके से वर्णन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक बिक्री के लिए देश विभिन्न बुक स्टालों के अलावा

अमेजन, फ्लिपकार्ट पर भी उपलब्ध रहेगी। डॉ. गर्ग ने एमए, इकोनॉमिक्स में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है तथा अध्यापन के क्षेत्र में उनका १५ वर्ष का लंबा अनुभव है। डॉ. भाटिया ने एमबीए में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है, साथ ही साथ अध्यापन के क्षेत्र में भी उनका 18 वर्ष का लंबा अनुभव है। इसके साथ ही डॉ. गर्ग और डॉ. भाटिया के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में अनेक शोध–पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त दोनों शिक्षिकाएं कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाओं व संगोष्ठियों में प्रतिभाग कर चुकी हैं। वर्तमान में डॉ. भाटिया के निर्देशन में आठ शोधार्थी तथा डॉ. गर्ग के निर्देशन में दो शोधार्थी शोध कर रहे हैं। विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निद. ेशकों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने भी इस उपलब्धि के लिए डॉ. भाटिया और डॉ. गर्ग को बधाई दी है।

एक नजर

भाजपा प्रदेश चौधरी भूपेंद्र सिंह ने पन्ना प्रमुखों के साथ की बैठक

ठाकुरद्वारा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का आज नगर एवं क्षेत्र में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने वाले, एवं भू माफियाओं और भ्रष्टाचारी लोगों के खिलाफ सरकार द्वारा शिकंजा कसा जाएगा। भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया। उन्होंने बूथ नंबर एक पर पन्ना प्रमुख के साथ बैठक करने के बाद योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों को विस्तार से बताया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, सोमवार की सुबह दरियापुर रफायतपुर में पन्ना प्रमुख की बैठक में पहुंचे थे । वहीं पर पार्टी के स्थापना दिवस के क्रम में पार्टी की 8 वर्ष की उपलब्धि के पत्रक ग्राम में वितरित किए गए व जनसभा को संबोधित किया। नगर में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का फूल माला डालकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू, भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल, भाजपा के बिजनौर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान उर्फ बॉबी , भाजपा के जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, लोक दल के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, ठाकुरद्वारा ब्लाक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, रिजवान अल्वी,भाजपा के पूर्व सभासद, अभय बिश्नोई, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष आबिद हुसैन अंसारी, वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, निरुपम बिश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता, सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, गौरव बिश्नोई, मधु चौहान, राजपाल सिंह प्रजापति, प्रमोद चौहान, सरदार रविंद्र सिंह गांधी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आगंतुको का आभार मुकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न

ठाकुरद्वारा। नगर में अपना दल एस की मासिक बैठक नगर के बैंकट हाल में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। नगर में अपना दल एस की मासिक बैठक नगर के शहनाई बैंकट हाल में आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कलीम अख्तर

अंसारी व संचालन नवदीप सिंह ने किया । जिसमें मुख्य अतिथि वेद प्रकाश शर्मा रहे। बैठक में वरिष्ठ नेता गेंदालाल पासी अंकित सपड़ा, प्रदीप सिंह, विकास गौतम, विवेक गंगवार महफूज हुसैन, जुबैर आलम जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अनिल कुमार कश्यप ऋतु करण सिंह चौहान, पाकेश चौहान, मीतू पाल, जिला पंचायत सदस्य वसीम अहमद अंसारी, वर्षा चौहान , प्रियंका, विरमाला देवी, कुसुम देवी, लक्ष्मी देवी, भूरा अल्वी, मंगल सिंह बहेलिया, गोविन्द सिंह बहेलिया, जोगेंद्र सिंह बहेलिया, सूरजभान, दिनेश कुमार चौहान, बाबू, राजा चौधरी, दानिश, साहिल मंसूरी, मोनिश, मौव अयूब, राजकुमार सैनी, सुहेल अल्वी, मोनिश अली, शाहनवाज, सलमान आदि लोग मौजूद रहे।

अचानक लगी आग से किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं जलकर राख

ठाकुरद्वारा। नगर में फरीदनगर रोड पर एक दर्जन किसानों के खेतों में खड़ी गेंहू की फसल में अचानक लगा गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक करीब किसानों ने सैक्ड़ो की बीघा गेहूं जलकर राख हो चुका था। फसल में आग लगने पर किसानो के चेहरे पर मायूसी छा गई। सोमवार को अचानक किसी कारणवस खेतों में आग लग गई। आग का विकराल रूप देखकर किसान व फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचे। जहां पर फायर टीम में अंगेज सिंह , महकार सिंह, समीर , रवि कुमार, सिद्धार्थ, हरेंद्र सिंह ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान नजर , रईस के 07–07 बीघा, युसूफ 6 बीघा, हामिद 06 बीघा, मौ० अली खां 3 बीघा, नवाब जान के 04 बीघाा, हाफिज जाहिद , अब्दुल रफीक 6–6 बीघा, रईस के 4 बीघा की खेड़ी फसल जलकर राख हो गए। इससे किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्रों की विदाई व परीक्षाफल वितरित कार्यक्रम

ठाकुरद्वारा। सोमवार को विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा में छात्रों की विदाई एवं परीक्षाफल वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सरस्वती पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक कक्षा से प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया और सभी छात्रों को परीक्षाफल का वितरण किया गया।परीक्षाफल पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे।इसके बाद विद्यालय से कक्षा ८ उत्तीर्ण छात्र –छात्राओं को भावभीनी विदाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की गई और कक्षा ६ में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं का रोली और तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया गया।कार्यक्रम में पीयूष कुमार प्रशांत,विवेक आर्य,इंचार्ज अध्यापक राजेश कुमार हितैषी,विजयपाल सिंह,सोम. वती शर्मा,आशीष कुमार और लोकेंद्र कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

आर्य समाज द्वारा वेद प्रचार कार्यक्रम में श्रीराम भरत मिलन प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव विभोर

ठाकुरद्वारा। आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागलिया रोड में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी वेद प्रचार कार्यक्रम जारी है । जिसमें आर्य विद्वान योगेश आर्य और महिला विद्वान अपने संगीत भजन व साहित्य के द्वारा वेद का प्रचार कर रहे हैं । विद्वान योगेश आर्य ने राम भरत मिलन प्रसंग सुन कर श्रोतागण को भाव विभोर कर दिया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे । कार्यक्रम में जिला आर्य समाज मुरादाबाद महावीर सिंह, रामनिवास वर्मा , वेद प्रकाश चौहान, केदार सिंह चौहान , रामावतार सिंह, प्रदीप वर्मा गौरव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभी प्रस्तावओं पर लगी मोहर

ठाकुरद्वारा। नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सैफी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर के ५ सूत्रीय प्रस्तावों पर सभासदों ने अपनी मोहर लगा दी। सोमवार को नगरपालिका सभागार में पालिका बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभासद नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने 5 सूत्रीय प्रस्तावों को सभासदों के समक्ष रखते हुए बताया कि नगरपालिका परिषद के वर्षा काल से पूर्व सम्पूर्ण नालो की तली झाड़ सफाई का कार्य व कुड़का नाला को नगर के मध्य पक्का किए जाने है। बैठक में नगरपालिका लिपिक कलीमुददीन अंसारी, अंकित शर्मा , मोहम्मद आसिफ सैफी, साहिल मेम्बर, मुस्तकीम, इस्लाम कुरैशी, मोहम्मद हनीफ, जाहिद इरफान नादान, शकील रजा, राकेश दानव, राकेश, कपिल, रुपाली बिन्दल अशरफ अली नदीम सिद्की , नफीस अंसारी, राजेन्द्र कुमार, वसीम सैफी, स्योराज सिंह नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

स्कूल चलो अभियान और संचारी रोगों से बचाव के लिए छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा आलम कंपोजिट में स्कूल चलो अभियान और संचारी रोगों से बचाव के संबंध में विद्यालय के छात्र–छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रि ने मिलकर गांव में रैली निकाली। सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय टांडा आलम कंपोजिट में रैली निकालने के दौरान ग्राम वासियों को 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाने का अनुरोध किया गया। जहां पर बच्चों को मुक्त शिक्षा भोजन ,यूनिफॉर्म, किताबें, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था है तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षित होती हैं। साथी 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी में नामांकित करने को कहा गया। गौरतलब है कि पिछले काफी दिनों से सरकारी विद्यालयों का बहुत अच्छी संख्या में कायाकल्प हो गया है। इससे नामांकन में वृद्धि तथा स्कूल के वातावरण में काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। सरकारी विद्यालयों में समय–समय पर महापुरुषों की जयंतियां तथा उनके जीवन से मिलने वाली शिक्षा पर भी प्रकाश डाला जाता है। प्रधानाध्यापक नरेंद्र चौहान ने ग्राम टांडा आलम और असालतपुर में रैली के आयोजन के दौरान ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आपके बच्चों का सरकारी विद्यालयों के एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम से बदल जाएगा। इसलिए 6 से 14 साल तक के बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालय में कराएं ।जिनकी उम्र 31 जुलाई 2025 तक 6 वर्ष की हो रही है,वे बच्चे प्रवेश कराएं । ग्राम वासियों को संचारी रोगों जैसे हैजा,मलेरिया आदि से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करने, मच्छरों से बच,ने नालियों में पानी जमाना होने देने के प्रति भी जागरूक किया गया। रैली में शिक्षक नरेश चंचल ,मोहिनी व्यास ,कपिल राजपूत, रवि चौधरी, अनिल कुमार, कुलदीप कुमार, रामपाल सिंह ,कविंद्र पाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुनेश कुमारी आदि ने सहयोग किया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा उत्कृष्ट शोध के लिए

'एक्सीलेंस इन रिसर्च अवॉर्ड' से किए गए सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के शिक्षक डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा को उत्कृष्ट शोध के लिए ''एक्सीलेंस इन रिसर्च अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया है। डॉ. मिश्रा को यह सम्मान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ''फ्रंटियर्स इन एडवांस एंड रिसर्च फॉर मल्टीडिसिप्लिनरी इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, एनवायर्नमेंटल एंड रिलेटेड साइंसेज'' के दौरान उत्कृष्ट शोध के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. मिश्रा की इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने डॉ. मिश्रा को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षकों को सम्मान प्राप्त होना विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत ही गरिमा का विषय है तथा डॉ. मिश्रा को मिले इस सम्मान से विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक व विद्यार्थी भी उत्कृष्ट शोध के प्रति प्रेरित होंगे। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने डॉ. मिश्रा को सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छे कार्य के परिणाम भी अच्छे ही आते हैं।

उन्होंने कहा कि महान कार्य का सम्पादन व्यक्ति को महान बना देता है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि वे ''एक्सीलेंस इन रिसर्च अवॉर्ड'' प्राप्ति से काफी उत्साहित हैं तथा अपने शोध कार्य को और नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। इस मौके पर स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक व प्रतिकुलपति– एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुल. पति– एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति– रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नवनीत वर्मा ने डॉ. मिश्रा के द्वारा किये जा रहे शोध कार्य और इस उपलब्धि हेतु उनकी सराहना की व उन्हें उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए

कहा कि यह पुरस्कार डॉ. मिश्रा की कड़ी मेहनत और समर्पण की पहचान है। उनका शोध कार्य और नवाचार इस क्षेत्र को नई ऊँचाईयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवॉर्ड न केवल उनके अकादमिक योगदान को सराहता है, बल्कि उनकी मेहनत और समाज के प्रति किए गए योगदान को भी मान्यता देता है। प्रो. वर्मा ने यह भी कहा कि डॉ. मिश्रा की यह उपलब्धि उनके ज्ञान के प्रति दृढसंकल्प और सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित करने की क्षमता को दर्शाती है। डॉ. मिश्रा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

खोया–पाया सूचना

मेरे बीए वर्ष 2019–2020 अनुक्रमांक 1950431380 का प्रमाण पत्र–सह–अंकपत्र वास्तव में कही खां गया है। मो0 लईक पुत्र इकबाल हुसैन निवासी ग्राम जाहिदपुर सीकमपुर पोस्ट देवीपुरा, जिला मुरादाबाद।

खोया–पाया सूचना

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0792172 व इंटर मीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0546418 का प्रमाण पत्र–सह–अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए है। कु0 रजिया बी पुत्री अब्दुल गफूर निवासी मोहल्ला फतहउल्लागंज वार्ड 18 ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 07.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता /II/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	10-DRM-MB-25-26 Date 07.04.2025
कार्य का नाम	Provision of rubberized level crossing surfacing at LC No. 28 Spl, 37 Spl, 40 Spl & 52 Spl on RAC-SPC section Under Jurisdiction of ADEN II/HRI.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	05.05.2025 16:00
अनुमानित लागत	1,20,76,823.20
धरोहर राशि	2,10,400.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	21.04.2025
आफर की वैधता	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1042/25

ब्रुक बने टी-20, वनडे कैप्टन

कहाः यह मेरे लिए सम्मान की बात, जोस बटलर की जगह लेंगे

लंदन, वार्ता। हैरी ब्रकू इंग्लैंड की टी-20 और वनडे क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। म्ब्ठ ने सोमवार को ब्रुक को वाइट बाल कैप्टन बनाने का ऐलान किया। वे जोस बटलर की जगह लेंगे। बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी 2025 के बाद कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था। 26 साल के हैरी ब्रुक ने कहा- श्यह मेरे लिए सम्मान की बात है। जब मैं व्हार्फडेल में बर्ले क्रिकेट खेलता था। तब यार्कशायर से खेलने और इंग्लैंड की कप्तानी करने का सपना देखता था। यह मौकों मेरे लिए बहुत मायने रखता है।आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर चुके हैं ब्रुक ब्रुक जनवरी 2022 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड की वाइट बाल टीम का अहम हिस्सा हैं। वे पिछले एक साल से वनडे और टी-20 टीम के वाइस कैप्टन हैं। उन्होंने सितंबर-2024 में बटलर की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में इंग्लिश की कप्तानी कर चुके हैं।

वे न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं। खराब प्रदर्शन की वजह से बटलर ने कप्तानी छोड़ी थी जोस बटलर ने पिछले महीने चैंपियंस ट्राफी में टीम के खराब प्रदर्शन की वजह से कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने एक मार्च को कराची में टीम के आखिरी ग्रुप स्टेज मैच से पहले कहा था- श्मेरे लिए कप्तानी छोड़ने का यही सही समय है, टीम के लिए भी यही समय है।श इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्राफी में एक भी मैच नहीं जीत सकी थी और ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इतना ही नहीं, टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में नाकआउट स्टेज तक नहीं पहुंच सकी थी।

पंजाब के खिलाफ मैच में जीत की पटरी पर वापस आना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

चंडीगढ़, वार्ता। लगातार मिली तीन हार से तिलमिलायी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अहम आईपीएल मुकाबले में जीत की राह पर लौटने की हर मुमकिन कोशिश करेगी।

मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत के साथ आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करने वाली सीएसके को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से उसने मुंह की खाई है। हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है। पांच बार की चैंपियन टीम अब तक खेले गए चार मैचों में अपने 17 खिलाड़ियों का इस्तेमाल कर चुकी है। यह बदलाव स्पष्ट रूप से तय रणनीति की कमी को दर्शाता है। पिछले चार मैचों में 121 रन बनाने वाले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर मुलांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भी निगाहें होंगी। टूर्नामेंट में दस विकेट अपने नाम करने वाले नूर अहमद भी टीम की सबसे बड़ी उम्मीद बने हुए हैं। हालाँकि, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों की फॉर्म और भूमिका और

हार की हैट्रिक ने टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोरियों को उजागर किया है

रविचंद्रन अश्विन की अगुआई में उनके स्पिन विभाग से निराशाजनक वापसी को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसके विपरीत, राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स में अधिक एकजुटता दिखी है।

श्रेयस अय्यर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं जबकि नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में प्रभावित किया है। पीबीकेएस अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करने के साथ सीएसके पर अपना हालिया दबदबा बनाए रखने के लिए खुद को तैयार करेगी। हालांकि, सीएसके मई 2024 में पीबीकेएस के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले से उत्साहित होगी, जहां उन्होंने 28 रन की जीत दर्ज की थी। रलवद्र जडेजा भी गेंद और बल्ले के अलावा क्षेत्ररक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। मैच शाम 7:30 बजे साफ आसमान के नीचे शुरू होने वाला है।

मुलनपुर की पिच ने संतुलन के संकेत दिखाए हैं, लेकिन यह पीछा करने वाली टीमों के पक्ष में है, पिछले सीजन में इस स्थल पर पांच में से तीन मैच पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीते थे। दोनों टीमें हार के बाद आई हैं और टूर्नामेंट की लय अधर में लटकी हुई है, ऐसे में मंगलवार का मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।

पंजाब किंग्सः प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेट कीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को जेनसन, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह

चेन्नई सुपर किंग्सः रचिन रवींद्र, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), विजय शंकर, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेट कीपर), रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, खलील अहमद, मथीशा पथिराना

टोरंटो-इंटर मियामी के बीच मुकाबला बराबरी पर

मियामी। लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए गोल के बावजूद इंटर मियामी ने टोरंटो के खिलाफ एमएलएस मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। इतालवी मिडफील्डर फेडेरिको बर्नार्डेस्की ने रविवार को हमवतन लोरेंजो इनसिग्ने के साथ मिलकर फोर्ट लॉडरडेल में शानदार फिनिश के साथ कनाडाई टीम को बढ़त दिलाई। मेसी ने टेलास्को के पास के बाद गोलकीपर सीन जॉनसन को चकमा देते हुए लो ड्राइव को गोल में बदला और अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इंटर मियामी ने दो तिहाई से अधिक समय तक गेंद को अपने कब्जे पर रखा लेकिन जॉनसन ने दूसरे हाफ में लगातार हो रहे हमलों से गोल को रोकने में सफलता हासिल की। उन्होने शानदार गोलकीपिंग का प्रदर्शन करते हुये मैच के दौरान नौ गोल बचाए। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी 15 टीमों की ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सूची में छह मैचों में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। टोरंटो अभी तक केवल तीन अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

एफआईएच प्रतिनिधिमंडल मई में करेगा लॉस एंजिल्स का दौरा

स्वट्जरलैंड। एफआईएच का एक प्रतिनिधिमंडल मई में लॉस एंजिल्स का दौरा करेगा। एफआईएच सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एफआईएच पांच से नौ मई के बीच लॉस एंजिल्स में अपना निरीक्षण दौरा करेगा, जिसमें एलए28 और यूएसए फील्ड हॉकी के साथ हॉकी स्थल और संचालन का मूल्यांकन किया जाएगा। हॉकी का आयोजन कार्सन फील्ड्स में होगा, जिसमें टेनिस, रग्बी 7, साइकिलिंग और तीरंदाजी भी आयोजित की जाती है। अध्यक्ष इकराम ने ओलंपिक मंच पर हॉकी को ऊपर उठाने के लिए एलए28 नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुये कहा ह्व एलए28 के साथ हमारा जुड़ाव नवाचार, विरासत और उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गिल ने जमकर की सिराज की तारीफ

● गेंदबाजी और फिल्डिंग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते है वह देखना शानदार है



हैदराबाद, वार्ता। आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल की शानदार पारी से गुजरात की टीम जीतने में कामयाब रही। मैच के बाद गुजरात के कप्तान ने सिराज की जमकर तारीफ की। साथ ही उन्होंने गेंदबाजों को टी20 क्रिकेट में गेमचेंजर बताया। मैच में सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रसि(ख्रष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने भी दो-दो विकेट चटकाए। मैच के बाद गिल ने कहा, शगेंदबाज मैच का रूख बदल देते हैं। खासतौर पर इस प्रारूप में। काफी लोग टी20 में बल्लेबाजी और हिटिंग की बात करते हैं, लेकिन हमें लगता है कि मैच गेंदबाजों द्वारा जीते जाते हैं। इसलिए इस फेंचाइजी में गेंदबाजों को काफी तवज्जो दी जाती है।श गिल ने कहा, शहम पूरे मैदान में शाट खेलना चाहते थे। मेरे और वाशिंगटन सुंदर के बीच यही बातचीत हुई थी। सुंदर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उत्साहित थे, लेकिन इम्पैक्ट प्लेयर नियम के साथ, आपको कई बार अपनी योजनाओं को बदलना पड़ता है। जिस तरह से उन्होंने इस मैच में बल्लेबाजी की वह शानदार थी। हमारे बीच कोई खास बातचीत नहीं हुई। बस हम अच्छे क्रिकेटिंग शाट्स खेलने के बारे में सोच रहे थे। एक बार जब हमने 30-40 रन की साझेदारी कर ली तो हमने खेल खत्म करने का सोचा। गेंदबाजी और फील्डिग के दौरान जो ऊर्जा सिराज लाते हैं, वह देखना शानदार है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने हैदराबाद की पिच पर ही सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा, श्यह हैदराबाद का पारंपरिक विकेट नहीं है। यहां गेंद स्किड हो रही थी, लेकिन हैदराबाद का पारंपरिक विकेट थोड़ा कठोर है। इस पिच पर खेलना बहुत मुश्किल था। अंत में यह विकेट उतना स्पिन भी नहीं कर रहा था जैसा हमने सोचा था। हमारा स्कोर भी अच्छा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी को भी इस मैच में खेलना थोड़ा मुश्किल था। चार महीने बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार बुमराह, मैच से पहले अभ्यास सत्र में दमखम से की गेंदबाजी मैच की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बनाने दिया। जवाब में कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्द्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी की बदौलत गुजरात ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी हुई। गुजरात ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की।

एलएसजी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी केकेआर

केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है

कोलकाता, वार्ता। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफर 80 रनों की एकतरफा जीत से उत्साहित कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर गत विजेता की शानदार जीत ने न केवल उसे अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया, बल्कि टीम में विश्वास भी जगा है, जो कि पहले के मैचों में नजर नहीं आ रहा था। केकेआर को नेट रन रेट अब +0-070 पर है जिसको देखते हुये मौजूदा सत्र में टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। केकेआर की वापसी में उसकी संतुलित गेंदबाजी का अहम योगदान है, खासकर वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी ने एसआरएच को जीत से दूर कर दिया। लखनऊ की टीम के खिलाफ भी दोनो फिरकी गेंदबाजों के आठ ओवर आकर्षण का केंद्र होंगे। लखनऊ की टीम बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। वेंकटेश अय्यर ने एसआरएच के खिलाफ 29 गेंदों पर 60 रन बनाए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 50 रनों की पारी खेली, जिससे केकेआर के बल्लेबाजी क्रम को आत्मविश्वास मिला। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शीर्ष क्रम को संभाला वहीं फिनिसर्स के तौर पर माने जाने वाले रिंकू सिंह से टीम को एक मजबूती प्रदान हुई है। सलामी बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन नंबर 3 और 4 पर स्थिरता ने उस दबाव को कुछ हद तक कम कर दिया है। इस बीच, एलएसजी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रनों की मामूली जीत दर्ज की और तालिका में छठे स्थान पर है। निक. ोलस पूरन 218-47 के शानदार स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाकर इस सीज़न में उनके सबसे लगातार बल्लेबाज़ बने हुए हैं, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ी क्रम अभी तक एक साथ नहीं चल पाया है। पिछले मैच में हालांकि मिशेल मार्श के अर्द्धशतक ने हौसला बढ़ाया है, लेकिन ऋषभ पंत और डेविड मिलर का लगातार खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, शार्दुल ठाकुर एलएसजी के लिए विकेट लेने वालों में से रहे हैं, लेकिन उनकी इकॉनमी चिंता का विषय बनी हुई है। रवि बिश्नोई और युवा दिग्वेश सिंह राठी को बीच के ओवरों में खास भूमिका निभानी होगी। ईडन गार्डन्स की पिच स्पिनरों के अनुकूल है और धैर्य से खेलने पर फायदा हो सकता है, इसलिए मंगलवार का मुकाबला इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रत्येक टीम बीच के ओवरों में कितनी अच्छी तरह से संभलकर खेलती है। शाम को हल्की नमी के साथ मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है।

केकेआर की टीम में क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा है और प्रभावशाली खिलाड़ी के तौर पर अंगकृष रघुवंशी को रखा गया है। **एलएसजी** की टीम में मार्कराम, मिशेल मार्श, पूरन, पंत (कप्तान व विकेटकीपर), आयुष, डेविड, अब्दुल समद, शार्दुल, दिग्वेश सिंह राठी, आकाश दीप, अवेश खान को लिया।

पीएम ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा : योगी

● पहली बार किसी प्रतियोगिता में 1341 खिलाड़ी भाग ले रहे है

लखनऊ, वार्ता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ हर जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। योगी ने यहां 35वीं वाहिनी पीएसी,लखनऊ में पहली अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर (हैंडबॉल/बास्केटबॉल) 2024-25 के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। आज से अगले पांच दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है जिसमें केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। उन्होने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए देश ने एक नई खेल संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उसी का परिणाम है कि खेलकूद भी व्यक्ति के जीवन को सजाने और संवारने का माध्यम बन रहा है। सरकार ने प्रदेश में खेल नीति लागू की है। पिछले पांच वर्षों में अकेले प्रदेश पुलिस विभाग ने 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सुनिश्चित की है।

बीजीटी की जंग आईपीएल में भी जारी

हेड को सिराज ने पहले ओवर में किया आउट, चयनकर्ताओं को भी दिया जवाब

हैदराबाद, वार्ता। आईपीएल 2025 में मोहम्मद सिराज का शानदार फार्म जारी है। रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में घातक गेंदबाजी के बाद अब सिराज ने सनराइजर्स को उनके घर हैदराबाद में हार का स्वाद चखाया। चिन्नास्वामी सिराज की पूर्व टीम का होम ग्राउंड है तो हैदराबाद उनका असली होम ग्राउंड। इन दोनों जगहों पर खूब रन बनते हैं, लेकिन सिराज ने दिखा दिया कि वह क्यों मौजूदा समय के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं। सिराज ने आरसीबी के खिलाफ 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, जबकि हैदराबाद के खिलाफ 17 रन देकर चार विकेट लिए। यह उनका आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी है। इतना ही नहीं सिराज ने ट्रेविस हेड को पारी के पहले ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम में नहीं शामिल नहीं किए जाने के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को भी जवाब दिया है। दरअसल, पिछले साल आस्ट्रेलिया दौरे पर सिराज और हेड के बीच जंग देखने को मिली थी। दोनों मैदान पर भिड़ गए थे। इसके बाद सीरीज खत्म होने तक यह ड्रामा जारी रहा था। अब यही जंग आईपीएल में भी देखने को मिली। इस मैच से पहले हेड ने आईपीएल में कभी सिराज का सामना नहीं किया था।

अव्याना बनीं अंडर-17 की राज्य शतरंज चैंपियन

अव्याना ढिल्लो ने कुल 5 में से कुल 4.5 अंक अर्जित किए

देवरिया। उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब देवरिया की नन्ही अव्याना ढिल्लों ने अपने नाम कर लिया है। उप्र शतरंज खेल सौर के सचिव एके रायजादा ने सोमवार को यहां बताया कि सीता. पुर में हाल ही में सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश राज्य अंडर-7 बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप-2025 में अव्याना ढिल्लों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अव्याना ने कुल 5 में से 4-5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अव्याना ने अपने विजय अभियान में गौरी सक्सेना, राध्या नारंग और कस्वि को पराजित किया, जबकि अंतिम चक्र में उन्होंने आरना त्रिपाठी से ड्रा खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अव्याना को अब नेशनल अंडर-7 गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। अव्याना देवरिया की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की सुपुत्री हैं। वे न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं।

इशांत पर आईपीएल आचार संहिता उल्लंघन में लगा जुर्माना

हैदराबाद, वार्ता। गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। इशांत ने अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकारा है। गौरतलब है कि आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। इस बीच, रविवार को गुजरात टाइटन्स ने कप्तान शुभमन गिल के शानदार अर्द्धशतक और शेरफेन रदरफोर्ड के पावर-पैक फिनिश के साथ मोहम्मद सिराज के तेजतर्रार चार विकेट के बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाक पर जुर्माना

माउंट माउंगानुई। न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। मोहम्मद रिजवान की टीम को समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य से एक ओवर कम होने का फैसला सुनाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। आईसीसी मीडिया बयान के अनुसार, रिजवान ने अपराध के लिए दोषी होने की दलील दी और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को दिया 222 का लक्ष्य

● विराट कोहली 67 और देवदत्त 37 के बीच 91 रनों की शानदार साझेदारी हुई

मुबंई, वार्ता। विराट कोहली (67)देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में सोमवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। कोहली आज मैच के शुरु से ही आक्रामक अंदाज में थे। फिल साल्ट (4) का विकेट पहले ही ओवर में गिरने के बावजूद उन्होने पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी। कोहली के रुख को भांपते हुये कप्तान हार्दिक पांड्या ने ट्रेंट बोल्ट को हटा कर स्पिनर विल जैक्स को गेंद थमायी मगर कोहली पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दोनो बल्लेबाजों ने नौवें ओवर तक स्कोर को 95 रन पर पहुंचा दिया। इस बीच पढिक्कल विग्नेश पुथुर की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। नये बल्लेबाज पाटीदार ने कोहली के साथ मिल कर मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी। इस बीच अपना कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पारी के 15वें ओवर में कोहली हार्दिक पांड्या की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े नमन धीर को आसान कैच थमा बैठे। अपनी अर्द्धशतकीय पारी के दौरान कोहली ने 42 गेंद खेलकर आठ चौके और दो छक्के लगाये। कोहली ने इस मैच में टी20 क्रिकेट करियर में अपने 13 हजार रन भी पूरे कर लिए। बेंगलुरु के लिए दूसरी विस्फोटक साझीदारी पाटीदार और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के बीच बनी। दोनो बल्लेबाजों ने दर्शनीय शाट खेलकर मैदान पर शमा बांध दिया। दोनो बल्लेबाजों ने मात्र27 गें. दों में 69 रन की साझीदारी कर ली। इस बीच बोल्ट की गेंद पर शाट मारने की कोशश में पाटीदार विकेट के पीछे धरे गए। विकेटकीपर रायन रिकलटन ने काफी दूर जाकर उनका कैच पकड़ा।

भाजपा युवा मोर्चा जिले की चार विधानसभा क्षेत्र में निकालेंगे बाइक रैली: सिद्धार्थ युगल

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर योगी सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आगामी 9 व 10 अप्रैल को जिले की सभी विधान सभाओं में विशाल बाइक रैली का आयोजन प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार होना सुनिश्चित किया गया है। इसी के निमित्त भाजपा कार्यालय पर योजना बैठक का आयोजन हुआ इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ युगल ने बताया कि योगी सरकार के सफलताम 8 वर्ष की योजनाओं, कार्यों व उपलब्धियां का पत्रक भी बाइक रैली के दौरान वितरित करेगा।भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण पंडित ने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा जिले की चारों विधानसभा कांठ, बिलारी, कुंदरकी और ठाकुरद्वारा में 9 व 10 तारीख को विशाल बाइक रैली का आयोजन होगा, हजारों की संख्या में युवा जन जागरूकता के साथ कई चौराहे से होते हुए 10 किलोमीटर की बाइक यात्रा निकालेंगे इसके बाद एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए संगोष्ठियों का भी आयोजन करेगा भारतीय जनता युवा मोर्चा योजना बैठक में जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमन ठाकुर, अभिषेक राठौर, कशिश चौहान, युद्धवीर सिंह,रो.

हित राजपूत, अभिनव गुप्ता, अक्षय गुप्ता, अखिलेश कठेरिया, कुंवर अभिषेक सिंह, बंटी ठाकुर,मनीष शर्मा मौजूद रहे।

एसडीएम ने कमेटी अध्यक्ष संजय जैन को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में मेला श्री रामनवमी और महाकाली शोभायात्रा मंदिर पौड़ा खेड़ा परिसर में देर रात तक चला। महाकाली की भव्य शोभायात्रा के विसर्जन पर परंपरानुसार शोभायात्रा के स्वरूपों, कलाकारों एवं सहयोगियों को एसडीएम विनय कुमार सिंह, एएसपी सोनाली मिश्रा, कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने शील्ड देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि बिलारी का यह आयोजन बासठ वर्ष पुराना है जिसमें बड़ी संख्या में जन भागीदारी महत्वपूर्ण है ऐसे आयोजन आपसी प्रेम और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के आदर्श अपने जीवन में उतारने का सभी से आह्वान किया। उन्होंने कहा की समस्याओं के समाधान का हिस्सा बनें तभी समस्याएं जल्दी खत्म हो सकेंगी। एसडीएम ने मेले की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में लगी पुलिस टीम की भी सराहना की। एएसपी सोनाली मिश्रा ने शोभायात्रा और मेले के दौरान भारी भीड़ ने जो संयम और अनुशासन का परिचय दिया वह भी प्रशंसनीय है। सांस्कृतिक परंपरा को बरकरार रखने पर उन्होंने नगर मेला कमेटी की सराहना की। इस दौरान नगर में भव्य प्रदर्शन करने वाले महाकाली के 27 स्वरूपों, बौबी परवाना, डीजे, बैंड संचालकों, खाटू श्याम जी, जय महाकाल की टीमों, राम लक्ष्मण सीता आदि के स्वरूप बने

बालकों, नगर में व्यापक सफाई करके किनारे पर चूना रेखांकन करने पर नगर पालिका के सफाई नायकों, लाइट साउंड, टेंट संचालक के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कमेटी अध्यक्ष संजय जैन की अध्यक्षता और अखिलेश श्रीवास्तव के संचालन में चले समापन समारोह में दुष्यंत चौहान, कौशल ठाकुर, रामनिवास शर्मा, पंकज चौहान, नीरज रुहेला, अमित सिन्हा, अभिषेक शर्मा, विजेंद्र चंद्रवंशी आदि ने सहयोग किया।

एक नजर

रामचरित मानस के विश्राम पर गूंजा जय श्री राम का उदघोष

बिलारी। क्षेत्र के गांव जरगांव में मन्दिर श्री सीताराम जी पर 78वें परंपरागत मेला रामनवमी के उपलक्ष्य में चल रहे रामचरित मानस का धूमधाम से समापन हुआ। मेला कमेटी अध्यक्ष भूतपूर्व भारतीय वायु सेना श्याम चरन शर्मा ने बताया मंदिर सीताराम क्षेत्र का अत्यंत प्राचीन मंदिर है तथा जनमानस की आस्था का केंद्र है।

यहां स्थित शिवालय का निर्माण 1917 में हुआ था तथा 1947 से प्रतिवर्ष यहां रामनवमी का मेला आयोजित होता है। जिसमे सभी वर्गो के लोगो का बड़चढ़ कर सहयोग रहता है। इस अवसर पर आचार्य सुरेश चंद्र शर्मा, पारस शर्मा एडवोकेट प्रमोद कुमार सिंह, वीरपाल सिंह, राकेश कुमार गुप्ता,रामकुमार शर्मा, प्रेमपाल प्रजापति, होरीलाल कश्यप,ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह जाटव,अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

गायत्री यज्ञ के साथ किया लघु गायत्री अनुष्ठान व नवरात्र व्रत का पारायण

शाह टइम्स संवाददाता बिलारी। रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में नवदुर्गा शक्ति उपासना पर्व पर लघु गायत्री अनुष्ठान व व्रत का पारायण गायत्री यज्ञ से किया गया ।इस अवसर पर मां के भक्तों ने मां की भेंट व गीत सुना कर वातावरण को भक्ति में बना दिया। सोमवार को नवदुर्गा शक्ति उपासना पर्व के अंतर्गत गायत्री चालीसा व गायत्री अनुष्ठान व व्रत परायण से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी, शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी, आदि शक्ति मां गायत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। पवित्रीकरण,स्वस्तिवाचन,षष्ठकर्म के साथ विधि-विधान से गायत्री यज्ञ कर नौ दिवसीय लघु गायत्री अनुष्ठान का पारायण किया। गायत्री अनुष्ठान के मध्य गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि नवरात्र हर मनुष्य के लिए शक्ति प्रदान करने वाला पर्व है। इसके अंतर्गत हम गायत्री अनुष्ठान कर शक्ति प्राप्त कर सकते हैं। जिससे हमारे अंताकरण और आचरण में पवित्रता बनी रहती है। आत्मा का भोजन ही सत्संग है और हमें आत्मा को शुद्ध रखने के लिए यज्ञ, गीत ,भजन व सत्संग में भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से आदित्य राघव, दीपक सिंह, हर्ष राघव, श्रीमती रुचि राघव सजल राघव आदि सहित अन्य गायत्री परिजनों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

कक्षा दो की छात्रा मोटरसाइकिल से गिरकर घायल

कुंदरकी। थाना क्षेत्र के ग्राम हरियाना निवासी जावेद खान मुगल की 6 वर्षीय पुत्री अजरा फात्मा अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर कुन्दरकी मार्केट आ रही थी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई।

मार्केट में गिर गई और गिरकर घायल हो गई छात्र को गिरा देखकर आसपास के लोग मदद के लिए एकत्र हो गए उपचार के लिए कें पास ही प्राइवेट डॉक्टर के पास लेकर गए।

भाजपाईयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

चन्दौसी। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर शक्ति केंद्र गणेश कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीता रोड स्थित रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय में शक्ति केंद्र के संयोजक रतन वार्ष्णेय के

नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर मंडल प्रभारी साध्वी गीता प्रधान, निवर्तमान अध्यक्ष गिरीश रतन, मुख्य वक्ता डॉ टी.एस. पाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। मुख्य वक्ता डॉ टी. एस. पाल ने 06 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा पार्टी के विषय विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है जिसमे आम कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। इस दौरान नगर मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, रतन वार्ष्णेय, बूथ प्रवासी मोरमुकुट वार्ष्णेय, सभासद तरुण नीरज, दिग्विजय गोल्डी, जयशंकर दुबे, आकाश कुमार शर्मा, बूथ अध्यक्ष मोहित कुमार, हेमंत वार्ष्णेय, मुनीश बाबू, अंकुश जोशी, श्यामसुंदर दूबे, कृष्णा मोहन आदि उपस्थित रहे।

भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर सलावा में कार्यक्रम का आयोजन

कांठ (शाह टाइम्स) भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देश भर में प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

जिसमें कांठ विधान सभा के ग्राम सलावा में भाजपा मंडल मंत्री दिव्यांश विश्नोई के निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के आदर्श पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी , भारत माता, एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला मंत्री चकित चौधरी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कार्यकर्ताओं से पार्टी के हित में कार्य करने का आह्वान किया, कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष ऋतिक गुर्जर, इलू विश्नोई , शिवम विश्नोई , अखिलेश विश्नोई , अमन विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

एसडीएम ने भारतीय किसान यूनियन और अधिकारियों के बीच कराई वार्ता

कांठ (शाह टाइम्स) किसानो की समस्याओं के समाधान को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा दिए गए ज्ञापनों के क्रम में आज एसडीएम ने अधिकारियों और भारतीय किसान यूनियन के बीच मध्यस्थता करके दोनों में वार्ता कराई किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने एक-एक करके किसानों की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा जिसमें बिना रुकावट विद्युत आपूर्ति जारी रखने किसानो के बकाया को लेकर विद्युत कनेक्शन ना काटे जाने और अत्यधिक भा या अन्य कोई कमी पाए जाने पर भारी भरकम जुर्माना लगाए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के भारी भरकम जुर्माना यदि किसानों पर लगाए जाएंगे तो भारतीय किसान यूनियन चुप नहीं बैठेगी। बैठक के दौरान गन्ना भुगतान को लेकर भी गन्ना मिलों के प्रतिनिधियों से वार्ता की गई जिसमें स्योहारा मिल ने 10 दिन के अंदर समस्त भुगतान करने तो दीवान मिलने अगले महीने तक समस्त भुगतान किए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर गन्ना विकास सहकारी समिति के सचिव खेत सिंह,दीवान मिल से पंथ, भाकियू के हरदीप सिंह रामकला सिंह सियाराम सिंह, दर्शन सिंह सहित काफी किसान मौजूद रहे।

एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज में हुई भाषण प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। नगर के एन.के.बी. एम.जी. पी.जी. कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की लगभग 40 छात्राएं उपस्थित रहीं तथा 10 छात्राओं द्वारा भारत रत्न डा० भीमराव अंबेडकर से सम्बन्धित विचार प्रस्तुत किये। भाषण प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत की संकल्पना, प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक आधार पर विद्यमान आर्थिक एवं सामाजिक दूरी प्रौद्योगिकी का प्रभाव, लाभ हानि व उपाय, नये प्रौद्योगिकी युग में भारत के संविधान में सुधार की सीमा तक भारत रत्न डा० भीमराव अंबेडकर का संविधान एवं अमृत काल में विकसित भारत सामंजस्य का मार्ग विषयों पर छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु० कशिश एवं आकृति, द्वितीय स्थान प्रज्ञा, तृतीय स्थान पर श्रुति रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

इस दौरान आरती ओझा, डा० इमराना, डा० सुमन श्रेष्ठ, डा० बबिता, विभा सिंह आदि रहीं।

जाम से निजात के लिए उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

चन्दौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने उपजिलाधिकारी चन्दौसी के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार ललिता देवी को सौंपा जिसमें कहा गया कि वर्तमान में नगर में जाम की समस्या प्रमुख है और इसकी सबसे बड़ी वजह ई-रिक्शा हैं जो कि बाजारों में बगैर किसी नियम के चलते हैं। जिससे व्यापारियों के अलावा आम नागरिकों को भी परेशान होना पड़ता है। व्यापार मंडल द्वारा जाम की समस्या से निजात के लिए सुझाव भी पेश किये गये जिसमें कहा गया कि ई-रिक्शा के हिसाब से चंदौसी को 05 जोन में बांटा जाए जिनके कलर जोनों के हिसाब से लाल पीले हरे आदि हों। इन दिशाओं पर जोनों के हिसाब से नंबर पड़े होने चाहिए। रिक्शों को जोनों के हिसाब से रूट बंटे जाएं

और निर्देशित किया जाए कि जिस जॉन का नंबर वह कलर होगा वह इस रूट पर चलेगा अन्यथा उसका चालान काट दिया जाएगा। इसके अलावा नाबालिग रिक्शा चालकों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शाहआलम मंसूरी, प्रेम ग्रोवर, प्रमोद अग्रवाल, वसीम अख्तर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

माता महाकाली की शोभायात्रा में माता की पालकी रही मुख्य आकर्षण का केंद्र

कांठ (शाह टाइम्स) आस्था और श्रद्धा का प्रतीक नगर के माता महाकाली मंदिर के 55 वें वार्षिकोत्सव पर आज नगर में बैंड बाजे और झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई स संदीप कुमार बिश्नोई ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया स वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने विभिन्न झांकियों का तिलक लगाकर स्वागत कियास स गुरुद्वारा के पास स्थित प्राचीन माता महाक. ाली मंदिर (माता के थान) पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है सोमवार की शाम को माता महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र महामाई का डोला (पालकी) रही जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभा यात्रा में शामिल विभिन्न झांकियां लोगों को मंत्र मुग्ध कर रही थी स शोभा यात्रा नगर में विभिन्न मार्गों पर होती हुई अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचीस इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह बिश्नोई, कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

नगर में अधिकांश वाटरकूलर खराब

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। गर्मी के मौसम आ चुका है। दिन में अब गर्म हवाएं चलने लगी हैं और धूप भी तेज होने लगी है। शहर के अधिकांश वाटर कूलर खराब हालत में है। किसी की मशीन गायब हो गई है तो कोई पानी नहीं उगल रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी के लिए भटकना पड़ेगा। नगरपालिका की ओर से शहर के अलग-अलग स्थानों पर ठंडे पानी के वाटर कूलर लगवाए थे। करीब 125 से अधिक वाटर कूलर लगाए गए थे। अब स्थिति यह है कि अधिकांश वाटर कूलर खराब स्थिति में हैं। कहीं सिर्फ वाटरकूलर के नाम पर खोखा ही रखा हुआ है तो केवल सीमेंट का बना हुआ स्थान ही रह गया है। हालांकि नगरपालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने यह मुद्दा उठाया था। परंतु अभी तक वाटरकूलरों की यथावत स्थिति है जबकि दिन व दिन गर्मी बढ़ती जा रही है। इधर नगरपालिका जलकल जेई अनुज कुमार ने बताया कि वर्ष 2015 व 2016 में लगे अधिकांश वाटरकूलर खराब हो गये हैं। शहर में शीतल जल की व्यवस्था हेतु 25 नये वाटरकूलर लगाये जायेंगे।

शिकायत पर उठाया गया कूड़ा

काफी दिनों से नहीं पहुंच रहे थे सफाईकर्मी

चन्दौसी। गणेश कॉलोनी में पिछले चार माह से कूड़ा कलैक्शन करने की व्यवस्था भंग थी। केवल सफाईकर्मी सफाई करने के बाद ठेलों से घरों से कूड़ा उठाते थे। उसके बदले में कालोनी वालों से ३० रु. प्रतिमाह दिया जा रहा था परंतु पिछले दस दिनों से कूड़ा कलैक्शन की व्यवस्था भंग हो गयी। गणेश कॉलोनी गली 08ए के लोग थैलियों में कूड़ा भरकर दूसरे स्थानों पर फेंककर सफाई व्यवस्था में लगे। वहीं जो लोग कॉलोनी से कूड़ा फेंकने नहीं जा सकते थे, उनके द्वारा नानकचंद इंटर कॉलेज के बराबर गोदाम के पीछे कूड़ा डाला जा रहा है जिससे काफी मात्रा में कूड़ा एकत्रित हो गया है जिसकी शिकायत सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह, सफाई निरीक्षक सुनील सिंह

द्वारा की गयी। तत्काल सूचना ठेकेदार तक पहुंचायी गयी। आखिर शिकायत पर डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन वाले जाग गये। सोमवार को ठेकेदार द्वार सफाईकर्मियों को भेजा गया जिससे लगभग बीस घरों से आठ दिनों बाद कूड़ा उठ सका। मौहल्ले के सभी लोगों ने अपने घरों से थैलियों में रखे कूड़े को कूड़ादान में डाला। ठेकेदान ने फोन नंबर 7987695094 पर शिकायत कराने की बात कही। फिलहाल गणेश कॉलोनी की गली नंबर 08 ए के लोगों को अब राहत मिल गयी। आठ दिनों बाद कर्मचारियों द्वारा कूड़ा उठा लिया गया।

डीएम ने निलंबन कर प्राथमिक विद्यालय वहीपुर गुन्नौर से किया सम्बद्ध

चन्दौसी। कैथल में उच्च प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी डा० राजेन्द्र पैंसिया द्वारा प्रधानाध्यापिका द्वारा शिक्षण कार्य, बच्चों की नामांकन संख्या में गड़बड़ एवं प्रवेश आदि पर ध्यान न देने में चौकिंग के दौरान प्रधानाध्यापिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथल को अब विकासखंड गुन्नौर वहीपुर पट्टी स्थित प्राथमिक विद्यालय से सम्बद्ध किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी बनियाखेड़ा के पत्र सं० 77-86/2025-26 में कहा गया कि 05 अप्रैल को उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापिका अर्चना व गीता, अनुद. ेशक सुनीता सागर व शिखा शर्मा, कमलेश उपस्थित मिलीं। कुल नामांकित १५९ छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 20-25 ही उपस्थित मिले। रसोई घर में खुली हल्दी, मानकों के अनुसार तेल मसालों का प्रयोग नहीं किया गया।

कक्षा 06 में प्रवेश लेने वाले छात्रों से संपर्क नहीं किया गया। स्कूल चलो अभियान की गतिविधि शून्य रहने पर तथा विद्यालय बर्तन क्रय करने हेतु 20 हजार रु. की धनराशि आयी। बिल में अंकित 100 गिलासों के सापेक्ष 80 गिलास मिले। जर्जर रसोई को बिना सक्षम की अनुमति से तकनीकी समिति के मूल्यांकन तथा बिना नीलामी के खुर्द बुर्द कर दिया गया। वहीं आरोप पाया गया कि प्रधानाध्यापिका कक्षा में बिना टीका लगाए ही बच्चों को विद्यालय आने देती है। कलावा आदि पहनने पर आपित्त जताती है और व्रत व त्यौहारों को मनाने के लिए बच्चों से मना करती है, इस कारण विद्यालय का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अद्यतन सूची के अनुसार ही विक्रित भूमि का मूल्यांकन किया जाएगा: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जिलाधिकारी/ कलैक्टर मुरादाबाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टांप (संपत्ति मूल्यांकन) नियमावली 1997 के नियम 4(2) यथा संशोधित 2013 में प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जनपद मुरादाबाद में दिनांक 01.09.2024 से प्रभावी मूल्यांकन सूची के सामान्य अनुदेशकों के क्रमांक 23/24 पर उल्लिखित निर्देश में निम्नवत संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि उपनिबंधक सदर प्रथम/द्वितीय/ठाकुरद्वारा के सामान्य अनुदेश क्रमांक 23 एवं उप निबंधक बिलारी /कांठ के सामान्य अनुदेश क्रमांक 24 में दिए गये निर्देश जिसमें उप जिलाधिकारी /तहसीलदार से समय-समय पर प्राप्त सड़क एवं घोषित आबादी/ आबादी के निकट एवं राष्ट्रीय /राज्य मार्ग, जनपदीय मार्ग एवं लिंक मार्ग आदि के खसरा नम्बरान व कृषि भूमि के खसरा नम्बरान की अद्यतन सूची के अनुसार ही विक्रित भूमि का मूल्यांकन किया जाएगा। यदि कोई खसरा नंबर सड़क, आबादी, आबादी के समीप एवं लिंक मार्ग पर स्थित खसरा नंबरों की सूची में अंकित है लेकिन मौके पर वह नंबर सड़क, आबादी, आबादी के समीप एवं लिंक मार्ग पर स्थित नहीं है, तो उसका मूल्यांकन वास्तविक स्थिति के अनुसार उप जिलाधिकारी/तहसीलदार से प्राप्त आख्या संलग्न करते हुए जो विलेख का भाग होगी, से संतुष्ट होने पर तदनुसार किया जाएगा के स्थान पर निम्नवत् संशोधित निर्देश को रख दिया जायेगा।

शाह टाइम्स
सम्पादकीय
मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

महंगाई के झटके जारी

विभिन्न तरह की समस्याओं से जूझ रही देश की जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी के रसोई घर पर हमला किया है। रसोई गैस का सिलेंडर अब और महंगा खरीदना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। इतना ही नहीं उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गई है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। हालांकि राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम अभी नहीं बढ़ेंगे। बताते चलें कि तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर एलपीजी की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्तओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। सरकार का कहना है कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है। उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। हालांकि आम आदमी के लिए राहत वाली बात मानी जा सकती है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। केंद्र सरकार ने पेट्रोल -डीजल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी है। द ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपये लीटर और डीजल पर 15.80 रुपये लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपये लीटर और डीजल पर 17.80 रुपये लीटर ड्यटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा।सरकार भले ही सफाई देकर आम आदमी को बहलाने की कोशिश करती रहे, लेकिन इस सच को झुठलाया नहीं जा सकता कि केंद्र सरकार अभी तक आम आदमी को महंगाई की मार से निजात दिलाने में पूरी तरह से नाकाम नजर आई है

साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं

महात्मा बुद्ध व बाबासाहेब जैसे महापुरुष की प्रतिमाओं को हटाने पर सीतापुर में हुआ विवाद एक बड़ी सियासी साजिश की ओर इशारा कर रहा है, सब जानते हैं कि वो कौन हैं, जिनके इशारे पर प्रशासन ऐसा प्रहार कर रहा है, शोषित-वंचित समाज की जागरूकता नई चेतना बनकर उभर रही है, इन साजिशों की उम्र अब बहुत लंबी नहीं बची है, भाजपा षड्यन्त्रकारी पार्टी है, समाज में नफरत फैलाती है, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ती है, भाजपा पीडीए विरोधी है, भाजपा ने पीडीए के हर सम्मान और आरक्षण को छीना है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा के लोग घबराए हुए हैं, भाजपा सरकार में पीडीए के साथ षड्यंत्र हो रहा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के साथ बाबा साहब के विरोत्रियों का हर स्तर पर मुकाबला करने को तैयार है।

अखिलेश यादव
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

टैरिफ बम की बारिश में भारत व चीन 1 अप्रैल 1950 का दिन भूल गए

1 अप्रैल 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया, कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे, दो दिग्गज देश चीन और भारत इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है

अशोक भाटिया

दरअसल पूरे सप्ताह डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ बम की बारिश में एक महत्वपूर्ण तारीख की अनदेखी होने की उम्मीद थी, लेकिन अमेरिकी शासकों के वर्तमान सिंहपर्णी काल के मद्देनजर उस घटना के महत्व को अब भी उजागर किया जाना चाहिए। वह तारीख 1 अप्रैल थी, ठीक 75 साल पहले, 1 अप्रैल, 1950 को, जब भारत और चीन के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंध स्थापित हुए तब भारत में पंडित जवाहरलाल नेहरू के रूप में एक ऐसा नेता थे जिसकी वैश्विक छाप थी। अंग्रेजों को गए अभी तीन साल ही हुए थे, इसलिए कुछ हद तक पश्चिमी मुख्यधारा का मीडिया भारत पर ध्यान दे रहा था। यह संभावना नहीं थी कि भारत और चीन भविष्य में सबसे अधिक आबादी वाले देश और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं बन जाएंगे। दूसरा देश कुशल श्रम का सबसे बड़ा निर्यातक है, और कई मामलों में दुनिया का अग्रणी बाजार है।

अलग-अलग समय पर विभिन्न चीनी शासकों ने यह देखने की इच्छा व्यक्त की कि अगर ये दोनों देश एक साथ आते हैं तो क्या होगा। गौरतलब है कि 1 अप्रैल, 1950 को भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला गैर-समाजवादी ब्लॉक देश बन गया। कुछ ही दिनों में हम इस रिश्ते की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दो दिग्गज देश-चीन और भारत-इस विशाल और विविधतापूर्ण भूभाग के हृदय में बसे हैं, उनकी नियति एक-दूसरे से अपरिवर्तनीय रूप से जुड़ी हुई है। जैसा कि वांग यी ने उल्लेख किया, माओ ने चीन और भारत के सामंजस्यपूर्ण ढंग से मिलकर काम करने के महत्व का वर्णन करने के लिए 'ड्रैगन और हाथी के सहकारी पा डे डेक्स' के रूपक का उपयोग किया। 300 बिलियन से अधिक आबादी वाले ये देश न केवल एशिया बल्कि पूरी दुनिया के भविष्य को आकार देने की शक्ति रखते हैं। फिर भी, उनके आर्थिक उत्थान और गहरे ऐतिहा. सिक संबंधों के बावजूद, उनके रिश्ते में गहरी उलझन बनी हुई है, जो संदेह, असुरक्षा और संघर्ष की एक अनसुलझी विरासत से भरी हुई है। अगर एशिया में शांति बनी रहनी है, तो यह इस सवाल पर निर्भर करता है। क्या भारत और चीन इतिहास के बोझ को कम कर सकते हैं और सहयोग, सम्मान और स्थिरता का भविष्य बना सकते हैं?

फिर भी, हाल के महीनों में बदलाव के संकेत मिले हैं। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ज़रूरत दोहराई-यह एक ऐसा बयान था जो वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को स्वीकार करता है और इस बात की मौन स्वीकृति भी है कि भारत और चीन के बीच संघर्ष न केवल एशिया के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी होगा। भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने प्रयास में मोदी, चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने के महत्व के प्रति पूरी तरह जागरूक हो गए हैं, तथा मतभेद की जगह संवाद, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक फोकस को प्राथमिकता दे रहे हैं। अतीत को दरकिनार कर भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने के अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण के प्रति उनके जोर को घरेलू स्तर पर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

अपने देश के उत्थान से उत्साहित भारतीय राष्ट्रवादियों ने चीन के साथ रिश्ते बनाने की समझदारी पर सवाल उठाया है और सरकार पर भारत की संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया है। लेकिन यह एक ज़रूरी बातचीत है-जो पक्षपातपूर्ण राजनीति और कट्टर राष्ट्रवाद से परे है, और इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि भारत और पूरे एशिया के लिए क्या सबसे अच्छा है। वास्तव में, शुरू से ही चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी था। आज इसे बहुत अवमानना से बदल दिया गया हो सकता है। आज, यहां के लोग अक्सर आश्चर्य करते हैं कि क्यों। यद्यपि भारत को चीनी सरकार के माध्यम से एक 'अक्षम, आलसी' देश के रूप में वर्णित किया जाता है, भारत का महत्व एक सीमा से परे है, पहली सोवियत रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका नई सहस्राब्दी में, कमोबेश यूरोप, हमेशा जापान। चीनी नेतृत्व इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकता और न ही इंकार कर सकता है कि यह हाल के दिनों में अरब राज्यों की नजर में हमेशा रहा है!

चीन ने तिब्बत के ब्रिटिश सीमांकन को मंजूरी नहीं दी। जापान ने चीन पर कई आक्रमण किए यहां तक कि कई वर्षों तक अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। चीन आज उस पुराने 'दर्द' को जला रहा है, क्योंकि उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दशक में चीनी आधिपत्य में चीनी संस्कृतिवाद को जोड़ा। 1995 तक, चीन की अर्थव्यवस्था गति और विस्तार के मापदंडों पर भारत से पीछे थी। मानव इतिहास में यह दूसरा उदाहरण नहीं है कि किसी देश ने किसी भी देश पर आक्रमण किए बिना 20 वर्षों की अवधि में इतनी तेजी से आर्थिक प्रगति की है। चीन की प्रगति न केवल आर्थिक मोर्चे पर थी, यह तकनीकी प्रगति पर हावी थी, न ही यह सैन्य बल वृद्धि से प्रेरित थी। अंतरमहाद्वीपीय मिसा. इलें, लड़ाकू विमान, लड़ाकू युद्धपोतों और लंबी दूरी की पनडुब्बियों को चीन की जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं के संयोजन के माध्यम से बड़े पैमाने पर और तेजी से बनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में, जहां रूस का महत्व कम हो गया था और यह धारणा थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब दुश्मन नहीं था, चीन ने आसानी से उस स्थान पर कब्जा कर लिया। आज, व्यापार युद्ध में और रणनीतिक संदर्भ में, यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियां निर्धारित की जाती हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन से डरता है। यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान भारत बहुत पिछड़ रहा था। यही है, अर्थव्यवस्था का भी विस्तार हो रहा था, लेकिन चीन की दौड़ की तुलना में, हम केवल डुडुडुडु चला रहे थे। 1962 के युद्ध में, चीन ने भारत के कुछ क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोशिश की। यह कुछ हद तक सफल रहा। शी के युद्ध के कारण, चीन ने पूर्वी लद्दाख, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख के हिस्से पर कब्जा करने की कोशिश की। यह सच था कि यह भारत सरकार और सेना की सतर्कता से उचित था। लेकिन यह भी सच है कि 2020 में आक्रामक हुए चीन ने 2023 के अंत में और 2024 में खुद ही बातचीत शुरू कर दी थी। ऐसा क्यों होना चाहिए था? इससे पता चलता है कि भारत के मामले में चीनी शासकों की नीति में कोई संगति नहीं है। कभी अवमानना, कभी अवमानना, कभी सम्मान होता है। ऐसा लगता है कि 'सम्मान अवधि' होनी चाहिए। पिछले साल चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल गया। लेकिन इस व्यापार में भी, इस व्यापार में चीन का हिस्सा 85.1 बिलियन डॉलर जितना बड़ा है। बातचीत के माध्यम से विवादास्पद मुद्दों को हल करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की चीन की बात हाल ही में बढ़ रही है। पाकिस्तान के अलावा, चीन का कोई भी सहयोगी भारत के प्रति सीधे शत्रुतापूर्ण नहीं है।

बुलढाणा में फैली गंजेपन की समस्या...

अर्पिता व्यास

लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं, तीन दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे, चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया, त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है, प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है, यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा ज़िले के गांवों में लोगों में बालों के झड़ने की एक विचित्र घटना सामने आई। बुलढाणा ज़िले के शेगांव तालुका में अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखा गया। गांव के लोग अटकलें लगाने लगे कि यह किसी वायरस की वजह से हो रहा है। तत्काल हुई जांचों में पता चला कि बोंडगांव और खातखेड़ के पानी में नाइट्रेट काफी ज्यादा मात्रा में है और साथ ही उसमें कुल घुलित लवण यानी **TDS** भी अधिक था। यह पता लगा कि पानी पीने के लिए सही नहीं है। यह अनुमान लगाया गया कि शायद यही बाल झड़ने का कारण हो सकता है।

लोगों में बाल झड़ने की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। 3 दिन में लगभग 51 व्यक्ति गंजे हो चुके थे। चिकित्सा विभाग ने उस क्षेत्र का एक सर्वे किया। त्वचा रोग विशेषज्ञ भी गांव पहुंच गए। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाल झड़ना एक कवक (फफूंद) के संक्रमण के कारण हो रहा है जो संदूषित पानी से फैल रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत बालों की जड़ों में खुजली होने से होती है, उसके बाद बाल पतले होने लगते हैं। फिर 3 दिनों में पूरे बाल झड़ जाते है और पूरी तरह गंजापन आ जाता है। यहां तक कि दाढ़ी के बाल भी गिर जाते हैं।

हालांकि संदूषित पानी को ही कारण माना जा रहा था फिर भी जांच आगे जारी रखी गई। त्वचा और पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए। पानी के अत्यधिक संदूषित होने के कारण उसका उपयोग प्रतिबंधित करके गांव वालों के लिए दूसरे स्रोतों से पानी उपलब्ध करवाया गया। अन्य स्रोत से पानी देने लगे तो लगा कि अब और मामले नहीं बढ़ेंगे लेकिन मामले तो बढ़ते ही जा रहे थे। पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (**ICMR**) से आई टीम ने जांच में पाया था कि प्रभावित लोगों में सेलेनियम की मात्रा अधिक है जो शायद बालों के झड़ने का कारण है। सेले. नियम राशन की दुकान से वितरित गेहूं में अधिक पाया गया था। अलबत्ता, टीम ने पक्का निष्कर्ष नहीं दिया था कि यही बाल झड़ने का कारण है। गेहूं के नमूने जांच के लिए वारणी एनालिटिक्स लैब, ठाणे पहुंचाए गए। वहां बिना धुले गेहूं में सेलेनियम 14.52 मि.ग्रा./कि.ग्रा पाया गया और धुले हुए गेहूं में 13.61 मि.ग्रा./कि.ग्रा जबकि गेहूं में सेले. नियम की सामान्य मात्रा 0.1 से 1.9 मि.ग्रा./कि.ग्रा होती है। यानी इस गेहूं में सेलेनियम की मात्रा सामान्य अधिकतम मात्रा से 8 गुना अधिक थी। राशन के गेहूं के पैकेट्स को चेक किया गया तो देखा कि ये पंजाब से आए थे।

इसी तरह, 2000 के दशक के शुरू में पंजाब के दो ज़िलों होशियारपुर और नवांशहर में भी बालों के झड़ने की घटनाएं हुई थीं। ये दोनों ज़िले शिवालिक पर्वतों की तराई में स्थित हैं। तब यहां सेलेनियम नदियों की बाढ़ से आए पानी के साथ आया था। एक अन्य रिपोर्ट में प्रभावित लोगों के खून में ज़िंक की कमी भी पाई गई जो बालों की वृद्धि लिए उत्तरदाई है। सेलेनियम की वृद्धि और ज़िंक की कमी, दोनों कारणों से बाल झड़ने की घटनाएं हुई। 15 गांव के लगभग 300 लोग प्रभावित हुए। अच्छी बात यह है कि कुछ वक्त में लोगों के बाल वापस आ गए क्योंकि बालों की जड़ें सलामत थीं।



स्रोत फीसर्च

वक्फ कानून में संशोधन किस लिए...

विनीत नारायण

देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा

वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर की भूमिका और विवादों में हाई कोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है, लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलेक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाई कोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है, जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था, जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी।

वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुकसान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलेक्टर, जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है, तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है, तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है।

जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संत. ुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवे. दनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है, तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

मकड़ियों की पतली कमर

कई लोगों को मकड़ियों से नफरत होती है और कई लोगों को उनसे डर भी लगता है-इसी भावना को व्यक्त करने के लिए बना है शब्द एरेक्नेफोबिया। लेकिन वैज्ञानिकों को मकड़ियों की एक बात आकर्षित करती है-उनकी पतली कमर। कहते तो यहां तक हैं कि जिस रेत-घड़ीनुमा फिगर की कामना कई तारिकाएं करती हैं, वह मकड़ियों को तो सहज ही मिल गया है। और अब प्लॉस बायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध पत्र बताता है कि इसके लिए मकड़ियों को डाएटिंग वगैरह नहीं करना पड़ता, बल्कि यह एक प्राचीन जीन का कमाल है। इस शोध पत्र के लेखकों - विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय की एमिली सेटन और उनके साथियों-ने दक्षिण-पूर्वी कोलोरैडो के घास के मैदानों में तफरीह करते हुए टेक्सास ब्राउन टॅरॅटुला (**Aphonopelma hentzi**) नामक मकड़ी के भ्रूण इकट्ठे किए। इन भ्रूणों के जीनोम के अनुक्रमण से उन्हें 12 ऐसे जीन्स मिले जो कमर के दोनों ओर की कोशिकाओं में विकास के दौरान अभिव्यक्त होते हैं। आम घरेलू मकड़ी (**Parasteatoda tepidariorum**) के भ्रूणों में इन 12 जीन्स को एक-एक करके निष्क्रिय करने पर पता चला कि इनमें से एक (जिसे नाम दिया गया है **waist&less**) कमर के उस विशिष्ट पिचके हुए हिस्से के लिए ज़िम्मेदार होता है जो मकड़ी के शरीर को दो भागों में बांटता है। जिन भ्रूणों में यह जीन नहीं होता वे एकदम गोल-मटोल आठ टांग वाली मकड़ी में विकसित हो जाते हैं। शोधकर्ताओं का मत है कि **waista&less** जीन लाखों साल पहले अस्तित्व में आया था और कई प्रजातियों के भ्रूणीय विकास में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन कीटों व केंकड़ानुमा जंतुओं ने इसे गंवा दिया। मकड़ियों में यह बना रहा और उन्हें उनकी पतली कमर देता रहा।

स्रोत फीसर्च

> बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है, यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए करीब 3,300 करोड़ रुपये देने का वादा किया है। पाक से मिलकर बांग्लादेश की ये सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं।

बांग्लादेश ने कोलकाता के पास चीन को सौंपा पोर्ट, भारत चिंतित

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया जारी है। BIMSTEC समिट में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भी यूनुस सरकार ने चीन और पाकिस्तान को रणनीतिक जगहों पर अहम प्रोजेक्ट सौंप दिए हैं। इनमें एक पोर्ट और एक एयरबेस शामिल है। बांग्लादेश ने भारत के कोलकाता से सिर्फ 200 किमी दूर मोंगला पोर्ट के विस्तार की जिम्मेदारी चीन को दी है। यूनुस की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान इस डील पर मुहर लगी थी। चीन ने इस पोर्ट के डेवलपमेंट के लिए 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,300 करोड़ रुपये) देने का वादा किया है। वहीं, बांग्लादेशी सरकार लालमोनिरहाट जिले में एक सैन्य एयरबेस बना रही है, जो भारत के चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर से सिर्फ 120 किमी दूर है। इस एयरबेस के लिए बांग्लादेशी पायलटों को पाकिस्तान भेजा जा रहा है ताकि वे पाकिस्तानी JF-17 फाइटर जेट्स उड़ाना सीख सकें। 27 मार्च को पांच अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा भी गया। चीन पहले ही बांग्लादेश को पनडुब्बी दे चुका है और अब वह बंगाल की खाड़ी में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रहा है। वहीं, पाकिस्तान के साथ मिलकर बांग्लादेश की ए सैन्य गतिविधियां भारत की चिंता बढ़ा रही हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले ही विपक्षी गठबंधन ने इंडिया आउट कैंपेन शुरू कर दिया था। अब यूनुस की पार्टी NCP खुलेआम भारत विरोधी बातें कर रही है। पार्टी के स्थापना दिवस पर पाकिस्तान के हाई कमिश्नर को बुलाना भी इसी एजेंडे का हिस्सा माना जा रहा है। यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड (चारों ओर से जमीन से घिरे) कहा और कहा कि बांग्लादेश उनके लिए समुद्र तक पहुंच का इकलौता रास्ता है। इस बयान पर पूर्वोत्तर भारत के



नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कुछ ने यहां तक कहा कि बांग्लादेश को तोड़ देना चाहिए। चिटगांव यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर डॉ. फारिदुल आलम ने कहा कि आज के दौर में किसी बड़े पड़ोसी देश से दुश्मनी रखकर फायदा नहीं हो सकता। सरकार को चाहिए कि वह भारत के साथ शांति बनाए रखे, वरना इसका नुकसान उसे ही होगा।

अंटार्कटिका में चीन ने नए रेडियो टेलीस्कोप का किया अनावरण

बीजिंग। चीन ने वायुमंडलीय क्षेत्र में अपनी ताकत को और मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाया है। इसके तहत चीन ने अंटार्कटिका में एक नई दूरबीन का अनावरण किया है, जिससे इस बर्फीले और संसाधन से भरे पूरे महाद्वीप पर उसकी उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। बता दें कि इस दूरबीन का नाम थ्री गार्जेस अंटार्कटिक आई है, और यह 3.2 मीटर एपर्चर वाली रेडियो/मिलीमीटर-वेव दूरबीन है। इसे चीन के थ्री गार्जेस यूनिवर्सिटी (सीटीजीयू) और शंघाई नार्मल यूनिवर्सिटी (एसएचएनयू) द्वारा सह-विकसित किया गया है। इस विषय में जारी विज्ञाप्ति में बताया गया है कि चीन का यह कदम अंटार्कटिक में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दूरबीन अंटार्कटिका की प्राचीन और शुद्ध वायुमंडलीय स्थितियों का लाभ उठाकर इन्फ्रारेड और मिलीमीटर-कंपन की समीक्षा में

मदद करेगी, जिससे ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने में सहायता मिलेगी।

चीन अंटार्कटिका में अपने वैज्ञानिक अनुसंधान को लगातार बढ़ा रहा है। तीन साल पहले 2022 में उसने अपना पांचवां विशाल अनुसंधान स्टेशन शुरू किया था। इस स्टेशन में 5,244 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र है और यह गर्मियों के दौरान 80 अभियान दल के सदस्यों और सर्दियों में 30 सदस्यों को सहायक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं से लैस है। गौरतलब है कि वर्तमान में अंटार्कटिका में 70 स्थाई अनुसंधान स्टेशन हैं, जो पृथ्वी के विभिन्न महाद्वीपों के 29 देशों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के पास अंटार्कटिका में दो सक्रिय अनुसंधान स्टेशन हैं, मैत्री और भारती। वहीं, अमेरिका के पास छह और आस्ट्रेलिया के पास तीन अनुसंधान स्टेशन हैं। हालांकि ध्यान देने योग्य बात ए है कि चीन ने 1983 में अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो अंटार्कटिका को एक प्राकृतिक रिजर्व के रूप में नामित करती है और यहां वाणिज्यिक संसाधन निष्कर्षण को प्रतिबंधित करती है।

हज से पहले भारत समेत 14 देशों पर लगी बड़ी पाबंदी

भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा रोका, नए नियम तोड़ने पर पांच साल का एंट्री बैन, जिनके पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक पहुंच सकते हैं

रियाद। सऊदी अरब ने बिना रजिस्ट्रेशन हज में शामिल होने वालों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान समेत 14 देशों के वीजा पर रोक लगा दी है। यह रोक अस्थाई है। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों के पास उमरा का वीजा है वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। इस साल हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि कई विदेशी नागरिक उमरा या विजिट वीजा पर सऊदी अरब आते हैं। वीजा खत्म होने के बाद भी वे गैर-कानूनी तौर पर सऊदी में रुके रहते हैं। इसके बाद वे बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा में हिस्सा लेते हैं। इसी को रोकने के लिए सऊदी सरकार ने यह फैसला लिया है। बिना रजिस्ट्रेशन हज यात्रा करने से अधिक. ारियों को श्रद्धालुओं का अंदाजा नहीं लगता है। भीड़ अचानक बढ़ जाती है और गर्मी भी। भीड़ का नियंत्रण करने में भी अधिकारियों को दिक्कत आती है। गैर-कानूनी तौर पर काम कर रहेरू अधिकारियों ने बताया कि अवैध कामकाज भी एक बड़ा कारण है। कुछ विदेशी नागरिक व्यापार या पारिवारिक वीजा का इस्तेमाल कर सऊदी अरब में गैर-कानूनी रूप से काम कर रहे थे, जिससे वीजा नियमों का उल्लंघन हो रहा था और मजदूरी बाजार में असंतुलन पैदा हो रहा था। 2024 में हज यात्रा 14 जून से 29 जून के दौरान रखी गई थी। हज यात्रा में बहुत ज्यादा तीर्थयात्रियों के आने से गर्मी का प्रभाव बढ़ गया था। इसके चलते कम से कम 1,200 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें 98 भारतीय भी शामिल थे। सऊदी अरब में हज के लिए एक कोटा प्रणाली लागू है, जिसके तहत हर देश के तय संख्या में हज यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति दी जाती है। इंडोनेशिया का कोटा सबसे ज्यादा है। इसके बाद पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, नाइजीरिया का नंबर है। ईरान, तुर्किए, मिस्र, इथियोपिया समेत कई देशों के श्रद्धालु आते हैं। 2025 में किए गए हज एग्रीमेंट पर भारत और सऊदी ने दस्तखत किए। इसमें हज के लिए 1,75,025 श्रद्धालुओं का कोटा फाइनल हुआ। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय हज कमेटी को और 30 प्रतिशत प्राइवेट टूर एजेंट्स को दिया गया है। भारत में 2025 के हज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक किया गया। पिछले साल हज यात्रा में शामिल होने 1,75,000 भारतीय मक्का पहुंचे थे। 98 श्रद्धालु भीड़ और गर्मी की वजह से मारे गए थे।

सऊदी अधिकारियों ने कहा है कि 13 अप्रैल 2025 उमरा वीजा जारी करने की अंतिम तारीख होगी। इस तारीख के बाद, इन 14 देशों के नागरिकों को हज यात्रा पूरी होने तक नए वीजा नहीं दिए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को वीजा प्रक्रिया को और कड़ा करने के निर्देश दिए हैं। सऊदी हज और उमरा मंत्रालय ने साफ किया है कि यह कदम किसी भी राजनयिक विवाद से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हज यात्रा को सुरक्षित और बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए लिया गया फैसला है। हर साल हजारों यात्री ऐसे होते हैं, जिनके पास हज के लिए वीजा नहीं होता है। पैसों की कमी की वजह से इस तरह के यात्री गलत तरीकों से मक्का पहुंचते हैं। पिछले साल भी हज से पहले बिना रजिस्ट्रेशन वाले हजारों हज यात्रियों को मक्का से हटाया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। 2023 में हज पर गए 240 हज यात्रियों की मौत हुई थी। इनमें से ज्यादातर इंडोनेशिया के थे।

मुर्मू दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर लिस्बन पहुंची

लिस्बन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार रात पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंची, जहां वह पुर्तगाली नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है तथा ऐसे समय हो रही है जब भारत और पुर्तगाल अपने राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। भारत की ओर से पुर्तगाल की अंतिम राजकीय यात्रा 1998 में राष्ट्रपति के. आर. नारायणन ने की थी। श्रीमती मुर्मू की पुर्तगाल यात्रा राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा के निमंत्रण पर हो रही है। श्रीमती मुर्मू अपने समकक्ष राष्ट्रपति डी सूसा से मुलाक. ात करेंगी और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको से भी मुलाकात करेंगी। भारत और पुर्तगाल के बीच ऐतिहा. सिक और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं।

गाजा पर इजरायली बर्बरता जारी, 44 की मौत

यरूशलम/गाजा। हमास के रॉकेट हमलों के जवाब में किए गए इजरायली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 44 फलस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि कब्जे वाले पश्चिमी तट पर संघर्ष के दौरान इजरायली सेना ने एक 14 वर्षीय फलस्तीनी मूल के अमेरिकी किशोर को गोली मार दी। हिसा तब और बढ़ गई, जब हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कस्साम ब्रिगेड ने रविवार को दक्षिणी इजरायल में रॉकेट दागे, जिसे समूह ने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायली नरसंहार का प्रतिशोध बताया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रॉकेट हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया और पूरी ताकत से जवाब देने की कसम खाई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने अधिकतर रॉकेट रोके, लेकिन अश्कलोन में एक रॉकेट से तीन लोग घायल हो गए। जवाब में, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने डेर अल-बलाह सहित मध्य गाजा में संदिग्ध रॉकेट लॉन्च स्थलों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलों के दौरान रात भर लगातार विस्फोट होते रहे। इजरायल ने 18 मार्च को गाजा में बड़े पैमाने पर हवाई और जमीनी अभियान फिर से शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने रविवार को पहले कहा कि इन नए हमलों में करीब 1,335 फलस्तीनी मारे गए हैं और 3,297 अन्य घायल हुए हैं।

College Code- 1223

Islamia Degree College, Deoband, Saharanpur

Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to AKTU Lucknow

Applications are invited to the following post for MCA & MBA Programmes

Designation	MCA Programme No. of Post	MBA Programme No. of Post
Professor	01	01
Associate Professor	01	01
Assistant Professor	04	02

Last date for Receiving Applications at the institute by E-mail on idcdeoband@gmail.com or by post is :15/04/2025

Qualifications and Pay scale for the teaching staff as per AICTE and UGC Guidelines.

Candidates should carry all the original documents, Experience Certificate, identity Proof (Aadhar card and Pan Card) and 2 Passport size Photographs at the time of interview

Preference will be given to experienced candidates.

Address: Near indra Park Deoband, Distt.- Saharanpur,(U.P.)
Contact: +91 8755525452, +91 9045143298

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश

CMS & ED

करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।

(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)

जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।

DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene

BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..

सम्पर्क करें।

डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499